वर्ष : 17 अंक : 254 लखनऊ मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



धनश्री वर्मा की निजी जिंदगी का उड़ा मजाक 10

सूबे के हर जिले में होगा व्यापक प्रदर्शन 2
आजाद भारत के महानायक डॉ. अम्बेडकर का संकल्प 6
जीएसटी सुधार पीएम का दीपावली का उपहार 12

## यूपी में जाति लिखने पर होगा वाहनों का चालान

### एफआईआर में आरोपी की जाति भी नहीं लिखी जायेगी, जातिगत रैलियों पर भी लगी रोक

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने जातीय भेदभाव रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पुलिस रिकॉर्ड, नोटिस बोर्ड और गिरफ्तारी मेमो में आरोपी की जाति का जिक्र नहीं किया जाएगा। खास बात यह है कि आरोपी के पिता के नाम के साथ अब माता का नाम भी दर्ज किया जाएगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद रविवार को कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने ये आदेश जारी किया। उन्होंने कहा- समाज में जातीय विभाजन बढ़ाने वाली किसी भी प्रवृत्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाहनों पर जाति लिखकर घूमने वालों का चालान होगा। जातीय स्टिकर-नारे हटाए जाएंगे। जाति आधारित रैलियों पर अब प्रतिबंध रहेगा।

आदेश के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जाति को बढ़ावा देने या किसी जाति की निंदा करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस FIR दर्ज करेगी। सिर्फ उन्हीं मामलों में जाति दर्ज करने की अनुमति होगी, जहां कानूनी बाध्यता है- जैसे कि एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज केस। कस्बों और शहरों में लगे ऐसे बोर्ड, जिनमें किसी जाति का महिमामंडन किया



गया हो, उन्हें तुरंत हटाया जाएगा। आगे से ऐसे बोर्ड लगाने पर सख्ती होगी।

सड़कों पर कई बार गाड़ियों पर 'जाट हूं', 'ठाकुर साहब', 'पंडित जी' जैसे स्लोगन लिखे दिखते हैं। अब ऐसे वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान होगा। पुलिस को आदेश है कि ऐसे सभी स्टिकर और नारे हटवाए जाएं।

दरअसल इटावा के जसवंत नगर थाने की पुलिस ने 29 अप्रैल, 2023 को स्कॉर्पियो गाड़ी रोकी थी, जिसमें प्रवीण छेत्री सहित तीन लोग पकड़े गए। वाहन से 106 बोतल व्हिस्की बरामद हुई, जो हरियाणा में बिक्री के लिए थी। साथ ही फर्जी नंबर प्लेट भी मिली। बरामदगी मेमो में अभियुक्तों की जाति माली, पहाड़ी राजपूत और ठाकुर लिखी गई थी।

इसके आधार पर एक और कार को रोका गया, जिसमें से 254 और बोतल शराब बरामद हुई। दूसरी गाड़ी के मालिक की जाति पंजाबी पाराशर और ब्राह्मण के रूप में दर्ज थी। आरोपियों ने हरियाणा से बिहार में शराब तस्करी करने और प्रवीण छेत्री को अपना गैंग लीडर बताने की बात कबूल की थी।

इसके बाद प्रवीण छेत्री आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 16 सितंबर को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इस मामले की FIR और जब्ती मेमो में जाति लिखने पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा- यह प्रथा कानूनी गलत है, जो संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करती है और लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती है।

इसके बाद हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि पुलिस रिकॉर्ड और सार्वजनिक जगहों पर जाति आधारित चीजें नहीं होनी चाहिए। FIR, गिरफ्तारी मेमो, बरामदगी रिपोर्ट और फाइनल रिपोर्ट में जाति का कॉलम हटाया जाए।

युवाओं में जातिवाद विरोधी जागरूकता बढ़ाने के लिए इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वॉट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने को कहा था। इसके अलावा, नागरिक शिकायत के लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप बनाने का सुझाव भी दिया गया था।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शराब तस्करी से जुड़े एक आपराधिक मामले को रद करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए एफआईआर और जब्ती मेमो में अभियुक्त की जाति का उल्लेख करने की प्रथा को तत्काल समाप्त करने को कहा था। अपने निर्णय में न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने इसे कानूनी भ्रांति व पहचान की प्रोफाइलिंग बताते हुए कहा कि यह संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करती है। यह भारत में संवैधानिक लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती है।

कोर्ट ने प्रदेश सरकार को पुलिस दस्तावेजीकरण प्रक्रियाओं में व्यापक बदलाव करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक फार्मों से अभियुक्तों, मुखबिरों और गवाहों की जाति से संबंधित समस्त कालम और प्रविष्टियों को हटाने का आदेश दिया है। अपर मुख्य सचिव गृह, डीजीपी के परामर्श से स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करें।

### किसी का घर धुलवाने के भेदभाव पर क्या होगा?



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर तंज कसा। लिखा- 5000 सालों से मन में बसे जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए क्या किया जाएगा? वस्त्र, वेशभूषा और प्रतीक चिह्नों के जरिए जाति-प्रदर्शन से उपजे जातिगत भेदभाव को मिटाने के लिए क्या किया जाएगा? किसी के मिलने पर नाम से पहले 'जाति' पूछने की जातिगत भेदभाव की मानसिकता को खत्म करने के लिए क्या किया जाएगा? किसी का घर धुलवाने की जातिगत भेदभाव की सोच का अंत करने के लिए क्या उपाय किया जाएगा? किसी पर झूठे और अपमानजनक आरोप लगाकर बदनाम करने के जातिगत भेदभाव से भरी साजिशों को समाप्त करने के लिए क्या किया जाएगा?

## बिना जंग के ही पीओके मिलेगा भारत को : राजनाथ

### ऑपरेशन सिंदूर शुरू हो सकता है दोबारा

विश्ववार्ता ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत को बिना किसी लड़ाई या हमले के अपने आप मिल जाएगा। पीओके के लोग खुद आजादी की मांग कर रहे हैं और एक दिन वे कहेंगे, 'मैं भी भारत हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि आपरेशन सिंदूर दोबारा शुरू हो सकता है।

राजनाथ सिंह ने यह बात मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने याद दिलाया कि पांच साल पहले कश्मीर में सेना के एक कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। यह बयान उस समय आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि हमने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पीओके को कब्जाने का मौका गंवा दिया गया। उस समय भारतीय वायुसेना ने कई पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराए थे, लेकिन सरकार ने सीजफायर मान लिया।

दरअसल, राजनाथ सिंह दो दिन के दौरे पर मोरक्को पहुंचे हैं। यहां उन्होंने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के नए व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। यह अफ्रीका में किसी भारतीय रक्षा कंपनी का पहला संयंत्र है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन सीडीएस, तीनों सेनाध्यक्षों और रक्षा सचिव के साथ बैठक में उन्होंने पूछा था कि अगर सरकार आदेश दे तो क्या सेना तैयार है। सिंह ने बताया कि उन्होंने बिना एक पल गंवाए कहा कि बिल्कुल तैयार हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने हमें पूरी छूट दी और आपने नतीजा देखा कि सीमा पर नहीं, बल्कि 100 किमी अंदर जाकर आतंकी ठिकाने तबाह किए गए।

## कांग्रेस ने नॉर्थईस्ट को नजरअंदाज किया : मोदी

### हम 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी मानते हैं, त्रिपुरा में री-डेवलप्ड त्रिपुर सुंदरी मंदिर का किया उद्घाटन

एजेंसी

**ईटानगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के दौरे पर हैं। उन्होंने अरुणाचल के ईटानगर में 5,100 करोड़ रुपए के नए प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल को कांग्रेस ने नजरअंदाज किया। हमारा पूरा नॉर्थ ईस्ट छूट गया। जब मुझे सेवा का अवसर दिया तो मैंने कांग्रेसी सोच से देश को मुक्ति दिलाई। हमारी प्रेरणा इसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं, नेशन फर्स्ट की भावना है।

पीएम ने कहा- जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। इसलिए जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने भुला दिया था वो 2014 के बाद विकास की प्राथमिकता बन गया है। हमने नॉर्थ ईस्ट





में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को अपनी सरकार की पहचान बनाया और यहां के 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी माना है। नॉर्थ-ईस्ट में 8 राज्य अरुणाचल, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं।

अरुणाचल के बाद पीएम मोदी त्रिपुरा पहुंचे। उन्होंने माताबाड़ी स्थित री-डेवलप्ड माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर का उद्घाटन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में एक प्रदर्शनी को भी देखा। यह मंदिर 51 'शक्ति पीठों' में से एक है। मंदिर का पुनर्निर्माण 52 करोड़ रुपए की लागत से हुआ है। पीएम मोदी ने अरुणाचल में कहा कि यहां का हर व्यक्ति शौर्य और साहस का प्रतीक है। अरुणाचल मैं कई बार आया हूं। इसलिए यहां की ढेर सारी यादें मेरे साथ जुड़ी हुई हैं। उनका स्मरण भी मुझे भी अच्छा लगता है। तवांग मठ से लेकर स्वर्ण पगोडा तक अरुणाचल शांति का संगम हैं, मां भारती का गौरव है। मैं इस पुण्यभूमि को प्रणाम करता हूं। मैं यहां तीन वजहों से आया।

पहली- आज मुझे यहां सुंदर पर्वतों के दर्शन का सौभाग्य मिला। नवरात्र के पहले दिन आज सब मां शैलपुत्री की पूजा करते हैं जो पर्वतराज हिमालय की बेटी हैं। दूसरी वजह आज से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो रहा है। जनता जर्नादन को डबल बोनांजा मिला है।

## पाक ने अपने लोगों पर गिराये बम, 30 की मौत

### पूरे देश में मचा बवाल, सेना का आरोप- तालिबान यहां बना रहा था बम

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की वायुसेना ने खैबर पख्तूनख्वा के एक गांव में बम बरसाए हैं, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई है। इन लोगों में महिलाओं और बच्चों समेत ज्यादातर निर्दोष नागरिक शामिल हैं। पाक का कहना है कि तालिबान यहां बम बना रहा था। इस घटना को लेकर बवाल मच गया है और मानवाधिकार आयोग ने इस मामले में जांच की मांग की है। आयोग ने कहा कि इस वाकये के जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए। आयोग की ओर से कहा गया कि महिलाओं और बच्चों को जीवन जीने का अधिकार है। ऐसे में उनकी निर्मम हत्या किया जाना बेहद क्रूर है और इसकी न्यायिक जांच करके जिम्मेदार लोगों को सजा दी जाए। आयोग ने कहा कि यह



बेहद दुखद है कि आम नागरिकों को इस तरह मार डाला गया। इन लोगों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। आयोग ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के तिराह जिले में यह बमबारी हुई है। हमारी डिमांड है कि इस मामले में तुरंत जांच बिठाई जाए और जिम्मेदारों पर ऐक्शन हो। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि आम लोगों के जीवन की रक्षा हो। पाकिस्तान की विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ ने भी इस घटना को लेकर हमला बोला है। ये हमले आम लोगों के घरों पर हुए हैं। आसमान से बम गिराए गए, जिसमें मकान नेस्तनाबूद हो गए। इसमें महिलाएं और बच्चे तक मारे गए।

दरअसल खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी में 22 सितंबर 2025 को कथित रूप से पाकिस्तान एयर फोर्स के लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई बमबारी की गई, जिसमें कम से कम 24 से 30 नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह घटना रविवार देर रात करीब 2 बजे मत्रे दारा गांव में हुई, जब स्थानीय सूत्रों के अनुसार जेएफ-17 लड़ाकू विमानों ने आठ एलएस-6 बम गिराए, जिससे कई घर तबाह हो गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। मलबे से अब तक 20 शव निकाले जा चुके हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। खैबर पख्तूनख्वा के विधायक अब्दुल गफ्फार अफरीदी ने कहा, 'अगर तिराह अकाखेल में हमारे अपने रक्षकों ने निर्दोष बच्चों, युवाओं और महिलाओं को बेरहमी से शहीद कर दिया है, तो यह मानवता के खिलाफ खुला अपराध है।'

## पीएम का पैकज पंजाब के साथ अन्याय : राहुल

### बाढ़ से 20 हजार करोड़ का नुकसान और पैकेज सिर्फ 16 हजार करोड़ का

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से घोषित प्रारंभिक राहत पैकेज पर सवाल उठाया है। उन्होंने इसे पंजाब के लोगों के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से एक बड़ा राहत पैकेज जारी करने की अपील की है।

राहुल गांधी ने पोस्ट में एक 10 मिनट का वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें लोगों से हुई उनकी बातचीत शामिल है। यह बातचीत उन्होंने बाढ़ आने के बाद पंजाब दौरे के दौरान लोगों से की थी। बता दें कि बीते सोमवार को ही राहुल गांधी पंजाब के दौरे पर आए थे।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट में लिखा है- पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। ऐसे में



प्रधानमंत्री की ओर से घोषित 1600 करोड़ का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने लिखा- लाखों घर उजड़ गए, 4 लाख एकड़ से ज्यादा की फसल बर्बाद हो गई और बड़ी संख्या में जानवर बह गए हैं। फिर भी पंजाब के लोगों ने अद्भुत हिम्मत और जज्बा दिखाया है।

राहुल गांधी ने लिखा- मुझे पूरा विश्वास है कि वे (पंजाब के लोग) एक बार फिर पंजाब को खड़ा करेंगे, उन्हें बस सहारे और मजबूती की जरूरत है। मैं प्रधानमंत्री से फिर से आग्रह करता हूं कि तुरंत एक व्यापक राहत पैकेज जारी करें।

राहुल गांधी ने करीब 10 मिनट का वीडियो जारी किया है, जिसमें 8 सीन हैं। पहले सीन में कुछ लोग एक जगह बैठे दिख रहे हैं। राहुल लोगों से सवाल करते हैं कि आप सबके घर बह गए। कितना टाइम लगा पानी आने में? लोगों ने जवाब दिया 15 से बीस मिनट। इसके बाद माधोपुर में एक इमारत के गिरने का सीन वीडियो में दिखता है।

एक व्यक्ति राहुल गांधी को बता रहा है कि अचानक पानी आना शुरू हो गया। इसके बाद वे छत पर चढ़ गए। इसके बाद बाढ़ का दृश्य दिखता है, जिसके बाद एक व्यक्ति अपनी आपबीती बताता है। कैसे उसके पशु बहे। फिर महिला कहती है कि एक दिन में धूंसी टूटी गई। इसके बाद सब कुछ हो गया।

## रिहाई का परवाना पहुंचा जेल आज होगी आज़म की रिहाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** जिला जेल में पिछले करीब दो साल से सजा काट रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खां की कल मंगलवार को 23 महीने बाद जेल से रिहाई होगी। उन्हें हाईकोर्ट से राहत मिल गयी है जिसके बाद से उनके समर्थकों में बेहद उत्साह है।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खां के सितारे पिछले कुछ समय से गर्दिश में हैं। पहले उन्हें बेटे अब्दुल्ला आज़म और पत्नी तज़ीम फात्मा के साथ इस जेल में तब रहना पड़ा था जब उनके विरुद्ध एक के बाद एक ताबड़तोड़ मुकदमे दर्ज किए गए। इन मुकदमों में उन्हें अदालतों से राहत मिली तो उसके बाद फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने उन्हें कुसूरवार ठहराते हुए सज़ा सुना दी जिसके बाद उन्हें कैदी के रूप में सीतापुर जेल शिफ्ट कर दिया गया। तबसे अभी तक वे सीतापुर जेल में ही सज़ा काट रहे हैं अब हाईकोर्ट ने उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया है जिसके बाद उनकी रिहाई की सारी औपचारिकताएं आज पूरी कर ली गई हैं और कल सुबह उन्हें जेल से रिहा होने की उम्मीद की जा रही है।

## 40-40 लाख के इनामी 'कोसा दादा' और 'राजू दादा' ढेर

### लाल आतंक के खिलाफ सुरक्षा बलों को कामयाबी, महाराष्ट्र सीमा पर मुठभेड़

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की सीमा पर नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में केंद्रीय कमेटी के दो खूंखार नक्सली मारे गए हैं, जिन पर 40-40 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह इनाम सिर्फ छत्तीसगढ़ में घोषित था। दूसरें राज्यों में कितना इनाम था यह अभी सामने नहीं आया है। दोनों नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ के कई थानों में अपराध दर्ज है। जवानों ने हथियार और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद किया है। इसे नक्सलवाद पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

नारायणपुर के एसपी रॉबिन्सन ने बताया कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के बार्डर पर नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में यह मुठभेड़ हुई थी। बड़ी संख्या में माओवादियों की सूचना पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। मुठभेड़



में मारे गए माओवादी कैडरों के शवों की पहचान सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय कमेटी के सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी के रूप में हुई है। दोनों पर छत्तीसगढ़ राज्य में 40-40 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, एक इंसास राइफल, एक बीजीएल लॉन्चर, भारी मात्रा में विस्फोटक, माओवादी साहित्य और अन्य सामग्री बरामद की गई है।

एसपी ने बताया कि दोनों मारे गए नक्सलियों के आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य राज्यों, एजेंसियों द्वारा घोषित इनाम से संबंधित विवरण एकत्रित किए जा रहे हैं। बता दें कि केंद्रीय समिति के दोनों सदस्य राजू दादा और कोसा दादा पिछले तीन दशकों से दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति में सक्रिय थे। अनेक हिंसक घटनाओं के मास्टरमाइंड रहे हैं, जिनमें कई जवान शहीद हुए और निर्दोष नागरिकों की जानें गईं।

बस्तर रेंज आईजी सुन्दरराज पी. ने कहा कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन के खिलाफ चलाए जा रहे निर्णायक अभियानों से नक्सल संगठन को भारी नुकसान हुआ है। आईजी ने कहा कि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर सरेंडर कर दें नहीं तो मुठभेड़ में मरना तय है। बता दें कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन मार्च-2025 तय की गई है।

## पायलट को विमान हाइजैक की आशंका, 9 हिरासत में

**वाराणसी।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेंगलुरु-वाराणसी विमान का उड़ान के दौरान हवा में कॉकपिट खोलने की कोशिश के बाद हाइजैक की आशंका के मद्देनजर नौ पैसेंजर को लैंडिग के बाद हिरासत में लेकर वाराणसी में पूछताछ चल रही है। सोमवार की सुबह 10.22 बजे वाराणसी पहुंचे विमान में दो यात्रियों ने कॉकपिट के गेट के बगल में बने कोड पैनल में कुछ नंबर डाला, जिससे पायलटों को अलर्ट आया कि कोई कॉकपिट में घुसना चाहता है।

पायलट ने सीसीटीवी कैमरे में अनजान चेहरों को देखकर रिक्वेस्ट रिजेक्ट कर दिया। पैसेंजर्स ने यह कोशिश बार-बार की और पायलट ने हर बार कॉकपिट खोलने के आग्रह को रिजेक्ट कर दिया। बता दें कि ज्यादातर हवाई जहाज के कॉकपिट को अंदर से ही खोला जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के जजों की सुस्ती पर बरस पड़े मिलॉर्ड?

### जजों के लिए भी बननी चाहिए गाइड लाइन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाने में देरी को लेकर हाईकोर्ट के जजों पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा है कि एक तरफ जहां हाईकोर्ट के कुछ जज दिन रात एक कर पूरी निष्ठा के साथ काम करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ जज अपना काम समय पर पूरा नहीं करते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय स्कूल प्रिंसिपल की तरह काम नहीं करना चाहता, लेकिन कोर्ट में मामले लंबित ना रहे इसे सुनिश्चित करने के लिए जजों का मूल्यांकन भी जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी आपराधिक मामलों से जुड़ी अपीलों पर की है, जहां कुछ आजीवन और मृत्युदंड की सजा पाए दोषियों ने यह आरोप लगाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है कि झारखंड हाईकोर्ट ने सालों से फैसला सुरक्षित रखा और उनकी आपराधिक अपीलों पर फैसला नहीं सुनाया गया। इस पर जस्टिस कांत ने कहा कि कुछ जजों की आदत होती है कि वे मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि यह जजों की छवि के लिए खतरनाक हो सकता है और पूर्व में कुछ जजों के साथ ऐसा हुआ भी है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हर जज के पास खुद को इवेल्यूट करने का एक पैमाना होना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹हर जज के पास एक स्व-प्रबंधन प्रणाली होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके डेस्क पर फाइलों की ढेर ना लगे।₹ सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, "कुछ जज दिन-रात काम करते हैं और मामलों का जल्द से जल्द निपटान भी कर रहे हैं। लेकिन साथ ही, कुछ जज ऐसे भी हैं जो दुर्भाग्य से काम पूरा नहीं कर पाते हैं। कारण चाहे जो भी हों, अच्छे या बुरे।"



पीठ ने आगे कहा, "मान लीजिए कि कोई जज किसी आपराधिक अपील की सुनवाई कर रहा है, तो हम उससे एक दिन में 50 मामलों का फैसला करने की उम्मीद नहीं करते और एक दिन में एक आपराधिक अपील का फैसला करना अपने आप में एक बहुत बड़ी बात होगी।

### मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर करें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी।

मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक डॉजियर (दस्तावेज) तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा।

सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा। 2017 में दिल्ली की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने मीडिया संस्थान के एडिटर और डिप्टी एडिटर को मानहानि मामले में समन भेजा था। 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने यह समन रद्द कर दिया। लेकिन 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए केस को दोबारा मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेज दिया।

इसके बाद मई 2025 में हाईकोर्ट ने फिर से समन को सही ठहराया। इसके खिलाफ मीडिया संस्थान और डिप्टी एडिटर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया कि अब नया कानून भारतीय न्याय संहिता लागू है। इसके सेक्शन 223 के अनुसार केस की सुनवाई शुरुआती स्तर पर ही होनी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट का मानना है कि चूंकि शिकायत 2016 की है, इसलिए नया कानून लागू नहीं होगा।

दरअसल, भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में शामिल है जहां मानहानि को अब भी आपराधिक अपराध माना जाता है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है।

## न्यूयार्क में जयशंकर ने की रूबियो से मुलाकात

**न्यूयार्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को न्यूयॉर्क में अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के साथ महत्वपूर्ण वार्ता की। 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के दौरान आयोजित इस बैठक में दोनों नेताओं ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे का अभिवादन किया और हाथ मिलाया। यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत की रूसी तेल खरीद के प्रतिक्रिया में भारतीय उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न व्यापारिक विवाद के बाद उनकी पहली आमने-सामने की बातचीत थी। हाल के दिनों में दोनों देशों के संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिले थे, लेकिन अब सुधार के संकेत मिल रहे हैं।

इस लंबे इंतजार वाली बैठक के आधिकारिक विवरण अभी जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन व्यापारिक दृष्टिकोण से इसे अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एक नजर

### जनता अब झूठे जश्न और फर्जी उत्सवों में नहीं बहलने वाली : लोकदल

**लखनऊ।** देश में जीएसटी को लेकर उत्सव मनाए जाने को लेकर लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि देश की जनता पर जबरन थोपे गए बढ़े हुए जीएसटी और महंगाई को लेकर सरकार ने खुलेआम जश्न मनाया था। आज वही सरकार कह रही है कि जीएसटी कम कर दिया गया है और फिर से उत्सव मनाया जाए। सुनील सिंह ने सरकार से पूछा है, क्या जनता की लूट का उत्सव मनाना ही अब "अमृतकाल" है? क्या महंगाई की मार झेलते गरीब और मध्यम वर्ग के दर्द को ढकने के लिए ही सरकार ढोल-नगाड़े बजा रही है? जनता से वसूले गए अतिरिक्त कर और उनकी बरबाद हुई कमाई का हिसाब कौन देगा? महंगाई और करों की आग में जलती जनता को राहत देने के बजाय सरकार अपनी असफलताओं को उपलब्धि बताकर उत्सव मना रही है। जनता के धैर्य की भी एक सीमा होती है। जनता अब झूठे जश्न और फर्जी उत्सवों में नहीं बहलने वाली महंगाई और जीएसटी के नाम पर जनता को लूटने वाली यह सरकार आने वाले चुनाव में जनता के प्रकोप का सामना करेगी।

### एसबीआई कार्ड ने 'खुशियाँ अनलिमिटेड' कैंपेन के साथ अपने फेस्टिव ऑफर 2025 की शुरुआत की

**लखनऊ।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने 'खुशियाँ अनलिमिटेड' कैंपेन की शुरुआत के साथ, पूरे देश में 2025 के फेस्टिव सीजन के लिए कई तरह के रोमांचक ऑफर्स पेश किए हैं। ग्राहक देश के टियर 2 और टियर 3 श्रेणी के शहरों सहित 2900 से ज्यादा शहरों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर मर्चेंट की ओर से दिए जाने वाले 1,250 से ज्यादा ऑफर्स, कैशबैक और तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये फेस्टिव ऑफर्स घरेलू सामानों, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, गहने, ई-कॉमर्स और किराना जैसे सभी प्रमुख श्रेणियों पर लागू हैं। ज्यादा कीमत वाली खरीदारी को कार्डधारकों के लिए अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, एसबीआई कार्ड ने ईएमआई को ध्यान में रखकर कई मशहूर ब्रांड्स के सहयोग से कई ऑफर भी पेश किए हैं इस उत्सव के माहौल में चार चांद लगाने के लिए, एसबीआई कार्ड अपने प्रमुख भागीदार ब्रांड्स से खरीदारी पर इंस्टेंट डिस्काउंट का बहुत ही रोमांचक ऑफर दे रहा है, जिसमें अमेज़न, रिलायंस रिटेल ग्रुप, मैक्स, रेमंड्स, मोटे कार्लो और इसी तरह के कई दूसरे ब्रांड शामिल हैं। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड की ओर से कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप जैसी लोकप्रिय श्रेणियों में ईएमआई को ध्यान में रखकर ऑफर की पेशकश की गई है, जिनमें 27.5% तक की तत्काल छूट भी शामिल है। फेस्टिव ऑफर के तहत शुरू की गई इस पहल में भाग लेने वाले प्रमुख ब्रांड्स में सैमसंग, हायर, एलजी, सोनी, ओप्पो, वीवो, पैनासोनिक, व्हर्लपूल, बॉश, आईएफबी, एप्पी, लॉयड आदि शामिल हैं। ऑफर्स और डिस्काउंट के इतनी बड़ी रेंज के साथ, एसबीआई कार्ड अपने ग्राहकों के लिए कुल मिलाकर खरीदारी के अनुभव को बेहतर बना रहा है, जो ज़्यादा बचत, बेमिसाल सुविधा और बेजोड़ कीमतों की वजह से उनके लिए और भी फायदेमंद हो गया है।

### रबी सीजन हेतु उर्वरक आपूर्ति की तैयारी तेज करने के निर्देश



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कृषि निदेशालय, लखनऊ में दो महत्वपूर्ण बैठकें कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की। पहली बैठक में कृषि मंत्री ने प्रमुख सचिव कृषि एवं निदेशक कृषि के साथ आगामी रबी सीजन हेतु उर्वरक की आपूर्ति और उपलब्धता पर चर्चा की। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंपनियों को दिए गए आपूर्ति लक्ष्य समय से पूरे कराए जाएं और प्राथमिकता के आधार पर वितरण व्यवस्था को गति दी जाए।इसके बाद कृषि मंत्री ने लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, अयोध्या, कानपुर नगर व कानपुर देहात जनपदों के होलसेलरों और उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान यूरिया एवं अन्य प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता, बिक्री की स्थिति, निर्धारित दर पर वितरण, टैगिंग व्यवस्था तथा आपूर्ति तंत्र की समीक्षा की गई।मंत्री शाही ने बैठक में एक-एक कर होलसेलरों से वार्ता की और उनकी समस्याओं को सुना। कई बिंदुओं का समाधान बैठक में ही अधिकारियों के माध्यम से कराया गया। उन्होंने संबंधित जिलों के कृषि अधिकारियों से भी फीडबैक लिया और वितरण व्यवस्था पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि यूरिया व अन्य उर्वरकों की बिक्री केवल भारत सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर ही की जाए। इससे अधिक मूल्य वसूलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी क्योंकि यह न केवल लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन है बल्कि किसानों के हितों के विपरीत भी है। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि कंपनियां समयबद्ध तरीके से किसानों तक उर्वरक पहुंचाएं। उक्त सभी 10 जनपदों में स्टॉक व वितरण की स्थिति की निगरानी कृषि विभाग नियमित रूप से करे। निर्धारित एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वाले होलसेलरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों को कतार में खड़ा न होना पड़े, इसके लिए आपूर्ति व्यवस्था तेज और पारदर्शी बनाई जाए। कृषि अधिकारी जिला स्तर पर नियमित निरीक्षण करें। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को समय पर उचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस अवसर पर प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, कृषि निदेशक डॉ. पंकज कुमार त्रिपाठी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुष विभाग 23 सितम्बर को 10 वां आयुर्वेद दिवस मनायेगा

**लखनऊ।** आयुर्वेद, विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है, आयुर्वेद का उद्भव भगवान धन्वन्तरि से माना जाता है। भगवान धन्वंतरि के जन्मोत्सव के रूप में दीपावली के पूर्व धनतेरस वाले दिन धन्वंतरि जयंती मनायी जाती है। प्रत्येक वर्ष धनतेरस की तिथि में उतार-चढ़ाव (अक्टूबर-नवम्बर) के कारण आयुर्वेद दिवस मनाने के लिए किसी निश्चित वार्षिक तिथि का अभाव था। धनतेरस की तिथि हर वर्ष बदलती रहती है, जिस कारण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समारोह आयोजन में व्यवहारिक अड़चनें आ रही थीं। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 से आयुर्वेद दिवस 23 सितम्बर को मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। 23 सितंबर को दिन और रात लगभग बराबर होते हैं। यह स्थिति वैज्ञानिक और प्रतीकात्मक रूप से उपयुक्त है। यह खगोलीय घटना आयुर्वेद दर्शन के अनुरूप प्रकृति में संतुलन का प्रतीक है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन पर जोर देता है। लखनऊ के 1090 चौराहा से जनेश्वर मिश्र पार्क तक दिनांक-23 सितम्बर, 2025 को प्रातः 8:00 बजे जनसामान्य को आयुर्वेद में वर्णित दिनचर्या, आहार को अपनाते हुये, स्वस्थ रहने के लिये जागरूक करने के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारम्भ आयुष मंत्री एवं प्रमुख सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा झण्डा दिखाकर किया जायेगा। 23 सितंबर, 2025 को राजकीय आयुर्वेद कालेज टुड़ियागंज, लखनऊ में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु', राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एम0ओ0एस0, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा पूर्वान्ह 9:30 बजे किया जाएगा।

# सूबे के हर जिले में होगा व्यापक प्रदर्शन

## डिस्कॉम एसोशिएशन की मदद से बनाये गये निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न देने की मुख्य सचिव से अपील

- लगातार आन्दोलन के 300 दिन पूरे होने पर 23 सितम्बर को लखनऊ सहित समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन की तैयारी
- गोरखपुर में स्मार्ट मीटर घोटाले में जीनस कम्पनी को बचाने के लिए अभियंताओं को निलंबित करने से गुस्सा फूटा




विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को नवरात्र के पहले दिन पुनः कार्यभार ग्रहण करने पर अपनी शुभ कामनाएं दी हैं।

संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव से अपील की है कि वे आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की मदद से पवार कारपोरेशन द्वारा तैयार किए गए निजीकरण के संशोधित आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न दें। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 300 दिन पूरा होने पर 23 सितम्बर को संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जनपदों में बिजली कर्मी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। 23 सितम्बर का विरोध प्रदर्शन जनपदों के पावर कारपोरेशन के सबसे बड़े कार्यालय पर किया जायेगा। राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर विरोध प्रदर्शन होगा। संघर्ष समिति ने कहा कि नवरात्र और रामलीला को दृष्टि में रखते हुए विरोध प्रदर्शन भोजन अवकाश अथवा कार्यालय समय के उपरान्त किया जाएगा जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो और उपभोक्ताओं को कोई कठिनाई न हो। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि निजीकरण की प्रक्रिया में आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की पूरी दखलंदाजी चल रही है और निजीकरण का संशोधित आरएफपी डॉक्यूमेंट निजी घरानों की मिली भगत से डिस्कॉम एसोशिएशन द्वारा तैयार किया गया है जिससे पहले से तय निजी घरानों को लाभ पहुंचाया जा सके। संघर्ष समिति ने कहा यह बहुत ही गंभीर मामला है अतः उत्तर प्रदेश सरकार को किसी भी स्थिति में मंजूरी नहीं देनी चाहिए और निजीकरण का निर्णय निरस्त करना चाहिए। संघर्ष समिति ने गोरखपुर और बस्ती क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी मेसर्स जीनस द्वारा विभाग के द्वारा रिजेक्टेड लिस्ट को अभियंताओं की आईडी से छेड़छाड़ कर 17 सितम्बर की आधी रात में अप्रूव करने के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही मेसर्स जीनस द्वारा किए गए रीडिंग घोटाले को छुपाने के लिए गोरखपुर के पाँच अभियंताओं को निलंबित करने की निन्दा करते हुए कहा है कि इसकी जाँच कराई जाय तो बहुत बड़ा स्मार्ट मीटर घोटाला सामने आएगा। संघर्ष समिति ने निलम्बित अभियंताओं को तत्काल बहाल करने की मांग की है। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

## जनहित के मुद्दों पर सदन से लेकर सड़क तक के संघर्षों से प्रेरित करें



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा सांसद द्वारा किए जा रहे।

जनहित के मुद्दों पर सदन से लेकर सड़क तक के संघर्षों से प्रेरित होकर आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष जनपद सीतापुर से नगर पालिका परिषद महमूदाबाद से पार्षद रहे अजय द्विवेदी एडवोकेट ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अजय द्विवेदी एडवोकेट के साथ सदस्यता ग्रहण करने आए हुए लोगों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर एवं पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई एवं उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर की अध्यक्ष श्रीमती ममता वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर अली आसिफ जमा रिज़वी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ अमित कुमार राय, एफएएस चर्चिल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। एडवोकेट अजय द्विवेदी के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अविनाश प्रताप सिंह, इमरान मोहम्मद, मो0 तारीक राहुल पांडे, इरफान, सिराज अहमद, अविरल द्विवेदी, अतिकुर रहमान, राम सुचित सहित भारी संख्या में उनके समर्थक शामिल रहे।

## दीपक के परिजनों की वेदना में सीएम ने लगाया आर्थिक मदद व संवेदना का मरहम

- परिजनों से मिले सीएम, दिया पांच लाख रुपये का चेक
- दिया भरोसा, हत्या में शामिल पशु तस्करों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**गोरखपुर।** दुख और विपदा की घड़ी में हर व्यक्ति के साथ एक अभिभावक जैसे खड़े रहना, उसकी वेदना में संवेदना के साथ भरपूर मदद करना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की विशिष्ट पहचान है। दुखी-पीड़ित के प्रति उनकी संवेदनशीलता और आत्मीयता का सजीव दर्शन सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में एक बार फिर देखने को मिला। बीते दिनों पशु तस्करों के हमले में मृत दीपक गुप्ता के परिजनों से मिलकर सीएम योगी ने न केवल उनकी पीड़ा पर संवेदना का मरहम लगाया बल्कि आर्थिक सहायता देकर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके रहते परिवार को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया कि घटना में शामिल एक भी बदमाश को बख्शा नहीं नहीं जाएगा। सबके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के साथ कठोर सजा दिलाई जाएगी। 15/16 सितंबर की रात पिपराइच थानांतर्गत महुआचाफी गांव में पशु तस्करों ने दीपक गुप्ता की हत्या कर दी थी। इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि ग्रामीणों की पिटाई से घायल पशु तस्कर गिरोह के एक सदस्य की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार दीपक के परिजनों के सम्पर्क में बने हुए थे। इस बीच गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह दीपक गुप्ता के पिता दुर्गेश गुप्ता, मां और अन्य परिजनों से गोरखनाथ मंदिर के अपने बैठक कक्ष में मुलाकात की।

## जनकल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दें अधिकारी : मुख्यमंत्री

### हर जरूरतमंद को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : सीएम योगी

- जनता दर्शन में 250 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर शक्ति की उपासना से पहले जनसेवा की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने राशन कार्ड न होने की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्या को संवेदनशीलता से देखें। राशन कार्ड की व्यवस्था के साथ पात्रता के अनुसार पेंशन योजना का भी लाभ दिलाएं। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गरीबों की जमीन पर कब्जा न होने देने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। सीएम योगी ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**देव दीपावली : ऐतिहासिक और भव्य बनाने की तैयारियों में जुटी योगी सरकार**

## 10 लाख दीपों से रोशन होंगे काशी के अर्धचंद्राकार घाट

विश्ववार्ता ब्यूरो

**वाराणसी।** योगी सरकार देव दीपावली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने की तैयारियों में जुट गई है। प्रांतीय मेला के रूप में घोषित देव दीपावली 5 नवंबर को मनाई जाएगी। इस पर वाराणसी के घाटों को 10 लाख से अधिक दीपों से रोशन किये जाने की योजना है। इनमें से करीब एक लाख दीप गाय के गोबर से बने होंगे। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

देव दीपावली पर दीपों की माला पहने हुए काशी के अर्धचंद्राकार घाटों की अलौकिक व अद्भुत छटा दिखाई देगी। देव दीपावली के अनुपम दृश्य को देखने बड़ी संख्या में देशी और विदेशी मेहमान काशी आते हैं। देव दीपावली पर लेजर शो और ग्रीन आतिशबाजी भी होगी।

**सरकार व जनसहभागिता से प्रज्ज्वलित होंगे दीप**

योगी सरकार और जनसहभागिता से 10 लाख से अधिक दीप घाटों, तालाबों और कुंडों पर जगमगाते दिखेंगे। विश्वविख्यात देव दीपावली को योगी सरकार द्वारा प्रांतीय मेला घोषित किये जाने के बाद इसे और अधिक भव्य स्वरूप मिल गया है। संयुक्त निदेशक (पर्यटन) दिनेश कुमार ने बताया कि देव दीपावली पर 10.10 लाख दीपों से गंगा के घाट रोशन किये जाएंगे। इनमें से कुछ डिजाइनर दीप भी होंगे। इनमें से एक लाख दीप गाय के गोबर से बने होंगे। इसके अलावा घाटों की साफ़-सफाई होगी और गंगा किनारे के ऐतिहासिक घाटों को फसाड लाइट और इलेक्ट्रिक लाइट से रोशन किया जाएगा।

**1 से 4 नवंबर तक होगा गंगा महोत्सव**

पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि देव दीपावली से पहले 1 से 4 नवंबर तक राजघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम "गंगा महोत्सव" का आयोजन होगा। इसमें स्थानीय कलाकारों को वरीयता दी जाएगी। इसके अलावा चेत सिंह घाट पर लेज़र शो के माध्यम से काशी से जुड़ी धार्मिक कथाएं दिखाई जाएंगी। गंगा पार रेत पर प्रदूषण रहित ग्रीन आतिशबाजी का भी शो किया जाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा। देव दीपावली पर इस अनोख़ी छटा को देखने बड़ी तादाद में देश-विदेश से पर्यटक काशी आते हैं।

### मतदाताओं को नोटिस दिये जाने को लेकर सपा अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने ज्ञापन देकर कहा है कि 391-सेवापुरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के भाग संख्या-60 में 121 मतदाताओं का नाम गलत ढंग से काट दिये गये, जब कि उक्त मतदाता जीवित, अपने दर्ज पते पर स्थाई रूप से निवास कर रहे है, बगैर फार्म-7 भरे, बगैर मतदाताओं को नोटिस दिये, मनमाने ढंग से नाम काट दिये गये है, जो कि गम्भीर विषय है तथा भारत निर्वाचन आयोग के नियमों का उल्लंघन है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि उक्त शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर जांच कराई जाये, जांच में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाये, दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही किया जाये, जिससे भविष्य में पुनरावृत्ति न हो सके। ज्ञापन में गलत ढंग से काटे नामों की सूची भी दी गई है।

## परियोजना से मिलने वाली 65 फीसद विद्युत उत्तर प्रदेश को होगी प्राप्त



**लखनऊ।** ऊर्जा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। 1320 मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई (660 मेगावाट) का संचालन विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस परियोजना के उत्पादन में से 65 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे प्रदेश में न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध होगी, बल्कि उद्योगों को भी पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके चलते प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि "खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की यह इकाई उत्तर प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति का सपना साकार हो रहा है। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को लाभ होगा और औद्योगिक निवेश को और मजबूती मिलेगी।" खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना का यह शुभारंभ उत्तर प्रदेश को ऊर्जा सम्पन्न, आत्मनिर्भर और औद्योगिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### चैत्रा वी0 आईएएस ने आयुष महानिदेशक व निदेशक आयुर्वेद का कार्यभार संभाला

**लखनऊ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती चैत्रा वी0 आईएएस ने उत्तर प्रदेश के महानिदेशक आयुष एवं निदेशक आयुर्वेद के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल की महानिदेशक के पदीय दायित्वों का बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर चुकी है।कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और आयुष सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुँचाना और मरीजों को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता होगी।

## सरकार ने गलत तरीके से जीएसटी लगाकर महंगाई को बढ़ावा दिया



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महाराजा अग्रसेन की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन अग्रोदय नामक गणराज्य के महाराजा थे, जिसकी राजधानी अग्रोहा थी। वे धार्मिक, शांति दूत, बलि प्रथा को बंद करवाने वाले दयालु राजा थे श्री यादव ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने जिन जीवन मूल्यों को ग्रहण किया उनमें परम्परा व प्रयोग का संतुलित सामंजस्य अपने शासनकाल में स्थापित किया। समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। बंधुत्व और सद्भाव का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण व्यापार, कारोबार चौपट हो गया है। सरकार ने गलत तरीके से जीएसटी लगाकर महंगाई को बढ़ा दिया। मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया। महंगाई, अन्याय, अत्याचार से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। अवैध कारोबारियों को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। जमीनों, तालाबों पर अवैध कब्जे हो रहे है। पशुओं की तस्करी, नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, मिलावटखोरी और तमाम तरह के गलत काम हो रहे हैं। सरकार अवैध कामों को रोकने में विफल है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है। हत्या, लूट, बेईमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। भाजपा सरकार का पुलिस पर नियंत्रण नहीं रह गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अवधेश प्रसाद सांसद, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, पूर्व विधायक रुश्दी मियां, विधायकगण सुरेश यादव, गौरव रावत तथा हृदयनारायण सिंह पटेल, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, अपर्णा जैन राष्ट्रीय सचिव, विशाल अग्रवाल, नितेंद्र यादव, संजय अग्रवाल, विनय गुप्ता, नीरज गुप्ता, सुनील जैन, अंकुश, अमर आदि ने भी नमन किया।

**सीएम योगी के नेतृत्व में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ महिलाएं बन रही हैं बदलाव की धुरी**

## महिलाओं को नेतृत्व और निर्णायक भूमिका निभाने का अवसर दे रहा मिशन शक्ति

- कुपोषण से सुपोषण की ओर बदलाव की मिसाल बनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुजाता कुशवाहा



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण का चेहरा बदल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का नया विश्वास दिया है। इसी कड़ी में चंदौली जिले के चहनिया ब्लॉक के रामगढ़ गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुजाता कुशवाहा ने अपने अथक परिश्रम और समर्पण से यह साबित किया है कि एक महिला कैसे पूरे समाज के जीवन में रोशनी बन सकती है।

रामगढ़ गांव के हरिश्चंद्र पासवान का बेटा आदर्श गंभीर कुपोषण से जूझ रहा था। न खेलने की ताकत, न आंखों में चमक। परिवार गरीब था और पोषण व स्वच्छता की जानकारी से वंचित। ऐसे में सुजाता कुश्वाहा ने मिशन शक्ति की भावना के साथ जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने कई बार घर का दरवाजा खटखटाया, मां-बाप को समझाया कि बच्चा समय के साथ अपने आप ठीक नहीं होगा, बल्कि सही आहार और देखभाल से ही स्वस्थ हो सकता है। यह उनकी दृढ़ता थी, जिसने एक बच्चे की जिंदगी बदल दी। सुजाता ने आदर्श को आंगनबाड़ी केंद्र पर बुलाया, वजन और लंबाई की जांच करवाई, VHND सत्र पर ANM से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और जरूरी दवाएं उपलब्ध कराईं। उन्होंने परिवार को पूरक आहार की जानकारी दी कि क्या देना है, कितनी बार देना है। साथ ही साफ पानी, हाथ धोने और स्वच्छता का महत्व भी समझाया। उन्होंने अपने संसाधनों से मूंगफली पाउडर देकर पोषण का सहयोग किया। लगातार हफ्तों तक फॉलो-अप, संवाद और आहार परामर्श से नतीजा सामने आया। आदर्श का वजन और लंबाई बढ़ी और वह अब अन्य बच्चों की तरह खेलता और मुस्कुराता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महिला सशक्तीकरण केवल नारा नहीं, बल्कि समाज में बदलाव का वास्तविक माध्यम बन रहा है। मिशन शक्ति ने महिलाओं को नेतृत्व और निर्णायक भूमिका निभाने का अवसर दिया है। एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की लगन और संवेदनशीलता से न सिर्फ एक बच्चे का जीवन बदला, बल्कि पूरे परिवार में जागरूकता आई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर

पत्रांक - 1012/ स्वा0 अनु0/2025-26 | दिनाँक - 22/09/2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

### रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)

एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सीतापुर में स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत 25 वार्डों हेतु डोर-टू-डोर कलेक्शन कराये जाने हेतु ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है-

| अपलोड करने की तिथि व समय | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| दिनांक 23-09-2025 समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से | दिनांक 27-09-2025 समय अपरान्ह 05 : 00 बजे से | दिनांक 29-09-2025 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से |

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1**
नगर पालिका परिषद,
सीतापुर

# विकसित भारत का संकल्प होगा पूरा : बृजेश पाठक

## उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने राजधानी के जनपथ मार्केट में व्यापारियों से किया संवाद

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज राजधानी लखनऊ स्थित जनपथ मार्केट में भ्रमण कर व्यापारीगणो से संवाद किया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी घटाने पर सभी व्यापारी इस अवसर को जीएसटी उत्सव के रूप में मना रहे हैं। जिसके क्रम में उप मुख्यमंत्री ने भी उनके उत्सव में शामिल होकर, उनकी खुशी सांझा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की दरें घटा कर केंद्र सरकार ने सभी देशवासियों को एक अनमोल उपहार दिया है। जीएसटी घटने से बाजार की कई आवश्यक वस्तुएं सस्ती हुई हैं और इससे आम आदमी के क्रय के दायरे में आई है। उन्होंने कहा कि आज पवित्र नवरात्रि का प्रारंभ हुआ है। आने वाले दिनों में कई पवित्र त्योहार पड़ेंगे, जिसमें दशहरा, दीपावली, छठ पूजा प्रमुख हैं। इन त्यौहारों में सभी लोग अधिकाधिक मात्रा में खरीददारी करते हैं। घटी जीएसटी से और अधिक मात्रा में खरीददारी करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि लोग इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुएं की खरीद करें। स्वदेशी के प्रोत्साहन से हमारे एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। हमारे स्थानीय उत्पादों को विस्तृत बाजार मिलेगा। इससे हमारी उत्पादकता और आय दोनों बढ़ेंगी।श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थ व्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी जिससे 2047तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य हासिल होगा।





## जीएसटी दरों के कम होने से वस्तुएं सस्ती होंगी, आम उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ेगी




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रदेश में जीएसटी की दरों में कमी का लाभ 22 सितम्बर से सीधे आम जनता को मिले, यह जानने के लिए उन्होंने सोमवार को लखनऊ के अमीनाबाद मार्केट पहुंचकर वहां के दुकानदारों एवं व्यापारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कारोबारियों और ग्राहकों से संवाद कर जीएसटी की नई दरों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। व्यापारियों एवं ग्राहकों में जीएसटी की नई दरों में कमी को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाये, स्वदेशी में संतुष्टि ज्यादा है। सभी व्यापारी स्वदेशी वस्तुओं को बेचने और उपभोग पर अधिक जोर दें। वित्त मंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में जीएसटी की कम दरों को पूरे देश में लागू कर दी गई हैं। जीएसटी में यह अब तक का सबसे बड़ा रिफॉर्म है। कई वस्तुओं और सेवाओं में कर की दरों को पांच प्रतिशत या शून्य कर दिया गया है। उन्होंने अपील की कि इसका लाभ आम उपभोक्ताओं को मिले, इसके लिए कारोबारी व व्यापारी डबल इंजन सरकार द्वारा घटायी गयी जीएसटी दरों का लाभ ग्राहकों को उपलब्ध कराएं। कीमतों में कमी आने से वस्तुओं की बिक्री में वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप कारोबार और बाजार में मजबूती आयेगी। इण्डस्ट्री का पहिया तेजी से घूमेगा और रोजगार बढ़ेंगे। इस प्रकार देश एवं प्रदेश की आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि जीएसटी सुधार प्रधानमंत्री जी की ओर से देशवासियों को दीपावली का उपहार है। जीएसटी की घटी दरें रोजगार बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। इन दरों के कम होने से वस्तुएं सस्ती होंगी, इससे आम उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ेगी। क्रय शक्ति बढ़ने से मांग बढ़ेगी। मांग बढ़ने से खपत में वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन बढ़ेगा और उत्पादन बढ़ने से नए रोजगार सृजित होंगे।

## एक नजर

### गंगा हादसे में मृतक परिवार को सपा ने दी आर्थिक मदद

**कन्नौज।** ग्राम टिड़यिापुर में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने गंगा में डूबकर हुई 20 वर्षीय अंकित कुशवाहा की दुखद मृत्यु के पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी। यह कदम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार उठाया गया।जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल पीड़ित परिवार को 1 लाख रुपए की चेक दी गई।वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी बउअन, मुख्य जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन,यश कुमार दोहरे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हमेशा पीड़ितों के पक्ष में खड़े रहते हैं और हर तरह से आर्थिक मदद भी प्रदान करते हैं। परिवार के साथ समाजवादी पार्टी कंधार से कन्या मिलाकर खड़ी रहेगी कार्यकर्ता उनकी हर दुख सुख में साथ है और भविष्य में भी मदद की जाएगी इस मौके पर पी पी सिंह, अंशू पाल, विजय यादव, यशवीर भदौरिया, विवेक पाल, टिंकू पाल, नितिन यादव, शिब्बू तिवारी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, सद्दाम, गुफरान अहमद, मोहम्मद कामरान सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### 27 की विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसे कार्यकर्ता



**गुरसहायगंज कन्नौज।** समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकास कार्यों को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच ले जाने का काम करें इसके अलावा जनता की समस्या का निस्तारण करने के लिए तैयार रहें क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर तत्काल उसका समाधान भी किया गयायह बात समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कही नगर के गांधीनगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव जोश के साथ लड़ा जाएगा जिसके लिए प्रत्येक समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक विधानसभा 27 के चुनाव के संघर्ष के लिए तैयार रहे उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता डोर टू डोर लोगों के घर पहुंच कर समाजवादी पार्टी सरकार में हुए विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाने का काम करें और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का पूरा प्रयास करें इससे पहले नगर व क्षेत्र से आए कई ग्राम पंचायत के लोगों की समस्या सुनकर विचार विमर्श किया गया और अधिकारियों से निस्तारण कराया गया इस मौके पर पिंटू यादव शिल्पी यादव भूरा यादव मुजफ्फर खान शहनवाज सिद्दीकी शहीद कई समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 25 सितंबर संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पहुंचे कमी



**कन्नौज।** 1971 से पहले हम सभी लोग वित्तविहीन की स्थिति में थे वेतन नहीं था, न सेवा सुरक्षा थी न तो पेंशन थी, और न ही ग्रेट्यूटी शिक्षक एवम शिक्षणेत्तर नेताओं ने लगातार संघर्ष किया। लाठी खाई, उनके ऊपर घोड़े दौड़ाए गए, महीनो हड़ताल हुई, न जाने कितने लोग जेल गए उनको सेवा से हटाने का भी प्रयास हुआ परंतु झुके नहीं और हम सबको सब कुछ मिला साथ ही हम लोग साइकिल से सीधे कार व बाइक पर आ गए।यह विचार बृजेश वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश ने प्रकट किया कन्नौज सदर में आयोजित कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कहा की पुरानी पेंशन खत्म, सामूहिक बीमा खत्म, सभी भत्ते खत्म और अंतत: वेतन भी संकट में आने की संभावना है। निश्चित तौर पर हम लोगों को भी लाठी खाने, जेल जाने, वेतन कटौती, निलंबन की सीमा तक जाने, हड़ताल करने लिए तैयार रहना होगा अन्यथा पूरी नौकरी काल में डर- डर के ही जीना होगा और कभी भी हमारी जायज माँगे नहीं मानी जाएंगी। हमारे नेतागण पद लोलुपता के कारण टुकड़ो टुकड़ों में विभाजित हो गए हैं। निर्णय साथियों को लेना है, और उस स्तर के संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा अन्यथा कुछ नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि आपसी गुटबाजी, अपना अपना अहम छोड़कर आगामी 25 सितम्बर को अपने अपने मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पहुँचकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के द्वारा दिये जाने वाले ज्ञापन में अवश्य प्रतिभाग करें। इस मौके पर उत्तम शुक्ला महेश शुक्ला विल्सन वर्मा अभिषेक प्रताप सिंह पंकज श्रीवास्तव दीपक सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीराम ट्रस्ट में सूर्यवंशी समाज ने मांगी भागीदारी



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज ने प्रतिनिधित्व की मांग उठाई है। समाज का कहना है कि प्रभु श्रीराम स्वयं सूर्यवंशी कुल के थे, ऐसे में ट्रस्ट में एक भी सूर्यवंशी प्रतिनिधि का न होना आस्था के साथ अन्याय है।इस संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से ट्रस्ट अध्यक्ष को एक निवेदन पत्र सौंपा गया, जिसमें राजेश सिंह मानव को समाज का योग्य प्रतिनिधि बताया गया है। समाज के अनुसार वे रामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रहे हैं और उनकी धर्मनिष्ठा व समाजसेवा प्रशंसनीय रही है।सूबेदार (सेवानिवृत्त) बिशन बहादुर सिंह सहित कई पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर कर मांग की कि जब तक ट्रस्ट में सूर्यवंशी समाज की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, श्रीराम की परंपरा और मर्यादा का पूर्ण सम्मान नहीं हो सकेगा।

### जिला प्रशासन व केंद्रीय समिति का एक संयुक्त दल ने विसर्जन स्थल निर्मली कुंड का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** नवरात्र प्रारंभ होने के पूर्व ही केंद्रीय दुर्गापूजा समिति और जिला प्रशासन महोत्सव के साथ-साथ विसर्जन की तैयारी में भी जुट गया है। इसी क्रम में आज शाम जिला प्रशासन और केंद्रीय समिति का एक संयुक्त दल ने विसर्जन स्थल निर्मली कुंड का निरीक्षण किया। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मांग किया कि निर्मली कुंड पर इस वर्ष पानी नहीं है और पिछले वर्ष भी आखरी समय में पूरा घाट पट गया था और विसर्जन कार्य में बहुत बाधा पहुंची थी। विसर्जन स्थल का निरीक्षण करने वालों में सिंचाई विभाग बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता आशीष रंजन,ऐ ई राजनारायण तिवारी, ए ई संजय शुक्ला तथा नगर निगम ऐ ई और अवर अभियंता सहित केंद्रीय समिति के गगन जायसवाल,सुप्रीत कपूर,अतुल सिंह,अखिलेश पाठक, बजरंगी साहू,रोहिताश्व चंद्र राजू,अमित कन्नौजिया,अंकुश गुप्ता,रवींद्र यादव,तरुण गुप्ता डंपी,डॉ अखिलेश वैश्य,अखिल यादव, राजपूत सहित नगर निगम सिंचाई विभाग, कैंट बोर्ड सहित अन्य विभागों से तमाम अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं व शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, विद्युत आपूर्ति, जल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाएं और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की साप्ताहिक समीक्षा की जाए तथा शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए।

## पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत फूड वेंडरों को दिया गया प्रशिक्षण

**अयोध्या।** पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत चल रहे 16 दिवसीय लोक कल्याण मेला के अंतर्गत नगर निगम अयोध्या में FSSAI के माध्यम से फूड वेंडरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 22 सितम्बर 2025 को डूडा अयोध्या द्वारा आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त फूड वेंडरों को स्वच्छता, गुणवत्ता व सुरक्षित खाद्य संचालन संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त परियोजना निदेशक, अपर नगर आयुक्त परियोजना अधिकारी, डूडा अयोध्या, सहायक आयुक्त खाद्य-2 मानिक चंद्र, खाद्य विभाग से कुलदीप मिश्रा, विविध कर अधीक्षक नगर निगम, शहर मिशन प्रबंधक सुश्री गरिमा सरोज, सीएलटीसी शुभम शुक्ल, सीओ श्रीमती अनीता द्विवेदी, सबीहा शकील तथा कोमल (सीआरपी) भी उपस्थित रहीं।

## मिशन किलकारी के तहत 50 सीजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न

**बीकापुर-अयोध्या।** मिशन किलकारी के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीकापुर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बीते एक माह के भीतर केंद्र में 50 गर्भवती महिलाओं के निशुल्क सीजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं। इस उपलब्धि ने मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के अभियान को मजबूती दी है।इन सफल ऑपरेशनों में महिला सर्जन डॉ. गुंजन यादव और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सिंह की प्रमुख भूमिका रही। दोनों चिकित्सकों ने अपनी विशेषज्ञता और समर्पण से यह कार्य संपन्न किया, जिससे सभी जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव ने बताया कि केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा सेवा और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंच रहा है, जिससे उनका आर्थिक शोषण नहीं हो रहा और इलाज पर आने वाले खर्च में भी बचत हो रही है।डॉ. यादव ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सीएचसी बीकापुर में बाल रोग विशेषज्ञ की जल्द नियुक्ति की जाए, जिससे नवजात शिशुओं को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें और उनकी सेहत का विशेष ध्यान रखा जा सके।गौरतलब है कि मिशन किलकारी राज्य सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना है, जिसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है।

## ऑनलाइन विदेशी कंपनियों का करें बहिष्कार

### भारत को आर्थिक नुकसान से बचने हेतु निरंतर करें प्रयास

**कन्नौज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी की दरों में कमी के कारण ग्राहकों में उत्साह है छोटे व्यापारियों और सामान्य जनमानस को इससे प्रत्यक्ष राहत प्राप्त होने की पुरी उम्मीद है व्यापार मंडल इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करता है दुर्भाग्य है कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां इस बाजार का बड़ा भाग लगभग 25% से ले जाने की संभावना है यह दर हर वर्ष तेजी से बढ़ रही है। यह बात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे ने कही उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल स्वदेशी वस्तुओं के जन जागरण स्थानीय व्यापार स्थानीय उत्पादन स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने वाला ऑनलाइन विदेशी कंपनियों के बहिष्कार व भारत को आर्थिक नुकसान से बचने हेतु निरंतर कार्य कर रहा है संगठन के संस्थापक पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा ने आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व स्थानीय उत्पादन स्थानीय व्यापार स्थानीय पर्यटन का नारा दिया था और देश के प्रधानमंत्री अपने भाषण में कई बार स्थानीय स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने की अपील कर रहे हैं आम जनमानस व व्यापारी समाज से कहकर इस आंदोलन को जन आंदोलन का रूप दे दिया है उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा महेंद्र जैन वरिष्ठ पदाधिकारी ने निर्णय लिया है कि संगठन निरंतर चरणबद्ध रूप से इसके लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें जनपद की समस्त बाजारों में इसके निमित्त जन जागरण संबंधित स्टीकर प्रत्येक दुकानो पर संगठन पदाधिकारी द्वारा लगाए जाएंगे इसका शुभारंभ अति शीघ्र किया जाएगा जनपद के निवासी जनप्रतिनिधियों से संपर्क करके संगठन को इस अभियान से अवगत कराते हुए स्थानीय व्यापारियों और स्वदेशी वस्तुओं के अधिक से अधिक प्रयोग करने व विदेशी ऑनलाइन कंपनियों के बहिष्कार हेतु उनका समर्थन संबंधित वीडियो लेकर सोशल मीडिया में जागरूकता हेतु अधिक से अधिक शेयर करवाया जाएगा विदेशी ऑनलाइन कंपनियां न केवल हमारे स्थानीय व्यापार को भी दीर्घकालीन रूप से प्रभावित कर रही है हमें समाज को जागरूक करना है होगा ग्राहक सस्ते ऑफर के झांसे में मत आये बल्कि अपने आसपास के व्यापार को बढ़ावा दें इस मौके पर जिला अध्यक्ष राम जी अग्रवाल संजीव गुप्ता यतीश स्वरूप सक्सेना नवीन प्रकाश गुप्ता अनुराग गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अंतरजनपदीय बैटरी चोर गिरोह का भंडाफोड़, 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**अयोध्या।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने अंतरजनपदीय बैटरी चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 24 ई-रिक्शा बैटरियों की बरामदगी की है।यह जानकारी अयोध्या पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि थाना महराजगंज की पुलिस टीम ने पुलिस उपाधीक्षक/थाना प्रभारी शशि प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में संदीप दीक्षित, संजू दीक्षित, फहीम, रिजवान खा शामिल हैं।एसपी ने ये सभी अभियुक्त अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी, कानपुर, बांदा और लखनऊ जैसे जिलों में ई-रिक्शा की बैटरियां चुराने की घटनाओं में शामिल रहे हैं।घटना 16 सितम्बर 2025 को वादी मुकदमा द्वारा ई-रिक्शा बैटरी चोरी की रिपोर्ट थाना महराजगंज में दर्ज कराई गई थी। इस पर मु0अ0सं0 283/25, धारा 303(2), 317(2), 318(2), 336(3), 340(2), 112 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।जांच के दौरान ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने 21 सितम्बर 2025 को शाम के समय टंडौली क्रॉसिंग, दिलासीगंज मार्ग स्थित नहर के पास से अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

## 37 परियोजनाओं के अनुमोदन सहित लिए गए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय : मुख्य सचिव

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में अमृत 2.0 की 15वीं राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माणाधीन एवं अनुमोदित परियोजनाओं के कार्यों को निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाये। कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि शहरी जल आपूर्ति और अपशिष्ट प्रबंधन की योजनाएं जन-उपयोगी बन सकें। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद मुख्य सचिव द्वारा कुल 37 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिनमें 26 पेयजल, 07 सीवर/री-यूज, 01 पार्क एवं ग्रीन स्पेस तथा 03 सरोवर परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत सेन्टेज सहित 385036.70 लाख रुपये (लगभग 3850 करोड़ रुपये) है। पेयजल की अनुमोदित 26 परियोजनाओं से मेरठ नगर निगम, मंझनपुर नगर पालिका परिषद (कौशाम्बी), गोसाईगंज नगर पंचायत (लखनऊ), शोहरतगढ़ नगर पंचायत (सिद्धार्थनगर), चोपन नगर पंचायत (सोनभद्र), चिरगांव नगर पालिका परिषद (झांसी), गौरा बरहज नगर पालिका परिषद (देवरिया), भदोही नगर पालिका परिषद (भदोही), हापुड़ नगर पालिका परिषद (हापुड़), देवरिया नगर पालिका परिषद (देवरिया), अयोध्या नगर निगम (अयोध्या), सम्भल नगर पालिका परिषद (संभल), मैनपुरी नगर पालिका परिषद (मैनपुरी), सैयदराजा नगर पंचायत (चंदौली), छितौनी नगर पंचायत (कुशीनगर), वाराणसी नगर निगम, हरदुआगंज नगर पंचायत (अलीगढ़), कारीकां धाता नगर पंचायत (फतेहपुर), सुल्तानपुर नगर पालिका परिषद (सुल्तानपुर), उसका बाजार नगर पंचायत (सिद्धार्थनगर), हमीरपुर नगर पालिका परिषद (हमीरपुर), कुरारा नगर पंचायत (हमीरपुर), महोबा नगर पालिका परिषद (महोबा), गोहाण्डा नगर पंचायत एवं सरीला नगर पंचायत (हमीरपुर) में गृह संयोजन, नए नलकूप, रिबोरिंग, उच्च जलाशयों की मरम्मत आदि कार्य कराए जाएंगे। इन प्रयासों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ेगी तथा जल संकट से निपटने में सहायता मिलेगी। सीवरेज की 07 अनुमोदित परियोजनाओं के तहत वाराणसी नगर निगम, गोरखपुर नगर निगम तथा वाराणसी के प्रभावित वार्डों और नव विस्तारित क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने, गृह संयोजन एवं री-यूज सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जो अपशिष्ट जल प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। पार्क एवं ग्रीन स्पेस की एक परियोजना के अंतर्गत वाराणसी (छावनी बोर्ड) में 149.02 लाख रुपये की लागत से सद्भावना पार्क का निर्माण होगा, जो पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक स्थलों को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में सरोवर की 03 परियोजनाओं से नगर पंचायत भारत भारी (सिद्धार्थनगर) में करौता तालाब, नगर पालिका परिषद शिकारपुर (बुलंदशहर) में बुढ़े बाबा दौज वाला तालाब तथा नगर निगम गाजियाबाद में डूडाहेडा तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया जाएगा, जिससे जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

**राम नगरी** फिल्म अभिनेता राहुल भूचर बनेंगे श्रीराम, रावण के रूप में नजर आएंगे जाने-माने अभिनेता विजय सक्सेना

## अयोध्या में 120 फीट के मंच पर थ्रीडी तकनीक के साथ शुरू हुई रामलीला

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या लगातार आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव से निखर रही है। इसी कड़ी में भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में रामकथा पार्क में सातवें संस्करण की भव्य फिल्मी रामलीला का शुभारंभ हुआ। 120 फीट ऊंचे मंच पर थ्रीडी तकनीक के साथ शुरू हुई इस रामलीला में पहले दिन नारद मोह के प्रसंग से सबका मन मोह लिया। यह आयोजन 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस बार रामलीला की खासियत 240 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा, जो इसे और भी भव्य बनाएगा। इसके साथ ही 190 फीट ऊंचे मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का भी दहन किया जाएगा। कोरोना काल 2020 में शुरू हुई इस फिल्मी रामलीला ने हर साल अपनी भव्यता और नवाचार के साथ लोगों का ध्यान खींचा है। संस्थापक अध्यक्ष सुभाष मालिक ने बताया कि इस बार चार राज्यों के 60 कारीगरों की टीम ने इन विशाल पुतलों को तैयार किया है, जो तकनीक और कला का अनूठा संगम प्रदर्शित करेंगे। रामकथा पार्क में आयोजित इस रामलीला में फिल्मी सितारों की भागीदारी इसे और भी आकर्षक बनाती है। इस साल भगवान शंकर का किरदार बिंदु दारा सिंह, बाली का किरदार सांसद मनोज तिवारी, परशुराम का किरदार पुनीत इस्सर और केवट का किरदार रवि किशन निभा रहे हैं। इन सितारों की मौजूदगी से रामलीला में फिल्मी तड़का और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। रामलीला का मंचन अत्याधुनिक थ्रीडी तकनीक के साथ किया जा रहा है, जो दर्शकों को एक जीवंत अनुभव प्रदान करेगा। मंच की ऊंचाई और तकनीकी प्रभावों के कारण दर्शक रामायण के दृश्यों को और करीब से महसूस कर सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस बार रावण दहन का आयोजन अभूतपूर्व होगा। इस बार सीता की भूमिका मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मणिका विश्वकर्मा कर रही हैं। अयोध्या की रामलीला के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार अयोध्या की रामलीला इतिहास रचने जा रही है। इसमें रावण का रोल प्रसिद्ध कलाकार विजय सक्सेना कर रहे हैं। श्रीराम की भूमिका फिल्म अभिनेता राहुल भूचर कर रहे हैं। सुभाष मालिक ने बताया कि रामलीला न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है। इस आयोजन से अयोध्या में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। रामकथा पार्क में हर शाम हजारों की संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं, और इसका सीधा प्रसारण भी विभिन्न मंचों पर किया जा रहा है। गत वर्ष ऑनलाइन व दूरदर्शन के माध्यम से 47 करोड़ लोगों ने रामलीला देखी थी। इसका प्रसारण रोजाना शाम सात बजे से दस बजे तक दिखाई जाएगी।




**डिजिटल मीडिया के उपयोग के लिए**

अयोध्या रामलीला 2025
रामकथा पार्क रामलीला
फिल्मी रामलीला अयोध्या
रावण दहन अयोध्या
अयोध्या नवरात्र रामलीला
थ्रीडी तकनीक रामलीला
अयोध्या पर्यटन और रामलीला
मणिका विश्वकर्मा सीता
राहुल भूचर श्रीराम
विजय सक्सेना रावण
नारद मोह रामलीला
भव्य रामलीला मंच अयोध्या

## एक नजर

### आईएमए की नई इकाई गठित, राकेश अध्यक्ष व संजीव बने सचिव


डॉ राकेश मेहरोत्रा

**शाहजहांपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की सभा बरेली रोड स्थित संस्था भवन में रविवार को आयोजित हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. मुनीश चंद्रा ने परिणाम घोषित करते हुए डॉ. राकेश मेहरोत्रा को अध्यक्ष, डॉ. संजीव कनौजिया को सचिव और डॉ. रूपेश सेठ को कोषाध्यक्ष घोषित किया। पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभा में निवर्तमान सचिव डॉ. मोहित मोहन और कोष प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ ने बीते वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. बृजेन्द्र सक्सेना, डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ. अनूप अग्रवाल, डॉ. आनंद अग्रवाल, डॉ. रश्मि बहल, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. पीके गुप्ता, डॉ. विकास टंडन, डॉ. हिकमतुल्ला, डॉ. अनवार, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. रेशु अग्रवाल, डॉ. तरुण अग्रवाल, डॉ. अभिनव रस्तोगी, डॉ. राकेश दीक्षित समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे। सभा के अंत में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. एस.के. जैन ने सभी सदस्यों का आभार जताया।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत माल्यार्पण व स्वच्छता अभियान



**बरेली।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सोमवार को भारत रत्न एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान का भी आयोजन हुआ। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा पूरे देश में 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। सभी कार्यकर्ताओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और सेवा भाव से समाजहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाएं और अपने-अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में योगदान दें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सफाई और पर्यावरण संरक्षण ही स्वस्थ समाज की नींव है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा की साफ-सफाई कर उन्हें नमन किया और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ति गुप्ता, विष्णु शर्मा, रेखा श्रीवास्तव, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी, विष्णु अग्रवाल, बंटी ठाकुर, प्रवेश वर्मा, विजय अरोड़ा, संजीव शर्मा, रूपेंद्र पटेल, विपिन भास्कर, पुष्पेंद्र शुक्ला, गौरंग गौरव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**बरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव बड़े ही उत्साह और कड़े मुकाबले के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। रविवार को हुए इस चुनाव में कुल 937 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 791 डॉक्टरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद देर रात तक गिनती हुई और अंततः परिणाम घोषित किए गए। चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और पीआरओ समेत महत्वपूर्ण पदों के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

**अध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर**

अध्यक्ष पद के लिए इस बार डॉक्टर हिमांशु गंगवार, डॉ. राजकुमारी मित्तल, डॉ. डीपी गंगवार और डॉ. रतनपाल सिंह के बीच मुकाबला हुआ। नतीजों ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि यहां मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। डॉ. डीपी गंगवार ने कुल 237 मत हासिल किए जबकि डॉ. हिमांशु गंगवार को 233 मत मिले। महज चार वोटों के अंतर से डॉ. डीपी गंगवार ने यह प्रतिष्ठित पद अपने नाम किया। डॉ. राजकुमारी मित्तल और डॉ. रतनपाल सिंह को भी पर्याप्त समर्थन मिला, लेकिन वह शीर्ष पर नहीं पहुंच सके। सचिव पद के लिए दो दिग्गज डॉक्टरों के बीच मुकाबला हुआ। डॉक्टर अंशु अग्रवाल और डॉ. ज्ञानेंद्र लाल गुप्ता मैदान में थे। इस पद पर डॉक्टर अंशु अग्रवाल ने भारी अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें कुल 490 मत मिले, जबकि डॉ. ज्ञानेंद्र लाल गुप्ता को 295 मत प्राप्त हुए। इस जीत के साथ डॉ. अंशु ने अपनी लोकप्रियता और संगठनात्मक पकड़ को साबित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. शालिनी महेश्वरी और डॉ. सुजय मुखर्जी आमने-सामने थे। मुकाबला काफी करीबी रहा, लेकिन अंत में डॉ. शालिनी महेश्वरी 417 मत पाकर विजयी रहीं। उनके प्रतिद्वंदी डॉ. सुजय मुखर्जी को 369 मत मिले। महेश्वरी की जीत को महिला डॉक्टरों की सशक्त उपस्थिति और संगठन में उनकी सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।

### पीआरओ पद पर कांटे की टक्कर

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) पद के लिए भी मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। डॉ. कर्मेंद्र और डॉ. ऋतुराजिव मैदान में थे। यहां पर भी जीत और हार के बीच का अंतर बेहद मामूली रहा। डॉ. कर्मेंद्र को 395 वोट मिले, जबकि डॉ. ऋतुराजिव को 392 वोटों से संतोष करना पड़ा। केवल तीन वोटों के अंतर से डॉ. कर्मेंद्र ने जीत दर्ज की।

### कुल मिलाकर रोमांचक चुनाव

इस बार के चुनाव की खासियत रही कि हर पद पर कांटे की टक्कर देखने को मिली। अध्यक्ष और पीआरओ पद पर मतों का बेहद कम अंतर होना चुनाव की रोचकता को और बढ़ाता रहा। मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की उत्सुकता साफ झलक रही थी। नतीजों की घोषणा होते ही विजेता प्रत्याशियों के समर्थकों ने उत्साहपूर्वक फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटीं।

### आईएमए में नई ऊर्जा की उम्मीद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बरेली शाखा के इस चुनाव में चुने गए नए पदाधिकारियों से डॉक्टरों को नई दिशा और बेहतर नेतृत्व की उम्मीद है। चिकित्सक समुदाय का मानना है कि नई टीम स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# अजीजगंज चौकी के सामने लुटता रहा मैनेजर, पुलिस आराम फरमाती रही

### बरेली मोड़ चौराहा और आवास विकास कालोनी में देर शाम से आकर रैकी करते हैं संदिग्ध लोग

**पीड़ित बदमाशों का पीछा करते हुए दो किलोमीटर दूर तक पहुंचा गया, हाईवे पेट्रोलिंग वाहन नहीं दिखे**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** हाईवे पर अपराध और हादसों पर पैनी नज़र रखने के पुलिस के तमाम दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। बरेली मोड़ स्थित अजीजगंज चौकी के सामने ही सोमवार देर रात बदमाशों ने केडी मोटर्स के मैनेजर से मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित ने बदमाशों का पीछा भी किया। और बदमाशों से भिड़ गया लेकिन बदमाशों ने धारदार कड़े से पीड़ित का सर फोड़ दिया। लेकिन यह सब करीब 30 मिनट घटना क्रम हाईवे पर चलता रहा लेकिन हाईवे पेट्रोलिंग वाहन व चीता मोबाइल नजर नहीं आईं।

» दो दिन पूर्व 6 हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था

वहीं घटना स्थल की लोकेशन और चौकी से चंद कदमों की दूरी पर वारदात होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर चौकी पर तैनात पुलिस सक्रिय होती तो बदमाश वारदात को अंजाम नहीं दे पाते। याद दिला दें कि महज़ दो दिन पहले ही एसपी राजेश द्विवेदी ने हाईवे सुरक्षा के लिए विशेष प्लान लागू करते हुए खिरनीबाग मैदान से 6 हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। दावा किया गया था कि रात से लेकर सुबह तक हाईवे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। लेकिन चौकी के सामने ही हुई इस छिनैती ने उस दावे की पोल खोल दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश की जा रही है। लेकिन इस वारदात ने यह साबित कर दिया है कि हाईवे पर सुरक्षा के तमाम इंतजाम कागजों तक ही सीमित हैं। हालांकि रात में पुलिस ने ओम नाम युवक को गिरफ्तार किया है उसके पास से मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में है।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** अग्रसेन भवन में सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल विद्या और संरक्षक रामचंद्र सिंघल ने महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद महिला समिति की अध्यक्ष डॉ. संजीत अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल सहित महिला मंडल की अन्य सदस्याओं ने दीप प्रज्वलित किया।

अमित गर्ग, गोपाल राम अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दिव्यम गर्ग व अन्य सदस्यों ने महाराज जी को भोग अर्पित किया। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में अग्रवाल बंधु अग्रसेन भवन पहुंचे और महाराजा अग्रसेन को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महाराज अग्रसेन के समाजवाद और समानता के सिद्धांतों को याद किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महाराज जी ने अपने राज्य में एक रुपया, एक ईंट के माध्यम से समाज को एकजुट कर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया था।भवन में पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# किशोरी फुसलाकर ले गया युवक, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोजीपुरा।** एक उत्तराखंड का युवक भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय किशोरी को फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के परिजन युवक के घर गए तो युवक व उसके परिजनों ने मारपीट कर भगा दिया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को उत्तराखंड के थाना पुलभट्टा के एक गांव का रहने वाले युवक की भोजीपुरा के गांव में रिश्तेदारी है।

आरोप है कि युवक कल रविवार को किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के परिजन युवक के घर पर पहुंचे और किशोरी वापस लेने की बात कही। तभी आरोपी व उसके परिजनों ने किशोरी को देने से इंकार कर दिया और किशोरी के परिजनों को मारपीट कर घर से भगा दिया।

# वकीलों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** बरेली बार एसोसिएशन ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि विगत दिनों वाराणसी सहित प्रदेश के कई जनपदों में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ लगातार उत्पीड़न की घटनाएँ हो रही हैं। इन घटनाओं के कारण न केवल न्यायालय परिसरों का माहौल तनावपूर्ण एवं अशांत हुआ है, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा भी आहत हो रही है।

ज्ञापन सौंपते समय अधिवक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ विधि के शासन पर प्रतिकूल असर डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज लंबे समय से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक सरकार ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि वाराणसी की घटनाओं के दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही अधिवक्ताओं ने पूरे उत्तर प्रदेश में शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग दोहराई। उनका कहना था कि यह अधिनियम लागू होने से अधिवक्ताओं को संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा मिलेगी तथा समाज में उनके सम्मान और विश्वास की भावना मजबूत होगी। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाएगी। इस मौके पर मनोज हरित अध्यक्ष बरेली बार एसोसिएशन, दीपक पाण्डेय सचिव बरेली बार एसोसिएशन, शिरीष मल्होत्रा, शशिकांत शर्मा, ज्वाला प्रसाद गंगवार, अमित बिसारिया, अमजद सलीम, शेर सिंह गंगवार, क्षितिज यादव, रोहित यादव जॉइंट सेक्रेटरी पब्लिकेशन, मो. आमिर खान, अमित अवस्थी, जबर सिंह यादव आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथियों ने सहयोग किया।

# बीडीए ने 6 अवैध कॉलोनियों पर की कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर खजुरिया एवं उमरिया में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें अवर अभियंता सीताराम, सहायक अभियंता मनोज कुमार सिंह व प्रवर्तन टीम मौजूद रही।

प्राधिकरण को सूचना मिली थी कि ग्राम सैदपुर खजुरिया में आरिफ गाजी व जीशान द्वारा लगभग 7000 वर्गमीटर, तौफीक खां द्वारा 5000 वर्गमीटर और बन्टी खां द्वारा 3000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना स्वीकृति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। वहीं ग्राम उमरिया में जहीर, आसिम व नसीम द्वारा 5000 वर्गमीटर, वाहिद खां द्वारा 1500 वर्गमीटर तथा उवैस खां द्वारा 1500 वर्गमीटर भूमि पर अवैध प्लॉटिंग और निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इन सभी स्थलों पर साइट ऑफिस, बाउंड्रीवाल व भूखंडों का चिन्हांकन किया गया था।

बीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के अंतर्गत किसी भी कॉलोनी या भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना अनुमति किए गए निर्माण व विकास कार्य पूरी तरह अवैध हैं और ऐसे निर्माणों का ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

# गृहकर व जलकर में 10 प्रतिशत छूट, कैंप में जमा हुए लाखों

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**शाहजहांपुर।** नगर निगम की ओर से महानगरवासियों को गृहकर और जलकर पर दी जा रही 10 प्रतिशत छूट योजना का लाभ लेने के लिए सोमवार को बरेली मोड़ पर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और मौके पर ही वर्तमान व बकाया कर जमा कराया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर निर्धारण अधिकारी विपिन कुलदीप सिंह ने किया। इस दौरान नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने कैंप का निरीक्षण किया और समय से कर जमा करने वाले उपभोक्ताओं की सराहना की। उन्होंने अपील की कि 30 सितंबर तक चल रही इस विशेष योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग उठाएं।कैंप में बरेली मोड़ निवासी अशोक अग्रवाल ने अपने सभी आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कुल 5 लाख 45 हजार कर जमा किया, वहीं अंकुर कपूर ने 1 लाख 85 हजार की बकाया राशि जमा की। दोनों ने नगर निगम की इस पहल की प्रशंसा करते हुए अन्य उपभोक्ताओं से भी योजना का लाभ लेने की अपील की।

नगर निगम टीम द्वारा शहर के अन्य क्षेत्रों किला, हाथीथान, मढ़ा, तारीन टिकली, सुभाषनगर, नई बस्ती, कच्चा कटरा और खिरनीबाग में भी कैंप लगाए गए। इन स्थानों पर भी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक कर जमा किया। कर विभाग के अनुसार, सोमवार को ही निगम को 10 लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि समय पर कर जमा करने से न केवल नागरिकों को छूट का लाभ मिलेगा, बल्कि निगम की विकास योजनाओं को भी गति मिलेगी।

# बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ व नगदी बरामद दो गिरफ्तार

» 900 ग्राम अफीम 200 ग्राम अवैध स्मेक 350 ग्राम पावर पाउडर बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकदी और मादक पदार्थ बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके तीन साथी मौका देखकर फरार हो गए पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज कर उनके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी।

बारादरी थाना क्षेत्र में स्थित पुराने रेलवे ग्राउंड में सुनसान स्थान पर अवैध नादक पदार्थों के साथ पुलिस प्रीति रात शीशगढ़ थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी निवासी साजिद पुत्र लाइक और बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव जोखनपुर निवासी रेहान पुत्र नूर इस्लामपुर को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उनके पास से पुलिस ने 900 ग्राम अफीम 200 ग्राम अवैध स्मेक 350 ग्राम पावर पाउडर बरामद किया इसके अलावा बरामदपुलिस में उनके पास से एक मोटरसाइकिल एक स्कूटी 94000 रुपए नगद पांच मोबाइल फोन भी बरामद किये रात के अंधेरे का फायदा उठाकर गिरफ्तार अभियुक्त के साथी बहहेरी थाने के गांव अर्शिया भोज निवासी नन्हे उसका लड़का रोहित और शोएब भोजीपुरा के गांव सूरिया निवासी आरिफ पुत्र मोहम्मद नबी फरार हो गए।

गिरफ्तार किए गए साजिद ने बताया कि वह मूल रूप से गली मोहल्ला शीशगढ़ का रहने वाला है और पढ़ा लिखा है शुरू में मोहल्ले में ही टेलर का काम करता था लेकिन खर्च न चलने को के कारण उसकी शादी अर्शिया भोज निवास नगमा पुत्री अल्ताफ हुसैन से हो गई यहीं से उसकी जान पहचान नन्हे से हुई जो पहले मादक पदार्थों की तस्करी का काम करता था दोनों ने मिलजुल कर झारखंड और मणिपुर से मादक पदार्थ की तस्करी शुरू कर दी और कुछ दिनों बाद ही फाइक इक्लेब में जमीन खरीदकर मकान बना दिया यहीं पर रहने लगा वह मादक पदार्थ की तस्करी में पीलीभीत में भी जेल जा चुका है इसके घरवाले गांव के लोगो को उसके बारे में बताते हैं कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहा है वही रेहान की ससुराल हल्द्वानी में है साजिद का उससे संपर्क जेल से न्यायालय जाने के दौरान हुआ था जेल से छूटने के बाद भी वह भी धंधे में शामिल हो गया दो बार वह भी जेल जा चुका है और उसका बेटा शोएब धंधे के मास्टरमाइंड है और अन्य प्रदेशों से भी मादक पदार्थ पदार्थ मंगवाते थे तस्करों से प्राप्त 94 हजार रुपए की रकम भी उन्हें मादक पदार्थों को बेचने के बाद मिली थी पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर उनके फरार साथियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### जिलाधिकारी ने आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

# बरेली की शांति व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा : जिलाधिकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली आदि त्यौहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में पीस कमेटी की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में आगामी त्यौहारों को लेकर क्षेत्रवार लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विगत समस्त त्यौहारों, आयोजनों को सकुशल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु समस्त बरेली वासियों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद के विकास की जिम्मेदारी जनपद के प्रत्येक नागरिक की है, आप सब सद्भावना के सिपाही हैं इसी मुस्तैदी से कार्य करते रहे और यदि कोई समस्या हो तो उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाए, कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी की दर कम करते हुए आपके त्यौहारों को उत्सव के साथ मनाने की सुविधा दी है इसके साथ ही स्वदेशी अपनाने की भी अपील की गयी है।

हम सभी को जाति, क्षेत्र, सम्प्रदाय वाद को छोड़कर राष्ट्रवाद को अपनाना चाहिए। हमारे देश की विकास की गति बहुत तेज है पहले कहा जा रहा था कि 2030 तक हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनेंगे लेकिन हम 2025 में चौथी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और यथा शीघ्र तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि बरेली की शांति व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक विगत समस्त आयोजनों/त्यौहारों को सकुशल आयोजन हेतु सभी के सहयोग हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि जहां-जहां आयोजन होना हैं रामलीला व दुर्गा पूजा के वहां आयोजकों के वालिंटियर अवश्य रखें, सीसीटीवी कैमरे भी लगवाएं। रामलीला मंचों की सुरक्षा का भी अवश्य ध्यान रखें, आयोजन स्थल पर पानी तथा रेत की व्यवस्था रखें। अश्लील व अशोभनीय कार्यक्रम नहीं होने चाहिए अगर ऐसा कोई कार्यक्रम हुआ तो भविष्य में अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक यातायात सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**बरेली।** एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को तहसील गेट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चकबंदी विभाग के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान मौके पर हंगामा मच गया और कुछ लोगों ने बाबू को छुड़ाने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने कड़ी मशक्कत कर आरोपी को पकड़कर थाने पहुंचा दिया।

जानकारी के अनुसार, एंटी करप्शन विभाग को कुछ समय पहले चकबंदी के बाबू राजीव मित्तल, निवासी सुभाषनगर, के खिलाफ शिकायत मिली थी। शिकायत में आरोप था कि वह काम कराने के नाम पर रिश्वत की मांग करता है। शिकायत की पुष्टि के बाद विभाग ने ट्रैप योजना बनाई। सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे पीड़ित व्यक्ति तयशुदा रकम लेकर तहसील गेट पहुंचा। राजीव मित्तल ने जैसे ही रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर दबोच लिया। अचानक हुई कार्रवाई से तहसील गेट पर अफरा-तफरी मच गई।

# 24 सितम्बर से शुरू होगासात रोज़ उर्स-ए-शाहदाना वली

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बरेली।** 24 सितम्बर से शुरू हो रहे शहर-ए-कुतुब हज़रत शाहदाना वली का सात रोज़ा उर्स प्रेस वार्ता कर दरगाह के मुतवल्ली अब्दुल वाजिद नूरी ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 सितम्बर को परचमकुशाई के साथ उर्स का आगाज़ होगा। परचम का जुलूस लाल मस्जिद हाजी अजर बेग के निवास से शाम 4:30 बजे निकलेगा, जो दरगाह आला हज़रत पर सलाम पेश करके बिहारीपुर, नॉवल्टी चौराहा, कुमार टॉकीज, आजमनगर, सो गोपीनाथ, शाहमतगंज से होकर दरगाह शाहदाना वली पहुंचेगा। यहाँ दरगाह आला हज़रत के सज्जादानशीन अल्लामा मुफ़्ती अहसान रज़ा कादरी परचमकुशाई की रस्म अदा करेंगे तथा चादर व गुलपोशी की जाएगी।

कार्यक्रम 24 सितम्बर (मंगलवार): रात 9 बजे से मुशायरे की महफ़िल,सरपरस्ती सूफी रिज़वान रज़ा खां। 25 सितम्बरः शाम 4:30 बजे चक चुंगी से जुलूस-ए-गागर, रात 9 बजे से नात व मन्क़बात की महफ़िल, रात 1:40 पर हुज़ूर मुफ़्ती-ए-आज़म-ए-हिन्द का कुल शरीफ़। 26 सितम्बरः रात 9 बजे से महफ़िल-ए-समा। 27 सितम्बरः दोपहर 12:30 बजे ठिरिया निज़ामत खां से चादरों का जुलूस, रात 9 बजे महफ़िल-ए-समा। 28 सितम्बरः शाम 5:30 बजे कुतुब-ए-बरेली हज़रत शाहदाना वली का कुल शरीफ़, रात 9 बजे से महफ़िल-ए-समा। 29 सितम्बरः शाम 5:30 बजे हज़रत केले शाह बाबा का कुल शरीफ़, रात में महफ़िल-ए-समा। 30 सितम्बरः सुबह 10:30 बजे सय्यद बाबा का कुल शरीफ़, इसी के साथ उर्स का समापन।

मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि दरगाह की जानिब से इस्तेमालई निकाह कराए जाएंगे और गरीब बच्चियों के निकाह उर्स के मुबारक मौके पर संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, जिससे जायरीनों को दिक्कत हो सकती है। प्रमुख लोग रहे मौजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से वसी अहमद, युसूफ इब्राहिम, गफ़ूर पहलवान, तौसीफ खां, इमरान खां, मिर्जा शाहब बेग, मो इलहाम मंसूरी अब्दुल सलाम नूरी, खलील कादरी, महबूब साबरी, शान खां, सईद खां, शफी खां, मुकर्रम बेग, इरफान गोसी, जावेद खां, गुल्लन खां, भूरा सबरी, हाफिज खां, मोहम्मद सलीम रज़ा आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सर्वे सट्टा प्रर्दशन मेले में किसानों की 90 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण, 29 सितंबर तक चलेगा मेला

» मेले का एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने रिबिन काटकर किया उद्घाटन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**भोजीपुरा।** सहकारी समिति भोजीपुरा पर आयोजित सर्वे सट्टा प्रर्दशन मेले का विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य ने रिविन काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर गन्ना किसानों की 90 शिकायतों का आनलाइन निस्तारण कराया गया। मेला 29 सितंबर तक चलेगा शेष बचे किसानों शिकायतों को निस्तारण मौके पर ही कराया जाएगा।

सहकारी गन्ना विकास समिति भोजीपुरा पर आज सोमवार से गन्ना किसानों की शिकायतों को आनलाइन निस्तारण हेतु सर्वे सट्टा मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य ने रिविन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित गन्ना विभाग के अधिकारियों से कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर है। गन्ना किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी ने कहा किसानों की समस्याओं को द्रष्टिगत रखते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप शिकायतों के निस्तारण हेतु मेले का आयोजन किया गया। इसमें किसान लापरवाही न बरतें जिससे समय रहते उनकी समस्याओं का निस्तारण हो सके।

चेयरमैन महीपाल सिंह गंगवार ने कहा घटतौली रोकने के लिए किसानों की भी जिम्मेदारी बनती है कि अपना टोकन से फालतू गन्ना गन्ना क्रय केंद्रों पर न छोड़ें। यदि घटतौली कहीं भी होती है तो तत्काल समिति सचिव को सूचना दें।इस मौके समिति परिसर में 13 स्टार लगाए गए।13 स्टालों पर कुल 90 शिकायतें दर्ज की गई। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मायापती यादव ने बताया कि सभी शिकायतों आनलाइन मौके पर निस्तारण करा दिया गया। समिति सचिव अतिवीर सिंह ने कहा किसान 29 सितंबर तक अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं।

# चोरी के माल के साथ पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया

## साथी की मदद से भाई के घर से उड़ाए थे जेवरात व नकदी

- 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने किया चोरी का खुलासा
- पुलिस ने चोरों से बरामद किए तमंचा व कारतूस



विश्ववार्ता संवाददाता

**नरैनी।** साथी की मदद से सगे भाई के घर से जेवरात व नकदी चोरी करने वाले दो चोरों को सूचना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के कब्जे से पुलिस ने तमंचा व चोरी के आभूषण सहित नकदी बरामद की। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

इसी क्रम में फतेहगंज थाना क्षेत्र के रमजूपुर गांव निवासी सरवन पटेल पुत्र रामेश्वर पटेल ने रविवार को थाना में सूचना दी कि उसके सगे भाई प्रहलाद उर्फ होरीलाल ने अपने एक अन्य साथी अंकित पटेल के साथ मिलकर उनके घर से नौ सितंबर को खपरैल तोड़कर घर के अंदर जमीन में गड़े आभूषण व नगदी चोरी कर ले गया। तहरीर के मुताबिक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। फतेहगंज थानाध्यक्ष रामकिशोर ने अपने हमराही उप निरीक्षक गुलाबचंद्र यादव के साथ सोमवार को सुबह बरछा डंडिया गांव से थाना क्षेत्र के रमजूपुर निवासी प्रहलाद उर्फ होरीलाल पुत्र रामेश्वर पटेल और चित्रकूट जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र के खपटिया गांव निवासी अंकित पटेल पुत्र रामलाल को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से चोरी के आभूषण व नगदी बरामद हुए। प्रहलाद उर्फ होरी लाल के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर तमंचा व कारतूस भी बरामद किया। पकड़े गए चोरों को पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### तमंचा व कारतूस समेत एक गिरफ्तार

अतर्रा थाना पुलिस ने रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान बिसंडा रोड पर एक युवक के संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मौके पर जाकर मूल रूप से चित्रकूट जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र के कुचारम गांव व हाल मुकाम अतर्रा कस्बे के बिसंडा रोड निवासी शिवकिशोर कुशवाहा उर्फ बढ़ौना पुत्र सुखराम को हिरासत में लेकर तलाशी ली। उसके कब्जे से 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। अभियुक्त को संबंधित अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक नसोनू त्यागी व प्रेमपाल सिंह समेत कांस्टेबल पंकज द्विवेदी व उत्तम कुमार शामिल रहे।

# मां शैलपुत्री की आराधना के साथ हुआ शारदीय नवरात्र का आगाज, मंदिरों में उमड़ी भीड़

- सुबह पौ फटते ही घनघना उठे प्रमुख देवी मंदिरों के घंटे
- स्वयंसेवियों और पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** शारदीय नवरात्र आरंभ होते ही पूरा शहर दुर्गामय हो गया। नवदुर्गा के पहले दिन सुबह पौ फटते ही प्रमुख देवी मंदिरों के घंटे घनघना उठे। जलाभिषेक व दर्शनों के लिए ऐसी भीड़ उमड़ी कि तिल रखने को भी जगह नहीं बची। मंदिरों के बाहर भी श्रृद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने मां जगदंबे के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की और अपने लिए सुख समृद्धि का वरदान मांगा। जनसैलाब को संभालने में मंदिर कमेटी के स्वयंसेवियों समेत यहां तैनात पुलिस कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

मां के भक्तों को नवरात्र में मां की साधना और उपासना करने के लिये पूरे वर्ष प्रतीक्षा रहती है। सोमवार को जब वह घड़ी आई तो देवी भक्तों के कदम मां जगदंबे के दरबार की ओर चल पड़े। शहर के महेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्र की पहली सुबह की प्रथम आरती में शामिल होने के साथ ही सबसे पहले जलाभिषेक को महिलाओं में होड़ लगी रही। देवी मंदिर के पट खुलने से पहले ही सैकड़ों महिलाएं बाहर माता के दरबार में कलश लिए जलाभिषेक व दर्शनों के लिए प्रतीक्षा करती रहीं। सुबह के चार बजते ही जैसे ही पट खुले महिलाएं पहले जलाभिषेक को दौड़ पड़ीं। पौ फटते ही मंदिर के घंटे घनघना उठे और फिर ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि मंदिर में तिल रखने को भी जगह नहीं रही। दोपहर तक मंदिर के भीतर से लेकर बाहर तक भक्तों की कतारें लगी रहीं। जिन्हें संभालने के लिए मंदिर कमेटी के स्वयंसेवियों और यहां तैनात महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। उधर काली देवी मंदिर, चौंसठ जोगिनी मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, कालका देवी, महामाई और मरही माता मंदिर में भी भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। गिरवां खत्री पहाड़ में विराजी मां विंध्यवासिनी के दरबार में भी प्रथम दिन मां के भक्तों का सुबह से शाम तक दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में भक्तों ने नंगे पांव चलकर पहाड़ पर विराजी मां के दर्शन किए और मान्यता मानने को हाथा लगाए। मां को नारियल, पान, सुपाड़ी, लौंग, इलायची के साथ ही लाल झंडा अर्पित किया। वहीं नौ दिनों तक चलने वाले मेला में लोगों की खासी भीड़ उमड़ी रही और लोगों ने पूजा अर्चना के साथ खूब खरीददारी की। मां के भक्तों ने नौ दिनों का व्रत की शुरूआत की और शुभ मुहूर्त के अनुसार अपने घरों पर घट स्थापना की और कलश के इर्द-गिर्द मां के नाम के जवारे बोए। भक्तों ने मनचाहा वरदान पाने को दुर्गा सप्तशती के तेरह अध्यायों का पाठ भी किया। घरों में व्रत रखकर मां की आराधना करने वाले भक्तों ने भी विधिविधान से हवन-पूजन किया।

### देवी पंडालों में भी हुई प्रतिमाओं की स्थापना

दुर्गा पंडालों में भी मुहूर्त के अनुसार मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमाओं की स्थापना की गई। आयोजकों ने विश्वशांति की कामना से दुर्गा सप्तशती के श्लोकों का उच्चारण करते हुए हवन में आहुतियां दीं। बाद में प्रसाद भी वितरित किया गया। हालांकि मूर्ति कला केंद्रों से मां की प्रतिमाएं आने में देरी हो जाने से अधिकांश पंडालों में मुहूर्त के बाद ही बैठकी संभव हो पाई। प्रथम दिन शाम को भी ज्यादातर मां की झांकियां हल्की सजावट के साथ देर से खुलीं। मां की आरती के दौरान झांकियों के बाहर भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने शहर का भ्रमण कर जगह-जगह सजी मां की झांकियों का भी दीदार किया।

### भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु

बिलगांव अजीतपारा सहित आस-पास के गांव में अटूट श्रद्धा भक्ति के बीच मनायी जा रही है। प्रथम दिन श्रद्धालु भक्त मंदिरो से लेकर घरों तथा दुर्गा पंडालो में विधि विधान से पूजन अर्चन किया सोमवार से शुरू हुए शारदीय नवरात्रि के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि विधान के साथ पूजा अर्चन की नवरात्र के चलते घरों से लेकर देवी मंदिरों तथा बिलगांव अजीतपारा गांव में सजे दुर्गा पंडालो में श्रद्धालु भक्त पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ विधिवत तरीके से पूजा अर्चन के साथ ही मातारानी की सेवा में भक्त तल्लीन है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें

**बांदा।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित कार्य योजना 28 सितंबर तक तथा 11 से 31 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले दस्तक अभियान की भी कार्ययोजना निर्धारित समय में मुख्य चिकित्साधिकारी को अवश्य उपलब्ध करा दें। दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त रूप से घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरुक करेंगी।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में अगामी 5 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के संबंध आयोजित बैठक में जिलाधिकारी जे.रीभा ने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत को निर्देश दिए कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधान व सचिव के सहयोग से तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड सदस्यों के सहयोग से माइक्रोप्लान तैयार करें।

उन्होंने नाला नालियों की सफाई, फागिंग, एन्टीलार्वा का छिडकाव तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने हाइरिस्क क्षेत्रों एवं मलिन बस्तियों में संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष सफाई की व्यवस्था किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि संचारी रोग से बचाव के उपायों का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार कराएं एवं लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरुक करें।

## एक नजर

### पुलिस ने मुख्य मार्गो में पैदल मार्च निकाला



**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा. दुर्गेश कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर अर्चना सिंह एवं कोतवाली उरई पुलिस बल के साथ नगर उरई के मुख्य मार्गों, एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजार आदि जगहों पर पैदल गश्त कर आमजनमानस, व्यापारी बन्धुओं से से संवाद कर कराया सुरक्षा का अहसास।

### गायत्री परिवार ने दिया नारी जागरण का संदेश

**बांदा।** गायत्री शक्ति पीठ ने भगवती देवी शर्मा के जन्म दिवस पर नारी उत्कर्ष अभियान के तहत शहर में नारी जागरण यात्रा निकाली गई। नारी उत्कषण अभियान के तहत सोमवार को गायत्री शक्ति पीठ परिवार ने शहर में नारी जागरण यात्रा निकाली। आयोजकों ने बताया कि नारी जागरण यात्रा का उद्देश्य महिलाओं में शिक्षा स्वास्थ्य स्वावलंबन और संस्कारों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। ताकि वह अपनी क्षमता पहचान कर परिवार समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। रैलियां महिलाओं को सशक्त बनाने और अत्याचारों का विरोध करने और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। इस मौके पर जिला समन्वयक राम प्रकाश खरे, रामजानकी शुक्ला, नवीन निगम, बृजेश त्रिपाठी, उदय पाठक, रविशंकर दोसर, सुधा वर्मा, विद्या देवी आदि उपस्थित रहे।

### खेलकूद में अव्वल छात्र-छात्राएं सम्मानित

**बांदा।** खेलकूद प्रतियोगिता समेत प्रांतीय विज्ञान मेला तथा गणित मेला और संस्कृत बौद्ध परियोजना के तहत स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में पिछले दिनों आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता समेत प्रांतीय विज्ञान मेला तथा गणित मेला एवं संस्कृत बौद्ध परियोजना के अंतर्गत स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता ने मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों में मयूरी, योगिता, अंजली देवी, पूनम, अंजली यादव, अंजली राजपूत, रोहित सिंह, कार्तिकेय, सुमित, मोहित, अभिषेक सिंह, अभिषेक वर्मा, रिया, अंकित शुक्ला, अजय गोस्वामी, आयुष्मान गुप्ता शामिल रहे।

### निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्य मैन पावर बढ़ाकर जल्द कराएं पूरा

**बांदा।** आयुक्त कार्यालय सभागार में निर्माणाधीन परियोजना संबंधी आयोजित बैठक में मंडलायुक्त ने एक करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन संचालित परियोजनाओं के कार्यों को निर्धारित समय व गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं और संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने और समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि मैन पावर बढ़ाकर जल्द ही सभी निर्माणाधीन कार्यों को पूरा कराएं। आयुक्त अजीत कुमार ने आयुक्त कार्यालय के सभागार में निर्माणाधीन परियोजनाओं के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में उन्होंने परियोजनाओं के कार्य लंबित होने पर कड़ी नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मैन पावर बढ़ाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रोजक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला कारागार में उच्च सुरक्षा बैरक 12 क्षमता इनक्लोजर वाल सहित अन्य निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद के ग्राम पंचायत चंदौर विकास खण्ड नरैनी स्थित कारूबाबा मन्दिर में पर्यटन के विकास कार्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

# राइफल क्लब ग्राउंड बचाने को कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा
- बीडीए के प्रस्ताव को रद्द करने की पुरजोर मांग



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** ऐतिहासिक राइफल क्लब (खेल मैदान) को बचाने की मुहिम तेज हो गई है। कांग्रेसियों ने राइफल क्लब ग्राउंड बचाने की मांग लेकर कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बांदा विकास प्राधिकरण (बीडीए) के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राइफल क्लब ग्राउंड बचाने की मांग लेकर कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। शासन व प्रशासन विरोधी जमकर नारेबाजी की। राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि राइफल क्लब ग्राउंड आजादी के पूर्व से लेकर अब तक जन सभाओं एवं खेलकूद के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। बांदा विकास प्राधिकरण के अधिकारी नगरपालिका परिषद से सांठगांठ कर भूमि बेचने का कुचक्र रच रहे हैं। इस पर तत्काल आवश्यक निर्देश जारी कर रोक लगने की मांग की।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने पर भी जनपद बांदा आज भी अति पिछड़ा जिला है। यहां के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कांग्रेस शासन में सूती मिल की स्थापना की गई। जिले के अनेक निर्धन परिवारों को काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। लेकिन अन्य सरकारों की उपेक्षा के चलते सूती मिल कई सालों से बंद पड़ी है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने कहा कि जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में कार्यरत सरकारी डॉक्टर मरीजों को बाहर से दवाएं लिख कर शोषण में लगे हैं। मांग की कि अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयां व टेस्ट मशीन सुलभ कराई जाए। इस मौके पर आदित्य सिंह, मोहम्मद इदरीश, द्वारिकेश मंडेला, डा.संजय द्विवेदी दनादन, सत्य प्रकाश द्विवेदी, जितेंद्र गौरव, राममिलन पटेल, बाबूराम यादव, राजेश गुप्ता पप्पू, अशरफ उल्ला रंपा आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करें बेटियां : अपर एसपी



**अतर्रा।** बेटियां निडर होकर आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश में बेटियां पूरी तरह सुरक्षित हैं। बेटियों की तरफ कोई गलत उठाकर नहीं देख सकता। बेटियों व महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग सुरक्षित तरीके से करना चाहिए। उक्त बातें अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना परिसर में आयोजित मिशन शक्ति जागरूकता रैली के दौरान कहीं।

सोमवार को मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत मिशन शक्ति रैली कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज से अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव की अगुवाई में निकाली गई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज से गांधी चौक तक निकाली गई। थाना परिसर में रैली का समापन हुआ। थाना परिसर में आयोजित गोष्ठी में अपर एसपी ने महिलाओं व छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी पीयूष पाण्डेय, थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह सहित थाना अतर्रा के महिला एवं पुरुष कांस्टेबल, प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, राकेश कुमार, एनसीसी प्रभारी संतोष द्विवेदी, बीरेंद्र दीक्षित, मधु सविता, डा.पंकजा मिश्रा, संतोष कुमार, नम्रता सिंह, श्याम निगम आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध उर्वरक भंडारण पर छापेमारी

## बालाजी एंटरप्राइजेज चुरखी रोड उरई से 1050 बोरी बरामद




विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी को कंट्रोल रूम से प्राप्त शिकायत के क्रम में उपजिलाधिकारी उरई नेहा व्याडवाल, व कृषि विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने सयुक्त रूप से बालाजी एंटरप्राइजेज चुरखी रोड पर ओडिओ के पास छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारित 1050 बोरी उर्वरक बरामद की। मौके पर संचालक से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि विगत वर्ष भी जनपद में बड़ी मात्रा में नकली उर्वरक पकड़ी गई थी। किसानों को धोखा न मिले और उन्हें समय पर सही दर पर शुद्ध उर्वरक उपलब्ध हो, इसलिए उड़न दस्ता का गठन कर कार्यवाही की जा रही है। बालाजी एंटरप्राइजेज के संचालक ने छापेमारी के दौरान बताया कि यह भंडारण उन्हीं के द्वारा किया गया है उन्ही की खाद है और उनके पास सभी बिल एवं अभिलेख मौजूद हैं। चौहद्दी के बिन्दु की जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिस स्थान के लिए अनुमति दी गई थी, वहां भंडारण न कर अन्य जगह उर्वरक रखा गया है। जो लाइसेंस की शर्तों का उलंघन है विक्रेता को नोटिस जारी कर एफ आई आर दर्ज कराई गई और नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। उप जिलाधिकारी सदर नेहा व्याडवाल ने स्पष्ट कहा विक्रेता अवैध भंडारण ना करें अपनी निर्धारित चौहद्दी पर ही कार्य करें अन्यथा कठोर कार्रवाई अनिवार्य रूप से होगी। जब दैनिक विश्ववार्ता टीम ने जानकारी की तो ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी नेहा व्याडवाल ने बताया कि जांच के दौरान 1050 बोरी अवैध रूप से पाए जाने पर उर्वरक विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की गई।

# नवरात्रि पर्व का पहला दिन, मां शैलपुत्री के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, कलश स्थापना के साथ हुई शुरुआत



विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** जनपद में सोमवार से शारदीय नवरात्र का आगाज हो गया। पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की। नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ दिखी। महिलाएं और बच्चे कलश, नारियल और पुष्प लेकर देवी मां के दर्शन को पहुंचे।

उरई में नगर के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष भीड़ देखने को मिली। बड़ी माता मंदिर, हुल्का माता मंदिर, मां सिंहवाहिनी मंदिर और मौनी बाबा संकटा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने पारंपरिक रीति से पूजा अर्चना की। स्थानीय मान्यता के अनुसार, इन प्राचीन मंदिरों में दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

देवी पंडालों और मंदिरों की सजावट का कार्य तेज हो गया है। शाम को कई स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। भक्त यहां आरती और भजन-कीर्तन में शामिल होंगे। हर गली, चौराहे और मोहल्ले में नवरात्रि का उत्साह दिख रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। जालौन पुलिस प्रमुख मंदिरों और पंडालों के आसपास निगरानी कर रही है। पुलिसकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों से भीड़ पर नजर रखी जा रही है। नवरात्र का यह पर्व धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करता है। पहले दिन से ही श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिख रहा है। जालौन देवी माता मंदिर, बैरागढ़ माता मंदिर, नावली देवी माता मंदिर कामख्या देवी माता मंदिर पर भक्त गणों ने पूजा अर्चना की और आज से नगर और शहरी क्षेत्रों में जगह-जगह मां के पंडाल सजाए जा रहे और रात भर न का रतजगा किया जाता है यहां इन मंदिरों पर नवरात्रि के नौ दिन भक्तों की भीड़ लगी रहती और भक्तगण पूजा अर्चना कर मिन्नत मनाते है और जो सच्चे मन से मां के पास जाता है माता रानी सभी भक्तों की मुराद पूरी करती।

# समीक्षा बैठक में मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तय की रूपरेखा



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** अपना दल (एस) पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक में अगले माह पांच अक्तूबर को दुर्गावती मेडिकल कालेज में आयोजित होने वाले मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा तय की। बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री भागीदारी करेंगी। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में भागीदारी का आह्वान किया गया।

शहर के नवाब टैंक स्थित सिंचाई विभाग डाक बंगले में सोमवार को अपना दल (एस) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें पांच अक्तूबर को होने वाली संगठन समीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा तय की गई। बुंदेलखंड प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव कालिका प्रसाद निरंजन ने कहा कि पार्टी संस्थापक डा.सोनेलाल पटेल के विचारों पर चलकर संगठन को आगे ले जाकर पंचायत चुनाव और 2027 विधान चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करें। राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह ने कहा कि संगठन में जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। पार्टी की विचार धारा को गांवों में जाकर लोगों को साझा करें। जिलाध्यक्ष कृष्णेंद्र पटेल ने बताया कि पांच अक्तूबर को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भागीदारी करेंगी। मंडल का हरेक कार्यकर्ता पूरी तैयारी से जुड़ जाए। बैठक में कुबेर पटेल, मंगल सिंह पटेल, दिनेश पटेल, चित्रकूट जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह, अजय सिंह, रामनारायण प्रजापति, रामनरेश पटेल, रामफेर पटेल, सत्यपाल निषाद, अरुणेश सिंह, अरुण पटेल, मीराबाई पटेल, रामसिया पटेल, श्यामबाबू पटेल, सत्यपाल निषाद, अंजू सिंह, प्रभुदयाल सिंह, मान सिंह, संजय खंगार आदि उपस्थित रहे।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी शंकर उपाध्याय (35) पुत्र बृजमोहन उपाध्याय बांदा में रहकर ई रिक्शा चलाता था। रविवार को शाम गांव आया था। घर में कुछ देर रुकने के बाद वह अचानक घर से चला गया। रात भर में घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजबीन की। लेकिन पता नहीं चला। सुबह खेतों की तरफ जा रहे हैं ग्रामीणों ने उसका शव गांव के समीप पुलिया के नीचे कीचड़ से सना पड़ा देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि शंकर उसका इकलौता पुत्र था। वह नशे का आदी था। आशंका है कि नशा होने पर वह पुलिया से नीचे गिर गया कीचड़ में फंसने के कारण वह बाहर निकल नहीं पाया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## एक नजर

### जहरीला कीड़ा काटने से किसान की मौत

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी सुनील कुमार (27) पुत्र मेवालाल सोमवार को खेत में काम करते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### तालाब में डूबने से मासूम की मौत

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के थरथुआ गांव निवासी शिवा (3) पुत्र रामबाबू सोमवार की सुबह घर के समीप स्थित तालाब के पास खेल रहा था। तभी पैर फिसल जाने से तालाब में डूब गए। काफी देर बाद जब वह घर नहीं पहुंचा। घर वालों ने उसकी खोजबीन की। इस दौरान परिजनों ने उसका शव तालाब में उतराता देखा। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई लाल बहादुर ने बताया कि शिवा इकलौती संतान था।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी रमाकांत (32) पुत्र चुनवा छत पर सो रहा था। सोमवार की सुबह वह लघुशंका के लिए निकला और छत पर दीवार न होने पर वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के साले राजेश ने बताया कि रमाकांत राजमिस्त्री का काम करता था।

**जुलूस** भाजपाइयां ने जुलूस निकालकर व्यापारियों का मुंह मीठा करा गिनाए फायदे

# घटी जीएसटी मिला उपहार के नारे के बीच पीएम मोदी को धन्यवाद



शहर में जुलूस निकालते भाजपाई।

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** नवरात्रि के पहले दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव का आगाज किया तो भाजपाइयों की खुशी का ठिकाना न रहा। भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में जुलूस निकाला और मुख्य बाजार में व्यापारियों का मुंह मीठा कराकर जीएसटी कम होने के फायदे गिनाए। भाजपाइयों ने जुलूस में जीएसटी का मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाए।

सोमवार को नवरात्रि के बीच मोदी सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती करने का अभूतपूर्व फैसला लागू करते हुए लोगों को त्योहारी सीजन में एक बड़ा उपहार दिया है। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीली कोठी स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाला। भाजपाइयों ने शहर की मुख्य बाजार में जाकर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कटौती किए जाने पर व्यापारियों को होने वाली लाभ की जानकारी देते हुए मिठाई खिलाई। जुलूस में शामिल भाजपाइयों ने जीएसटी का मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाए।

जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने दुकानदारों को बताया कि जीएसटी में कटौती का लाभ सामान्य, मध्यम वर्ग और किसानों, व्यापारियों व उद्यमियों मिलेगा। सरकार ने लगभग 375 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरो में कटौती की है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में कमी करके देशवासियों को दिवाली का बड़ा उपहार दिया है। इससे उपभोक्ताओं को भारी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा इससे प्रदेश की जीएसटी दरों में सुधारों का सबसे बड़ा फायदा उत्तर प्रदेश को होगा और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। त्यौहारों में परंपरा के साथ खरीददारी भी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है ऐसे में अगर सरकार कर प्रणाली को सरल और उपभोक्ता हितैषी बनाया है।

उन्होंने कहा कि आज से लागू हो गए यह बदलाव 2017 के बाद का सबसे बड़ा टैक्स रिफार्म है जिससे नाम आदमी से लेकर व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, सुनीता रावत, नीरज त्रिपाठी, अमित सेठ भोलू, उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, राजेश गुप्ता समेत तमाम भाजपाई शामिल रहे।

## संपादकीय

# जीएसटी बचत उत्सव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 21 सितंबर को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन से, देश में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू हो रहे हैं। उन्होंने इस बदलाव को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया और कहा कि ये सुधार हर वर्ग के लिए राहत लेकर आएंगे। गरीब, मध्यमवर्ग, युवा, महिलाएं, व्यापारी, दुकानदार और उद्यमी, सभी को इसका सीधा फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने इस विशेष संबोधन में स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे स्वतंत्रता संग्राम के समय 'स्वदेशी आंदोलन' ने भारत को नई दिशा दी थी, वैसे ही आज भारत की समृद्धि भी स्वदेशी से ही आएगी। उन्होंने कहा कि हमें जानना चाहिए कि हमारी रोजमर्रा की चीजें देसी हैं या विदेशी, और हमें हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि हम देश में बना सामान खरीदें और इस्तेमाल करें। देश के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के एमएसएमई और लघु कुटीर उद्योगों से अपील की कि वो इस बदलाव का भरपूर फायदा उठाएं। जीएसटी की दरें कम होने और प्रक्रियाएं आसान होने से इन उद्योगों की बिक्री बढ़ेगी, टैक्स कम देना पड़ेगा और उनका मुनाफा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब वक्त है कि भारत के उत्पाद गुणवत्ता में दुनिया को टक्कर दें और मेड इन इंडिया को एक मजबूत ब्रांड बनाएं। हालिया दिनों में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई थी। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पन्सेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है।

## कटाक्ष – हसन जैदी




# आजाद भारत के महानायक डॉ. अम्बेडकर का संकल्प


ओपी सोनिक

डा0 अम्बेडकर ने जहाँ सामाजिक परिवर्तन का संकल्प लिया था, उस संकल्प भूमि पर उनके अनुयायी प्रतिवर्ष संकल्प दिवस मनाते हैं। हजारों लोग बगैर किसी आह्वान के इकट्ठा होते हैं और सामाजिक परितर्वन के संकल्प को दोहराते हैं। इस संकल्प भूमि को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक बनाने के सरकारी प्रयास भी जारी है। संकल्प दिवस के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 23 सितंबर 2017 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने संकल्प भूमि स्मारक का शिलान्यास किया था।

भारत में स्कूली जीवन से ही पढ़ाया-सिखाया जाता है कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी कि पूरी दुनिया ही एक कुटुम्ब है। दुनिया में मानवता को जिन्दा रखने के लिए इससे बेहतर कोई विचार नहीं हो सकता। फिर क्या कारण हैं कि समुद्र पार की यात्राएं धर्म विरूद्ध घोषित कर दी जाती हैं। जिन विद्यालयों में कुटुम्बकम का पाठ पढ़ाया जाता है, उन्हीं विद्यालयों में अम्बेडकर को सामाजिक अस्पृश्यताओं से जूझना पड़ता है। अम्बेडकर से समय की समस्याएं आजादी के बाद भी समाज में देखी जा सकती हैं। स्कूलों में किसी दलित बच्चे द्वारा मटके से पानी पीने के प्रयासों में शिक्षक द्वारा जातिगत रूप से प्रताड़ति किया जाता है। दलित दूल्हे को घोड़ी पर चढ़ते हुए देखना गंवारा नहीं होता। भारत में दलितों के नरसंहारों का भी अपना इतिहास रहा है। ऐसी तमाम घटनाएं बताती हैं कि भारत में सामाजिक रूप से समता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं हो पा रहे हैं पर यह सच है कि भारतीय समाज में सामाजिक विषमताओं की जड़ें जितनी गहरी हैं, सामाजिक परिवर्तन का इतिहास भी उतना ही पुराना है। बुद्ध से लेकर ज्योतिबा फूले और अम्बेडकर से लेकर कांशीराम ने वंचित वर्गों को सामाजिक विषमताओं से मुक्ति दिलाने के लिए सामाजिक परिवर्तन के संघर्ष को जारी रखा। किसी भी समाज में सामाजिक परिवर्तन की परंपरा को जारी रखने के लिए संकल्पों एवं प्रतिज्ञाओं का अपना महत्व होता है। संकल्प की महत्ता को 23 सितंबर 1917 को वडोदरा में डॉ0 अम्बेडकर द्वारा लिए गए संकल्प से समझा जा सकता है। भारतीय इतिहास में यह दर्ज है कि बचपन से ही उन्हें सामाजिक विषमताओं का सामना करना पड़ा। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद समाज की संकीर्ण मानसिकता ने उन्हें अपमानित करने का काम किया। जब वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर भारत लौटे और बड़ौदा नरेश के साथ हुए समझौते के अनुसार बड़ौदा राज्य में सैनिक सचिव की नौकरी स्वीकार की। बड़ौदा नरेश के फरमान के बावजूद उन्हें न तो शासकीय सम्मान मिला और न ही सामाजिक सम्मान। इतना ही नहीं, जातिवादी व्यवस्था के कारण बड़ौदा में किराए पर मकान नहीं मिल पाया. उस समय अस्पृश्यता की जड़ें लगभग सभी धर्मों से जुड़ी थीं। पारसी के यहाँ उन्हें किराए पर रहने का अवसर तो मिला पर वहाँ भी उन्हें जातीय उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा। डॉ0 अम्बेडकर को यह अनुभव हुआ कि उनकी शिक्षा और योग्यता के बावजूद उन्हें केवल अछूत होने के कारण सामाजिक सम्मान नहीं मिलता। इन्हीं कटु अनुभवों ने उनके भीतर यह दृढ़ निश्चय पैदा किया कि जब तक समाज की संरचना नहीं बदलेगी, तब तक वंचितों के जीवन में परिवर्तन संभव नहीं होगा । उन्होंने सामाजिक परिवर्तन के संकल्प को भारतीय संविधान की रचना करके पूरा किया है । डा0 अम्बेडकर ने जहॉं सामाजिक परिवर्तन का संकल्प लिया था, उस संकल्प भूमि पर उनके अनुयायी प्रतिवर्ष संकल्प दिवस मनाते हैं। हजारों लोग बगैर किसी आह्वान के इकट्ठा होते हैं और सामाजिक परितर्वन के संकल्प को दोहराते हैं। इस संकल्प भूमि को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक बनाने के सरकारी प्रयास भी जारी है। संकल्प दिवस के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 23 सितंबर 2017 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने संकल्प भूमि स्मारक का शिलान्यास किया था। 8 जुलाई 2022 राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण ने भारतीय संविधान के निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ0 अम्बेडकर से जुड़े दो स्थलों को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित करने की सिफारिश की थी। वडोदरा स्थित संकल्प भूमि बरगद के पेड़ परिसर जहाँ डॉ0 अम्बेडकर ने 23 सितम्बर 1917 को अस्पृश्यता उन्मूलन का संकल्प लिया था, यह स्थान सौ साल से भी अधिक पुराना है और डॉ0 अम्बेडकर द्वारा सामाजिक परिवर्तन के लिए शुरू किए गए संघर्ष का गवाह रहा है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण ने सतारा स्थित प्रताप राव भोसले हाई स्कूल को भी राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किए जाने की सिफारिश की है। इसी स्कूल में डॉ0 अम्बेडकर ने प्राथमिक शिक्षा पूरी की थी। भारत में समय समय पर बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर की 22 प्रतिज्ञाओं की चर्चा विभिन्न मंचों से होती रहती है। सभी उपस्थितों को शपथ दिलायी जाती है कि सभी जीवन में उक्त प्रतिज्ञाओं का पालन करेंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार में दलित वर्ग से मंत्री बने एक नेता 22 प्रतिज्ञाओं को लेकर इतने चर्चित हुए कि उन्हें पहले मंत्री पद और बाद में पार्टी को भी छोड़ना पड़ा। फिर उन्होंने एक ऐसी पार्टी ज्वाइन कर ली, बाबा साहब डा0 अम्बेडकर ने दलितों को जिससे दूर रहने को कहा था, यानी कि 22 प्रतिज्ञाओं के चक्कर में एक बड़ी राजनीतिक प्रतिज्ञा को तिलांजलि दे दी गयी। अक्सर भारतीय राजनीति गिरगिट से भी ज्यादा रंग बदलती है। दलित वर्ग में ऐसे कई नेताओं के उदाहरण यहाँ दिए जा सकते हैं जिन्होंने अम्बेडकरवाद की हुंकार भरते भरते गाँधीवादी राजनीति के सामने समर्पण कर दिया। थोड़ी देर के लिए मान लें कि अगर डॉ0 अम्बेडकर भी गाँधीवादी राजनीति के सामने समर्पण कर देते तो क्या वो आज के अम्बेडकर बन पाते। दलित नेताओं को बस इतनी सी बात समझने की जरूरत है। डॉ0 अम्बेडकर के उक्त संकल्प के कई गहरे संदेश निकलते हैं। उनका मानना था कि किसी भी व्यक्ति का मूल्य जन्म से नहीं बल्कि उसके कर्म और आचरण से तय होना चाहिए। आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के लिए आवश्यकता पड़ने पर परंपराओं को तोड़ देना चाहिए। राजनीतिक आजादी तभी तक सार्थक है, जब समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और अवसर मिलें। 21वीं सदी का भारत तकनीक और अर्थव्यवस्था में भले ही आगे बढ़ रहा हो, पर जातीय भेदभाव, सामाजिक असमानता और धार्मिक कट्टरता आज भी भारत के लिए चुनौतियाँ बनी हुई हैं। ऐसे में डॉ0 अम्बेडकर का बड़ौदा संकल्प हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल राजनीतिक आजादी नहीं बल्कि सामाजिक और मानसिक गुलामी से मुक्ति भी है। भारत के इतिहास में डॉ0 अम्बेडकर एक ऐसे महामानव के रूप में स्मरण किए जाते हैं, जिन्होंने केवल अपने व्यक्तिगत उत्थान का मार्ग नहीं चुना बल्कि पूरे समाज के लिए समानता और न्याय का पथ प्रशस्त किया। उनकी सोच और संघर्ष ने शोषित एवं वंचित वर्गों को आत्मसम्मान और अधिकारों की चेतना दी। डॉ0 अम्बेडकर का जीवन कई निर्णायक पड़ावों से गुजरा परन्तु 23 सितम्बर 1917 का दिन विशेष महत्व रखता है। भारतीय पटल से दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देने के लिए जरूरी है कि डॉ0 अम्बेडकर के उक्त संकल्प को पूरा किया जाए।

**डॉ0 अम्बेडकर संकल्प दिवस – 23 सितंबर 1917**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# पजामा संभलता कोन्या, शौक बन्दूकां का राख्खें


सुशील कुमार ' नवीन '

हरियाणवी में एक बड़ी प्रसिद्ध कहावत है कि सूत न कपास, जुलाहे गेल लठ्ठम लठ। अर्थात खुद के पास कुछ भी नहीं है, दूसरों से उलझते फिरें। एक बार राह चलते एक व्यक्ति जान बूझकर दूसरे से टकरा गया। यही नहीं बहस कर उसे ललकारने भी लगा। जिससे टकराया था वो बात को बढ़ाना नहीं चाहता था, सो बात को वहीं खत्म कर निकल रहा था, पर टकराने वाला तो हर हाल में लड़ने की तैयारी में था। बहस बढ़ने लगी। बात हाथापाई तक पहुंच गई। थप्पड़ मुक्का जोर पकड़ने ही वाले थे कि जानबूझकर टकराने वाला बोला- तुझे थोड़ी सी शर्म नहीं आती जो भूखे आदमी से लड़ रहा है। दम है तो पहले कुछ खिला पिला,फिर लड़के दिखा। इंसानियत की भावना दिखाते हुए पहले उसे पेटभर खिलाया गया। खाना पेट में जाते ही टोन बदल गई और वो फिर गाली गलौज करने लगा। इस पर दोनों गुत्थमगुत्था हो गए। कभी वो ऊपर तो कभी वो नीचे। इसी दौरान उसका कुर्ता कुर्ता फट गया। फटा तो वो वैसे ही पहले से पड़ा था। कुर्ता फटते ही नया ड्रामा शुरू कर दिया। जोर-जोर से रोने लगा। कहा - अब क्या पहनूंगा, मेरे पास तो यही कुर्ता था। दूसरा बोला-कोई बात नहीं, पहले लड़ाई कर ले, फिर तेरे कुर्ते का भी इंतजाम करेंगे। लड़ाई फिर शुरू हो गई। अबकी बार छलनी स्टाइल बनियान के चीथड़े उड़ गये। रोना फिर शुरू हो गया। बोला-कुर्ते के साथ बनियान दोगे तो ही लड़ूंगा। यह भी स्वीकार हो गया। थोड़ी देर बाद जोर आजमाइश हुई तो इस बार पाजामे का नाड़ा टूट गया। उसने फौरन कहा कि लड़ाई तो रोकनी होगी,मेरे पाजामे का नाड़ा टूट गया है। थोड़ी देर रुको, मैं अभी पाजामा बदलकर आया। दूसरे ने कहा कि कोई बात नहीं, चड्डी पहन रखी होगी। लड़ाई के बाद पाजामा बदल लेना। जवाब दिल दहलाने वाला था। बोला-यहां खाना तो मांग-मांगकर खाना पड़ रहा है। चड्डी कहां से खरीदूं? दूसरे ने फौरन उसके दो धरे और यह कहकर भगा दिया कि जब खाने को रोटी नहीं है, पहनने को चड्डी नहीं है। तो लड़ना जरूरी है क्या। भीख मांग, भीख। आप भी सोच रहे होंगे कि कहानी किस संदर्भ में सुनाई गई है तो सुनें। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का रविवार का मैच तो अपने जरूर देखा होगा। खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की कहावत पूरे मैच में लगातार देखने को मिली। बार-बार ऐसी हरकतें की गई कि भारतीय खिलाड़ी अपना संयम खो दें। बैट को बंदूक के रूप में चलाने का साइन किसी सीधी छेड़ से कमतर नहीं था। उसके बाद बैटिंग के दौरान शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा से उलझना साफ दिखा रहा था कि ये पूरी प्लानिंग के साथ आज मैदान में आए थे कि किसी तरह बात बिगड़े और हमारी इज्जत रह जाए। इतिहास गवाह है कि जब-जब भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच हुआ है। वो एक मैच न होकर मैदान-ए-जंग बना है। पाकिस्तान निचले पायदान की टीम से हार जाए सहन हो जायेगा,पर भारत से हार सहन नहीं होगी। तोड़ फोड़ होगी, गाली गलौज तो सामान्य बात ही है। रविवार को दोनों के बीच दुबई में एशिया कप में दोबारा आमना-सामना हुआ, नतीजा वही। अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने ऐसा उठा-उठाकर मारा कि दर्द कई दिन तक नहीं जाएगा। खास बात ये दर्द घाव पर मिर्च छिड़कने जैसा था। हालांकि उनके लिए ये अब कोई नई बात नहीं है। इस तरह की बेइज्जती तो वे कई बार करवा चुके हैं। भारत ने इन्हें हर जगह मात दी है। चाहे खेल का मैदान हो या फिर लड़ाई का। साइकिल ढंग से चलानी नहीं आती हो तो, लंबोर्गिनी चलाने के सपने नहीं देखने चाहिए। खेल के मैदान में ताकत खेलकर ही दिखाई जाती है। हरकतों से नहीं। बच्चों की बंदूकों से बच्चे ही डरते हैं, बड़े नहीं। सूर्या भाऊ ने मैच के बाद जो बात कही है वो और भी बिल्कुल सही बैठती है कि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए सूर्या ने साफ-साफ कह दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच अब कोई प्रतिद्वंद्विता (राईवइलरी) नहीं है। सूर्या की यह बात भी सही है। मुकाबला तो बराबर वालों में ही होता है। इसलिए पहले पाकिस्तान क्रिकेट में भारत के बराबर बने, फिर कोई बात हो।



## कविता


पुष्पिता

### मकान का घर

हर मकान के भीतर
एक घर होता है
मकान टूटने से पहले
घर टूटता है
घर से पहले
संबंध से पहले दिल
अलग होता है
जैसे – दीवार से
अलग होती है – ईंट
और एक
छेद बन जाता है
भीतर का सब
बाहर को आँखों का
हिस्सा बन जाता है
बिखर जाता है –
किसी फूल की पाँखुरी की तरह
कि पाँखुरी देखकर
पहचान पाना कठिन
कि यह किसी फूल की
देह का हिस्सा है।

# सिंहासन खाली करो कि जनता आती है...


ओम प्रकाश सुमन

**युगकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती 23 सितंबर**

रामधारी सिंह दिनकर ओज व वीर रस के प्रसिद्ध कवि, लेखक, निबंधकार थे। रामधारी सिंह दिनकर को युगकवि, श्रेष्ठ कवि, राष्ट्रकवि के साथ युग चारण की भी संज्ञा दी गई थी। ओजस्वी कवि के साथ उन्हें विद्रोही कवि के रूप में भी जाना गया। यह छायावादोत्तर कविता की प्रथम पीढ़ी के कवि थे। विद्रोह एवं क्रांति के प्रसिद्ध कवि ने अपने वीर रस की रचनाओं के साथ ही श्रृंगारिक भावना को भी अपनाया है। उर्वशी उनकी श्रृंगारिक रचना है। रामधारी सिंह दिनकर का जन्म जिला बेगूसराय ग्राम सिमरिया बिहार प्रदेश में 23 सितंबर 1908 को हुआ था। उनका निधन 24 अप्रैल 1974 को हो गया था। उनके पिता का नाम बाबू रवि सिंह और उनकी माँ का नाम मनरूप देवी था इनके पिता एक सामान्य कृषक थे। जब रामधारी सिंह 2 वर्ष के ही थे इन के पिता का निधन हो गया। इनकी माता ने दिनकर व उनके भाई बहनों का ही पालन पोषण किया। रामधारी सिंह दिनकर का बचपन ग्रामीण जीवन में ही व्यतीत हुआ। गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने पास पड़ोस के गाँव बोरो में राष्ट्रीय मिडिल स्कूल से शिक्षा प्राप्त की। इसी बीच इनका विवाह हो गया। 1928 में उन्होंने मोकामा घाट हाई स्कूल से मैट्रिक (हाई स्कूल) परीक्षा पास की। घर पर ही बांग्ला, अंग्रेजी और उर्दू का अध्ययन किया। बाद में पटना विश्वविद्यालय से 1932 में बीए ऑनर्स परीक्षा पास की। बीए परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह एक स्कूल में प्रधानाध्यापक हो गए। इसके बाद 1934 से 1947 तक बिहार सरकार की सेवा में सब रजिस्टार के पद और प्रचार विभाग के उप निदेशक पद पर कार्य किया। इसी बीच उनकी पुस्तकें 'रेणुका' व हुँकार' का'प्रकाशन हुआ। कुछ रचनाएं प्रकाश में आईं तब अंग्रेज अधिकारियों की समझ में आया कि हमने गलत व्यक्ति का सरकारी सेवा में चुनाव कर लिया है ।अंग्रेजी शासन ने उनकी फाइल तैयार करवा कर के उन्हें बार-बार चेतावनी देना शुरू कर दिया ।4 वर्ष में उनका 22 बार ट्रांसफर भी किया गया। 1947 में जब देश स्वतंत्र हुआ तो हुआ बिहार विश्व विद्यालय में हिंदी प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष बनकर मुजफ्फरपुर पहुंचे। 1952 में भारत की प्रथम संसद के निर्माण में उन्हें राज्यसभा का सदस्य चुना गया और वह दिल्ली आ गए। 12 वर्षों तक संसद सदस्य रहे 1964 से 1965 तक वह भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। अगले वर्ष भारत सरकार ने 1965 से 1971 तक अपना हिंदी सलाहकार नियुक्त किया। वह फिर दिल्ली में आ गए। अब हम उनके काव्य जगत पर दृष्टि डालते हैं तो दिनकर ने सामाजिक एवं आर्थिक विषमता के खिलाफ कविताएं लिखी । उन्होंने ऐतिहासिक पात्रों का ताना-बाना बुना एवं प्रखर भाषा में अपनी अभिव्यक्ति दी । । इन रचनाओं में 'रश्मिरथी' व 'परशुराम की प्रतीक्षा' शामिल है। उन्होंने 'उर्वशी' को छोड़कर अधिकांश रचनाओं में वीर रस को ही स्थान दिया। वीर रस काव्य साहित्य में कवि भूषण के बाद इनका ही नाम रखा गया है। उर्वशी मानवीय प्रेम वासना के संबंध के इर्द-गिर्द घूमती हुई महान रचना है। उर्वशी एक परित्यक्ता अप्सरा की कहानी है। कुरुक्षेत्र महाभारत के शांति पर्व विषय पर आधारित कविता है यह कविता द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लिखी गयी हैं। 'संस्कृति के चार अध्याय' यह नई महत्वपूर्ण गद्य रचना है इसमें बताया गया है कि सांस्कृतिक भाषा और क्षेत्रीय विविधताओं के बावजूद 'भारत एक ऐसा देश है जहां विविधता में भी एकता दिखाई पड़ती है। इनकी काव्य रचनाओं में बारदोली विजय, रेणुका, हुंकार, प्रणभंग ,कुरुक्षेत्र, बापू, इतिहास के आंसू, धूपछाँह, मिर्च का मजा, द्वंद गीत ,रसवंती, धूप और धुआँ ,सामधेनी, इतिहास के आंसू ,रश्मिरथी, नील कुसुम, सहित लगभग 30 रचनाएं है। गद्य रचनाओं में मिट्टी की ओर, चित्तौड़ के साका, अर्धनारीश्वर, रेत के फूल, संस्कृति के चार अध्याय, हमारी संस्कृति, साहित्यमुखी सहित लगभग 23 रचनाएं हैं इन्होंने गद्य की अन्य विधाओं में भी रचनाएं दी हैं। दिनकर का पहला काव्य विजय संदेश 1928 में प्रकाशित हुआ था ।दिनकर के प्रथम तीन काव्य संग्रह रेणुका, हुंकार और रसवंती हैं। रामधारी सिंह दिनकर देश पर शहीद हुए लोगों की कलम से प्रशंसा करते हुए लिखते हैं कलम आज उनकी जय बोल, जला अस्थियां बारी-बारी चिटकाई जिनमें चिंगारी, जो चढ़ गए पुण्य बेदी पर लिए बिना गर्दन का मोल ।कलम आज उनकी जय बोल।। परशुराम की प्रतीक्षा में कवि ने ऐसे महान लोगों का संकेत दिया है जिन्होंने देशवासियों का नुकसान किया है उनका देश के प्रधान नेता के प्रति संदेश है- कवि कहता है घातक है जो देवता सदृश दिखता है ,लेकिन कमरे में गलत हुक्म लिखता है, जिस पापी को गुण नहीं गोत्र प्यारा है , समझो उसने ही हमको मारा है। देशवासियों की समस्याओं को देखते हुए समरशेष कविता में दिनकर जी लिखते हैं -कुमकुम लेपूँ ? किसे सुनाऊँ, किसको कोमल गान । तड़प रहा है आंखों के आगे भूखा हिंदुस्तान। दिनकर अन्याय एवं अत्याचार का सामना करने के लिए जनता में साहस पैदा करते हैं ।कवि की धारणा है कि व्यक्ति को यह अधिकार प्राप्त नहीं है किसी का शोषण करें, किसी को सताए ,किसी की मजबूरी का लाभ उठा कर अपना वर्चस्व कायम करें। वे बड़े-बड़े अधिकारियों की चेतावनी देते हुए कहते हैं - सदियों की ठंडी बुझी आग सुगबुगा उठी, मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है।



# महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान जारी


क्रांति कुमार पाठक

जैसे जैसे बिहार विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे सियासी गलियारों में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई हैं। किंतु अभी भी बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों ही गठबंधनों में पेंच फंसा हुआ है। जानकारों के अनुसार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का तो रिकॉर्ड ही रहा है कि सीट बंटवारे से पहले खूब चिल्ल-पों मचती है, लेकिन बाद में जिसे जितनी सीटें मिलती हैं, वे उससे ही संतुष्ट हो जाते हैं। सबसे मुश्किल हालात आठ विपक्षी दलों के इंडिया अलायंस अर्थात महागठबंधन में पैदा हो गए हैं। क्योंकि महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर घमासान मचा हुआ है। महागठबंधन के दो सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के बीच सीट बंटवारे और नेतृत्व को लेकर तलवारें तन गई हैं। अव्वल तो कांग्रेस राष्ट्रीय जनता दल के नेता व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री फेस घोषित करने को तैयार नहीं, जबकि तेजस्वी यादव खुद को कब से मुख्यमंत्री चेहरा बताते आ रहे हैं। वहीं सीटों के बंटवारे को लेकर 15 सितंबर प्रस्तावित महागठबंधन की बैठक को रद्द कर दिया गया, इससे छोटे दलों की बेचैनी और बढ़ गई है। क्योंकि वामदलों और वीआईपी दलों के नेता जल्द से जल्द सीट बंटवारा चाहते हैं। कांग्रेस जहां 2020 के विधानसभा चुनाव के फार्मूले पर सीट बंटवारे की पैरवी कर रही है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल और अन्य सहयोगी दल नए राजनीतिक समीकरणों के हिसाब से सीटें बांटने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक महागठबंधन में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भी मतभेद गहराते जा रहे हैं। कांग्रेस इस मुद्दे पर टालमटोल कर रही है, जिससे राष्ट्रीय जनता दल सतर्क हो गया है। यही वजह रही कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के कुटुंबा में आयोजित सम्मेलन में राष्ट्रीय जनता दल का कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा। वहीं राष्ट्रीय जनता दल ने अलग से अपना सम्मेलन बुला लिया है। वहीं 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निकले तेजस्वी यादव कांग्रेस की चुप्पी के बावजूद अपने को भावी मुख्यमंत्री के रूप में पेश कर रहे हैं। दरअसल, पहले भी वह कई बार वह यह बात कह चुके हैं। राहुल के साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान उन्होंने यहां तक कह दिया था कि राहुल को प्रधानमंत्री और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट कीजिए। जहां तक सीटों का सवाल है तो कांग्रेस 2020 की तरह मनपसंद 70 सीटें तो चाहती ही है, साथ ही अब उपमुख्यमंत्री का पद भी मांगने लगी है। उल्लेखनीय है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल ने 144, कांग्रेस ने 70 और वामदलों ने 29 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार समीकरण बदले हुए हैं। इस बार महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वामदलों के अलावा मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी, झामुमो और पशुपति कुमार पारस की रालोजपा भी शामिल है। जाहिर है इन नए दलों के महागठबंधन में आने से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल दोनों को अपनी-अपनी सीटों में कटौती करनी पड़ सकती है। वहीं कांग्रेस जहां 2020 के विधानसभा चुनाव के फार्मूले पर सीट बंटवारे की पैरवी कर रही है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल और अन्य सहयोगी दल नए समीकरण के हिसाब से सीटें बांटने की तैयारी में है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस सीटों की संख्या कम करने के लिए तो तैयार बताई जा रही है, लेकिन इसके एवज में उसका जोर मजबूत सीटों पर है। क्योंकि पार्टी सूत्रों के मुताबिक 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली 70 सीटों में से 22 सीटें ऐसी मिलीं थीं जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन लगातार जीत दर्ज करता आ रहा था। यही कारण है कि इस बार कांग्रेस शहरी ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की उन सीटों पर भी दावा कर रही है, जहां उसका प्रदर्शन सुधर सकता है। इसलिए उसने टिकट बंटवारे में अच्छी-बुरी सीटों में संतुलन बनाने की शर्त रख दी है। काबिले गौर है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 में से केवल 19 सीटें ही जीत पाई थी। तब कांग्रेस के खराब स्ट्राइक रेट को महागठबंधन की हार का एक मुख्य कारण माना गया था। वहीं कांग्रेस का कहना है कि उसे आधी से ज्यादा वैसी कमजोर सीटें मिली थीं जिसकी वजह से उसका स्ट्राइक रेट खराब रहा था। कांग्रेस ने अपने लिए इस बार उपमुख्यमंत्री पद की भी शर्त रखी है, जबकि महागठबंधन में शामिल वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी भी उपमुख्यमंत्री पद के लिए पहले से ही हाय-तौबा मचाए हुए हैं। मुकेश सहनी तो यहां तक कहते हैं कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे तो उनका उपमुख्यमंत्री बनना पक्का है। कांग्रेस की शर्तों से यह साफ है कि कांग्रेस अब बिहार में अपने को राष्ट्रीय जनता दल का पिछलग्गू बनाए रखने से बचना चाहती है। वहीं राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा की कथित सफलता से कांग्रेस का मनोबल मजबूत हुआ बताया जा रहा है। इसलिए वह अब राष्ट्रीय जनता दल का पिछलग्गू बन कर नहीं रहना चाहती है। जानकारों की मानें तो राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में उमड़ी भीड़ ने बिहार कांग्रेस में नया जोश भर दिया है। कांग्रेस को लगता है कि इस यात्रा ने महागठबंधन की स्थिति को मजबूत किया है और इसी आत्मविश्वास के साथ वह राष्ट्रीय जनता दल पर ज्यादा दबाव बना रही है।

## एक नजर

### दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित हुई हर्षिता सिंह

**कसया, कुशीनगर।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बटेसरा निवासिनी किरन सिंह पत्नी स्व. नरेंद्र सिंह की पुत्री हर्षिता को बीटेक बायो टेक्नोलॉजी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने 18 वें दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। बीते रविवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सफल मेधावियों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। हर्षिता सिंह ने प्राथमिक से लेकर इंटर तक की शिक्षा लखनऊ में प्राप्त किया है और इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी मुंबई से एम टेक कर रही है। बताया कि भविष्य में वैज्ञानिक के रूप में देश सेवा करूंगी। आई सिटी हर्षिता को गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर चाचा प्रधानाचार्य रणविजय सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, विनोद सिंह, राजन सिंह, गंगा दयाल यादव, हसमुद्दीन अंसारी, नत्थू यादव सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है।




### मां सतुगढ़ी देवी मंदिर के प्रवेशद्वार का हुआ लोकार्पण



**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र और हाटा ब्लाक के गांव कुरमौटा मंझरिया के सतुगढ़ी देवी मंदिर पर बना भव्य मुख्य प्रवेश द्वारा का लोकार्पण सेवानिवृत निरीक्षक उप्र पुलिस ओमप्रकाश सिंह और सेवानिवृत शिक्षक रामनरेश सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर किया। बीते रविवार को आस्था का केंद्र है लंबे समय से इस मंदिर पर मुख्य प्रवेश द्वार नहीं था जो इन लोगों के सहयोग से मुख्य प्रवेश द्वारा बनकर तैयार हुआ। सोमवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन पर उसका लोकार्पण भी हुआ। इस दौरान शिक्षक भरत राव, मंटू राव, अनिकेत सिंह, दीपू सिंह, गुलशन राव,अवधेश विश्वकर्मा, अमरीश यादव, सुनील, गोलू, बालमुकुंद सिंह सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### धर्म समधा दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन उमड़े श्रद्धालु



**रामकोला (कुशीनगर)।** रामकोला के पडरौना रोड स्थित प्राचीन धर्मसमधा दुर्गा मंदिर में शनिवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो गया। सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। माता के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। नवरात्रि का पहला दिन माता शैलपुत्री को समर्पित होता है। मान्यता है कि वे भगवान शिव की पत्नी पार्वती का स्वरूप हैं। इस दिन को सकारात्मक ऊर्जा की शुरुआत माना जाता है। श्रद्धालु माता शैलपुत्री की पूजा कर अपने जीवन में स्थिरता और मानसिक शांति की कामना करते हैं। साधक इसी दिन से अपनी आध्यात्मिक यात्रा का आरंभ भी करते हैं।कलश स्थापना के साथ नौ दिन चलने वाली पूजा का शुभारंभ हुआ। अधिकतर भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर माता की आराधना करते हैं। क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन मंदिर दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां पहुंचते हैं। नवरात्रि के सभी दिनों में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस की पैनी निगरानी रहेगी। क्षेत्र के अन्य छोटे-बड़े मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। धर्मसमधा मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल बना हुआ है।

### गाजे-बाजे संग निकली भव्य कलश यात्रा



**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** क्षेत्र के महुअवा खुर्द गांव में सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आगाज गाजे-बाजे और जयघोषों के बीच हुआ। सुबह से ही गांव की गलियां श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति से सराबोर रहीं। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा और गोरखपुर की पूर्व महापौर सत्या पांडेय ने कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जैसे ही केसरिया ध्वज लहराते श्रद्धालु "हर-हर महादेव" के उद्घोष के साथ आगे बढ़े, पूरा वातावरण शिवमय और भक्तिरस में रंग गया।कलश यात्रा कथा स्थल से होते हुए सोहंग, जोकवा खुर्द, अमवा तिवारी, जोकवा बाजार, मधुरिया चौहानपट्टी होते हुए कुकुत्था नदी के तट तक पहुंची। यहां 501 पीतवस्त्रधारी कन्याओं ने मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर पुन: यात्रा को भव्य स्वरूप दिया। यात्रा पुन: कथा स्थल पर पहुंची, जहां यज्ञ पुरोहितों ने वेद-मंत्रों के बीच कलश की स्थापना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत कराई। आयोजक ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रसाद गौतम और विकास तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन शाम 7 बजे से कथा वाचिका बहन अंजली द्विवेदी प्रवचन देंगी। वहीं 3 व 4 अक्टूबर की रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा।कलश यात्रा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन कुमार शुक्ल, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, संतोष तिवारी, इंद्रजीत प्रसाद, पृथ्वीराज सिंह, सुभाष सिंह, राजेश सिंह, अखिलेश शुक्ल, रबिश अली, अंकित मिश्र, गोलू आर्य, राजन यादव, राहुल पटेल समेत भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# फ्लाइट में मची सनसनी: बाथरूम की जगह कॉकपिट का दरवाजा खोलने लगा यात्री

## सीआईएसएफ ने दबोचा, एयरलाइन ने कहा कि दोषी यात्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-1086 में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक यात्री ने हवा में उड़ान के दौरान गलती से पायलट के कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश कर दी। विमान जैसे ही मध्य आकाश में था, आरोपी यात्री ने कॉकपिट के पास लगे बोर्ड पर बटन दबा दिया। दरअसल वह उसे बाथरूम का दरवाजा समझ बैठा था, जबकि वह कॉकपिट का कंट्रोल था।




पायलट की सूझबूझ और सुरक्षा प्रोटोकॉल के चलते दरवाजा नहीं खोला गया। विमान के कप्तान ने अपहरण की आशंका को देखते हुए तुरंत सुरक्षा अलर्ट कर दिया। करीब पांच मिनट तक यात्रियों के बीच अफरातफरी और दहशत का माहौल बना रहा। पायलट की सतर्कता से विमान को सुरक्षित रूप से वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।

लैंडिंग के बाद आरोपी यात्री को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने हिरासत में ले लिया। उसके साथ यात्रा कर रहे आठ अन्य साथियों से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, सभी लोग पहली बार हवाई जहाज से सफर कर रहे थे और काशी दर्शन के लिए वाराणसी आ रहे थे। शुरुआती पूछताछ में यह साफ हुआ है कि यात्री ने अनजाने में बटन दबा दिया।

घटना की जानकारी फ्लाइट के एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। उसने लिखा कि उड़ान के दौरान पूरे माहौल में तनाव और डर का साया रहा। वहीं, तलाशी के दौरान किसी यात्री के पास से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। पुलिस और जांच एजेंसियां यात्रियों का बैकग्राउंड खंगाल रही हैं।

डीसीपी ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला तकनीकी जानकारी न होने और गलती से बटन दबाने का प्रतीत हो रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इस घटना को गंभीर मानते हुए बयान जारी किया है। एयरलाइन ने कहा कि दोषी यात्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और मजबूत किए जाएंगे।

# अधिवक्ता–पुलिस विवाद : मण्डलायुक्त के हस्तक्षेप से टला टकराव, फिलहाल स्थगित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** जनपद में अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच चल रहा विवाद अब कुछ दिनों तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। सोमवार को दीवानी न्यायालय परिसर में दोनों बार एसोसिएशनों की संयुक्त बैठक में यह घोषणा की गई। बैठक में निर्णय हुआ कि दीवानी न्यायालय परिसर में दरोगा के साथ हुए घटनाक्रम तथा उससे जुड़े अन्य विवादित मामलों की मजिस्ट्रियल जांच पूरी होने के बाद ही किसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिवक्ताओं पर दर्ज प्राथमिकी में गिरफ्तारी की कार्रवाई भी स्थगित रखने पर सहमति बनी।

इस निर्णय का आधार रविवार की शाम मण्डलायुक्त के हस्तक्षेप से हुई वह बैठक रही, जिसमें पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन तथा दोनों बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसे पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति की रिपोर्ट आने तक किसी भी पक्ष पर कार्रवाई न करने का फैसला सभी की सहमति से लिया गया।

सूत्रों के अनुसार, मण्डलायुक्त का हस्तक्षेप प्रदेश सरकार और न्यायिक उच्चाधिकारियों के सक्रिय हस्तक्षेप का ही परिणाम है। बार कौंसिल के अध्यक्ष तथा स्थानीय सदस्यों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तथा व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से इस मामले में तुरंत दखल देने की मांग की थी। उनके प्रयासों का ही असर रहा कि सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों को हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया। यदि ऐसा न होता तो अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति और गंभीर हो सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस के स्थानीय अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। विशेष रूप से विवादित महिला अधिकारी तथा कैण्ट थाने के प्रभारी को लेकर अधिवक्ताओं में असंतोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उनकी कार्यप्रणाली ने मामले को और उलझाने का काम किया, जिससे वातावरण अधिक तनावपूर्ण हो गया। इस पर बार एसोसिएशन ने मण्डलायुक्त से लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है और मांग की है कि जांच के दौरान इन अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट की जाए। विवाद के स्थगित होने के बावजूद कोर्ट का कामकाज सामान्य नहीं हो पाया है। अधिवक्ताओं की उपस्थिति सीमित रहने और थाने पैरोकारों के कोर्ट में उपस्थित न होने से न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिन वादकारियों को अपने मुकदमों की सुनवाई की आशा थी, उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। अदालतों में पेशी की तिथि पड़ी, लेकिन अधिवक्ताओं व पैरोकारों की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई अधूरी रही।

अधिवक्ताओं ने स्पष्ट कहा है कि जब तक निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती और उनकी मांगों पर ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक वे पूरी तरह से सामान्य कामकाज शुरू नहीं करेंगे। उनका कहना है कि अधिवक्ता समाज के साथ न्याय की रक्षा करने वाला वर्ग है और उनके सम्मान पर आंच आने पर वे चुप नहीं बैठ सकते। वहीं, जिला प्रशासन का कहना है कि दोनों पक्षों को साथ बैठाकर समझौते की दिशा में प्रयास किया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में अदालतों का सामान्य कामकाज फिर से बहाल हो सके। अधिकारियों का मानना है कि समिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद वास्तविकता सामने आ जाएगी, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

फिलहाल अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति टलने से जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। लेकिन यह राहत अस्थायी है। अब सबकी निगाहें समिति की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिसके आधार पर आगे का रास्ता साफ होगा। यदि रिपोर्ट निष्पक्ष और संतुलित आती है तो विवाद पूरी तरह सुलझ सकता है, अन्यथा हालात फिर से तनावपूर्ण हो सकते हैं।

# पत्रकारों से मिले नवागत पुलिस अधीक्षक केशव कुमार

## जिले में अमन – चैन बनाये रखने को उठाए जाएंगे सभी जरूरी कदम, अपराधी तत्वों की हरकतों पर लगेगी लगाम

- सख्ती से रोकी जायेगी गोवंशीय मवेशियों व शराब की तस्करी
- समाज के कमजोर तबके के लोगों को न्याय दिलाने के मामले में बर्दाश्त नहीं की जायेगी कोताही

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** आज पत्रकारों से मिले नवागत पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जिले में शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति पर मुश्तैदी से अमल कराने का इरादा जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि शासन की प्राथमिकताएँ ही उनकी भी प्राथमिकताएँ हैं। जिले में कानून - व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अमन - चैन बनाये रखने के साथ ही बिहार सीमा से सटे स्थित इस जिले के रास्ते होने वाली शराब एवं गोवंशीय मवेशियों की तस्करी को सख्ती के साथ रोका जाएगा। अपराधी तत्वों की हरकतों पर लगाम लगाई जाएगी और महिलाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं समाज के कमजोर तबके के लोगों को न्याय दिलाने में किसी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



श्री कुमार ने बताया कि वे भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2017 बैच के अधिकारी हैं। हाल ही में उन्हें फॉरेंसिक लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाज़ा गया है। वे मूलतः बिहार के दरभंगा जनपद के निवासी हैं और इंजीनियरिंग के विद्यार्थी रहे हैं। विदित हो कि बतौर पुलिस अधीक्षक वे मेरठ , बलरामपुर व अम्बेडकर नगर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अम्बेडकर नगर के पुलिस अधीक्षक के रूप में उन्हें दिसंबर, 2024 में तैनात किया गया था, जहां से स्थानांतरित होकर वे अब इस जिले में आये हैं।अंबेडकर नगर में उनकी सेवाओं के लिए उन्हें शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक के रूप में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था। अंबेडकरनगर तैनाती के दौरान उन्होंने चरित्र सत्यापन के नाम पर घूसखोरी कर रहे एक लिपिक संवर्गीय कर्मचारी को निलंबित कर मुकदमा दर्ज करा दिया था।

# बेला परसा गांव में युवक का शव मिलने से सनसनी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिले के बसखारी थाना क्षेत्र के बेला परसा गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब शराब के ठेके के पास एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान गांव के ही 24 वर्षीय रमेश, पुत्र राम सिंगर के रूप में हुई है। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी और ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को खबर दी। बसखारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि रमेश दो दिन पहले ही बाहर से घर लौटा था। रविवार शाम से वह अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार सुबह शराब के ठेके के पास उसका शव मिलने से परिजनों और ग्रामीणों में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।ग्रामीणों का कहना है कि रमेश की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसके चलते इलाके में तनाव का माहौल है। कुछ लोग इसे हत्या मान रहे हैं, तो कुछ आत्महत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।

# बौद्ध धर्म और ग्रंथों को जानने के लिए पढ़ें धम्म लिपि : भंते डॉ नन्द रतन

**कसया, कुशीनगर।** पालि सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं बौद्ध कम्यून इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में श्रीलंका बुद्ध विहार कुशीनगर के धम्मा हाल में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण/कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को धम्म लिपि (ब्राह्मी लिपि) के बारे में जानकारी दी गई। रविवार को आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष भिक्षुओं और प्रशिक्षुओं द्वारा पूजन अर्चन से हुआ। अपने संबोधन में कार्यशाला संयोजक पालि सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव/श्रीलंका बुद्ध विहार कुशीनगर के प्रमुख डॉ भिक्खु नंद रतन महाथेरो ने धम्म (ब्राह्मी) लिपि के विषय में विधिवत चर्चा करते हुए बताया कि पाली बौद्धों की भाषा है और लिपि धम्म (ब्राह्मी) लिपि है। जैसे हिंदी भाषा लिपि देव नागरी लिपि है।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता मस्तराम शर्मा नही रहे

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने फोन पर दी शोक संतप्त परिवार को सांत्वना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर जनपद के बरामदपुर जरियारी ग्रामसभा निवासी कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता मस्तराम शर्मा का बीती रात उनके आवास पर निधन हो गया। मस्तराम शर्मा जन्म से लेकर मृत्युपरंत कांग्रेसी रहे कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों मे शामिल होने के लिए वे अपने गांव बरामदपुर जरियारी से पदयात्रा करके कार्यक्रम स्थल तक पहूचते थे अपने इन्ही गुणो से उन्होंने अपनी शाख स्थापित की।

उनके निधन से कांग्रेस पार्टी की अपूर्णनीय छति हुई। उनके निधन का समाचार सुनकर समस्त कांग्रेसजन स्तब्ध रह गये। भगवान मस्तराम शर्मा की आत्मा को शान्ति प्रदान करे और उन्हे अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे ऐसी सभी कांग्रेसजनों ने प्रर्थना की।



जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र 'बब्लू' ने बताया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने फोन पर बात कर शोकसंतप्त परिवार को ढाढस बधाया और जल्द ही बरामदपुर जरियारी आकर मस्तराम शर्मा के परिजनों से मुलाकात करेंगे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मस्तराम शर्मा के अंतिम संस्कार में शामिल होने वालो मे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल, ए आई सी सी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, नि प्रदेश सचिव मो अनीश खान, पूर्व प्रदेश सचिव अमित जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, अमृत राज वर्मा, आशाराम यादव, ब्लाक अध्यक्ष अकबरपुर मो जियाउद्दीन अंसारी, राजेश प्रजापति, नगर अध्यक्ष अकबरपुर असगर अली, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चिंताहरण पाण्डेय, जिला महासचिव शीतला प्रसाद श्रीवास्तव 'सोनू', नंदकुमार गुप्ता 'दद्दू', दीपक वर्मा राजपत पटेल, नगर अध्यक्ष अकबरपुर असगर अली, पवन वर्मा, अंकुर पाण्डेय, कपिल देव वर्मा, जितेंद्र राव, राजेश वर्मा, वीपत राम यादव समेत अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्र की शुरुआत : मां शैलपुत्री के जयकारों से गूंजी शिवनगरी काशी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में सोमवार से शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र श्रद्धा और उल्लास के साथ आरंभ हो गया। पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि पर्वतराज हिमालय के घर जन्म लेने के कारण उनका नाम शैलपुत्री पड़ा। यही स्वरूप बाद में पार्वती के रूप में भगवान भोलेनाथ की अर्धांगिनी बनीं। नवरात्र के पहले दिन काशी में भोर से ही भक्त मंदिरों में जुटने लगे और माता की आराधना कर शक्ति साधना की शुरुआत की।





शहर के अलईपुरा स्थित प्राचीन शैलपुत्री मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाएं कलश, नारियल, चुनरी और पुष्प लेकर पहुंचीं और माता के चरणों में अर्पित कर आशीर्वाद मांगा। पूरा मंदिर परिसर "जय माता दी" के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने आरती और भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि मां शैलपुत्री को शक्ति, साहस और उत्साह प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। उनकी पूजा से भय का नाश होता है और जीवन में यश, कीर्ति, धन तथा विद्या की प्राप्ति होती है। साथ ही उनकी आराधना से मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त होता है। इसी कारण नवरात्र का पहला दिन विशेष रूप से मां शैलपुत्री को समर्पित किया जाता है।

भक्तों का कहना था कि नवरात्र का आरंभ माता शैलपुत्री की पूजा से करने पर नौ दिनों की साधना को पूर्णता प्राप्त होती है। एक श्रद्धालु ने बताया कि "नवरात्र में हर दिन एक विशेष देवी की पूजा का विधान है, लेकिन पहला दिन सबसे महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह शक्ति उपासना की नींव रखता है।"

काशी के विभिन्न इलाकों में सुबह से ही दुर्गा मंदिरों में विशेष सजावट और पूजन-अर्चन हुआ। कहीं दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया तो कहीं कन्या पूजन की तैयारी नजर आई। श्रद्धालु घरों में कलश स्थापना कर देवी के नौ रूपों की उपासना की शुरुआत कर चुके हैं।

नवरात्र के अवसर पर सुरक्षा और सुविधा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम ने मंदिर परिसरों की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

शारदीय नवरात्र का यह शुभारंभ काशीवासियों के लिए आस्था और ऊर्जा का नया संचार लेकर आया है। श्रद्धालु मां के नौ स्वरूपों की आराधना कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना करेंगे। अगले नौ दिनों तक शिवनगरी भक्तिरस और शक्ति साधना में डूबी रहेगी।

# शारदीय नवरात्रि का पहले दिन देवी मंदिरों पर उमड़े श्रद्धालु

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन यानी आज दिन भर छोटे-छोटे ग्रामीण देवी स्थानों से लेकर जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित देवी मंदिरों तक पर सबेरे से लेकर देर शासम तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का तांता लगा रहा। देवी मंदिरो के परिसरों एवं आसपास के वातावरण में कर्पूर, धूप, अगरबत्ती आदि की मादक सुगंध घुली रही। सूर्योदय होते ही श्रद्धालुओं का रंग-विरंगे फूलों व पूजा की अन्य सामग्री के साथ देवी मंदिरों पर पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं में महिलाओं की तादात ज्यादा रही। सर्वत्र दर्शन-पूजन के लिए उमड़े लोगों ने श्रद्धाभाव से पूजा-पाठ किया। प्रातः काल से लेकर देर शाम तक मंदिरों के परिसर भगवती दुर्गा के जयकारे से गूंजते रहे।



- भगवती दुर्गा के जयकारे से गूंजे मंदिरों के परिसर
- वातावरण में घुली कर्पूर, धूप व अगरबत्ती की मादक सुगंध
- ग्रामीण से लेकर शहर-कस्बों तक मची शक्ति की अधिष्ठात्री की पूजा-उपासना की धूम

शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती दुर्गा की उपासना के इस पर्व का श्रीगणेश होने के साथ ही श्रद्धालुओं ने नवरात्र का व्रत भी प्रारंभ कर दिया है। हजारों घरों में कलश की स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का विधि-विधान पूर्वक पाठ भी शुरू हो गया है, जिसका पारायण नवमी के दिन हवन के साथ होगा। श्रद्धालुओं की सर्वाधिक आवाजाही खन्हवार, मैनपुर कोट, धर्मसमधा (रामकोला) व कुलकुला स्थित देवी मंदिरों पर रही। दर्शन-पूजन का यह सिलसिला पूरे नवरात्र भर जारी रहेगा। खिरकिया स्थान, लखराव, बुढ़िया माई (पडरौना), पिजवा स्थान, दुवौली माई मंदिर, चेड़ा माई मंदिर आदि के अलावा गांव- गांव स्थित काली माई, कोट भवानी, समाता माई, शीतला माई आदि के स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ कर अपने भक्ति-भाव की तुष्टि की। जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित देवी मंदिरों के अलावा हजारों श्रद्धालुओं ने इस जिले की सीमा से थोड़ी ही दूरी पर स्थित विहार के गोपालगंज जिले के थावे तथा पश्चिमी चम्पारण जिले के मदनपुर जंगल के दुर्गा मंदिरों में भी पहुँचकर दर्शन-पूजन किया। परम्परागत रूप से विन्ध्याचल स्थित सिद्ध पीठ पर भी शक्ति की अधिष्ठात्री के दर्शन-पूजन के लिए इस अंचल से हजारों लोग गये हुए बताये जा रहे हैं।

**शिलान्यास** खरदर माता स्थान का सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों का विधायक पीएन पाठक ने किया शिलान्यास

# सरकार लोककल्याण के संकल्प के साथ कर रही काम : पीएन पाठक

- शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन एक करोड़ 53 लाख की सौगात

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर तीन संत गाडगेनगर नौकाटोला में खरदर माता स्थान का 1.53 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों का कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने विधि-विधान से पूजन किया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलान्यास किया।

विधायक श्री पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ऐतिहासिक विकास कार्य कर रही है। आमजन को सड़क,आवास, पेयजल, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं दिया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य विकास है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार लोककल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आमजन के लिए उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, सौभाग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना चलाकर सभी वर्गों के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। धार्मिक महत्व को बढ़ावा देने के किए प्रमुख धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार किया जा रहा है। खरदर माता स्थान मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, साइनेज और बेंच सहित अन्य विकास कार्य होगा।



नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में सर्वांगीण विकास हो रहा है। नपा क्षेत्र में सड़क, नाली,लाइट, पेयजल समेत अन्य सुविधा से लैस किया जा रहा है।

नवरात्रि के पहले दिन शिलान्यास कार्यक्रम में भारी संख्या में मां खरदर मंदिर पहुंचे लोगो को गायक अनमोल दास, गायिका मोना प्रियंका ने भक्ति गीतों से खूब झुमाया जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का शिलान्यास होने पर कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक का स्वागत करते हुए उनके प्रति लोगों ने धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया है। संचालन दिनेश तिवारी और आभार राज पाठक ने जताया।

इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष कुशीनगर किरन जायसवाल, सभासद सूर्यनाथ यादव, राज पाठक, राकेश यादव, कन्हैया यादव, संजय, छागुर कुशवाहा, कन्हैया राय, फूलबदन यादव, राजेंद्र, रामसेवक, जोखन वर्मा, गोरख वर्मा, गणेश वर्मा, नंदू, बाबूलाल कुशवाहा, अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला, जेई गोपाल राय, अभिजीत सिंह समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### हनुमानगढ़ी रेहरा बाजार में खरीदी गई 525000 दुर्गा प्रतिमा



**बलरामपुर।** रेहरा बाजार ग्राम सभा माहतीनिया में दुर्गा प्रतिमा की खरीदारी के लिए दिनांक 21 सितंबर से 22 सितंबर को खरीदारी के लिए दूर–दूर से लोग आए जैसे कूड़ासन बाजार गोंडा कुतुबगंज बाजार जिला गोंडा सादुल्लाह नगर बाजार ग्वालियर गिरंट नए नगर बाजार के आसपास के लोगों ने मां दुर्गा प्रतिमा की खरीदारी की करिगार ने बताया लगभग 64 मूर्तियां बनाई गई जिनकी कुल लागत 6 :30 लाख के करीब है पंडाल में सबसे महंगी मूर्ति रही हनुमानगढ़ रेहरा बाजार जिसकी कीमत 25000 बताया।

### वन्य जीव हमले से पीड़ति परिवार को सीडीओ ने बंधाया ढ़ाढस



**कैसरगंज,बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक व नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव के साथ तहसील कैसरगंज अन्तर्गत वन्य जीव प्रभावित ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के गंधु झाला गांव पहुंच कर वन्यजीव हमले से शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढ़ाढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि पीडित परिवार के घर पर पहले से मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी ने उप जिलाधिकारी व वन विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। एसडीएम कैसरगंज श्री सिंह ने बताया घायलो और मृतकों की सूची बनाकर शासन को भेजी जा रही है जल्द की मुआवजा दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पार्टी पदाधिकारी गौरव वर्मा, रामबचन सोनी, सीता राम पाण्डेय, बद्री अवस्थी, सरदार सिंह, सतगुर प्रसाद व लल्लन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### टेलीकाम से 43 लाख की केबिल ले उडे चोर




**रुपईडीहा, बहराइच।** भारत नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस समय चोरों का आतंक कायम है। सारी रात जागकर ग्रामीण युवक लाठियां लेकर पहरा दे रहे हैं। रात भर जागते रहो की आवाजें गूंजती हैं। नेपाल टेलीकाम के नेपालगंज स्थित कार्यालय में बीती 21/22 सितंबर की रात चोर 43 लाख रुपयों की केबिल चुरा ले गाएं। कार्यालय के सूचना अधिकारी मुक्ति गेवाली ने जानकारी देते हुए बताया कि टेलीकाम सर्विस में पुरानी केबिल उतार कर नई केबिल लगाने के लिए नई केबिल आयी थी। इस केबिल में तांम्बे का तार होता है। इसीलिए इस कीमती केबिल को चोर चुरा ले गए। गेवाली कहा कि इसकी सूचना मैंने नेपालगंज पुलिस कार्यालय में लिखित रूप में दे दी है।

### मंझारा तौकली में भेड़िया का आतंक थमने का नाम ही नही ले रहा है

**कैसरगंज,बहराइच।** तहसील कैसरगंज के मंझारा तौकली में भेड़िया का आतंक थमने का नाम ही नही ले रहा है। आज दिन के करीब 10 बजे दर्दनाक घटना ने पूरे गांव और क्षेत्र को दहला दिया, जी हाँ गंधु झाला गांव मे 3 वर्ष का मासूम बच्चा को उसके माँ के गोद से उठा ले गया। उक्त घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह पूर्व प्रमुख सत्यदेव सिंह अपने टीम के साथ पहुंचे और परिवार वालों से मिले अध्यक्ष ने मिडिया से बताया बहुत ही दु :खद घटना हैं। 10 दिनों से मंझारा तौकली में भेड़ियों या तेंदुआ का आतंक हैं। जिसपर वन विभाग लगा हुआ पर अभी एक भी जानवर नहीं पकड़ा गया और न ही बता पा रहे की कौन सा जानवर है। प्रशासन लापरवाह जो नाम तक नहीं बता पा रहें। ग्रामीण बताते हैं तो मान नहीं रहे मेरी मांग है। प्रशासन और वन विभाग से इस आतंक जानवरो को जल्द पकड़े और जो लोग मारे गए हैं। उनके परिवार को सहायता राशि दिलाये।

### शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ, देवी प्रतिमा का पट्टोद्धाटन भक्तिभाव से सम्पन्न



पयागपुर,बहराइच। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन नगर का वातावरण भक्ति, आनंद और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। परम पूज्यनीय गुरुदेव श्री श्री 108 मौनी बाबा जी के आशीर्वाद से यजमान श्री कुंज बिहारी शर्मा ने विधिवत रूप से मां दुर्गा की प्रतिमा की नेत्र पट्टी खोली और नवरात्रि अनुष्ठानों का शुभारंभ किया। इस दौरान पताका पूजन कर देवी आराधना का संकल्प भी लिया गया।
श्रीराम जी शास्त्री के सान्निध्य में संपन्न हुई विशेष पूजा–अर्चना के समय पूजा परिसर देवी स्तुतियों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। प्रात :कालीन आरती में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से मां भगवती का स्मरण करते हुए आराधना की और मां जगदम्बा की दिव्य ज्योति के दर्शन कर आत्मिक आनंद प्राप्त किया। श्रद्धालु उमंग, उत्साह और नवचेतना से ओतप्रोत होकर देवी मां के चरणों में भक्ति भाव से नतमस्तक हुए। पूजन अवसर पर समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में राम प्रसाद शर्मा, शिव जी मिश्रा, मनोज अग्रवाल, संतोष बागड़िया, रमेश नौसरिया, श्याम बिहारी शर्मा, राहुल मित्तल सहित नगर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

### संगठनों ने पुलिस कार्रवाई को बताया अनुचित



**उतरौला (बलरामपुर)।** कानपुर में आई लव मोहम्मद बैनर प्रकरण को लेकर हुई पुलिसिया कार्रवाई का विरोध अब बलरामपुर तक पहुँच गया है। शुक्रवार को नगर के विभिन्न संगठनों एवं समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। अरबी मदारिस मैनेजर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अयाज मुस्तफा खान, सपा विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक व ग्राम प्रधान बहलोल आरिफ नियाजी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि आई लव मोहम्मद लिखना पैगंबर साहब के प्रति श्रद्धा और प्रेम की सहज अभिव्यक्ति है। यह किसी भी रूप में न तो अपराध है और न ही समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली गतिविधि। पैगंबर साहब से मोहब्बत और आदर व्यक्त करना प्रत्येक मुस्लिम का धार्मिक कर्तव्य और आस्था का विषय है। इसको लेकर किसी तरह की पुलिसिया कार्रवाई करना अनुचित है। हम सरकार और प्रशासन से अपील करते हैं कि इसे विवाद का रूप न दिया जाए बल्कि आपसी भाईचारे और शांति को बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान ग्राम प्रधान अवकात अली, उतरौला मुस्लिम यतीमखाना अध्यक्ष हसीब शेख, पूर्व प्रधान मोहम्मद फारुख व राजू खान, हाजी छन्नन खां, निहाल खां, अंसार अली, छब्बू शाह, अकील सिद्दीकी, अली, मैराज, बब्लू वारसी, जुनैद खान, एहसान अहमद, सोनू, अज्जू मलिक, इश्तियाक अहमद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित राजस्व तथा कर करेत्तर व राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर सिंचाई विभाग के सभी खंडों के अधिशासी अभियंताओं के वेतन को रोकने के दिये निर्देश



विश्ववार्ता संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित राजस्व तथा कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चल रही राजस्व वसूली की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई तथा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए सिंचाई विभाग के सभी खंडों के अधिशासी अभियंताओं (XEN) के वेतन को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने इस प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की उदासीनता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद की सभी तहसीलों में कर वसूली के अंतर्गत 10-10 बड़े बकायेदारों की सूची संबंधित कार्यालयों के सूचना पट पर चस्पा की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और बकायेदारों पर सामाजिक व प्रशासनिक दबाव बने। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को चेताया कि राजस्व वसूली के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर उपलब्ध डेटा के आधार पर प्रत्येक विभाग की प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है, इसलिए सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारीगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया स्वागत



विश्ववार्ता संवाददाता

**कैसरगंज, बहराइच।** विकास खण्ड कैसरगंज के नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने उन्हें माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र ने स्वागत एवं विश्वास के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों को मिल-जुलकर दूर किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, महामंत्री बृजेश प्रताप चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष अरविन्द कुमार शुक्ला, मंत्री अनिल कुमार, वरिष्ठ सदस्य राहुल गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, शिक्षा मित्र संघ अध्यक्ष राम गोविंद यादव, प्रवेश कुमार अवस्थी एवं अजय श्रीवास्तव समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत समारोह सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और उपस्थित जनों ने नवांगतुक अधिकारी को शुभकामनाएँ दीं।

## अपर जिला जज ने किया राजकीय संप्रेक्षण गृह व वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोंडा।** अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने सोमवार को अयोध्या रोड स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह व स्टेशन रोड स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक संतोष कुमार दूबे ने बताया कि वर्तमान में कुल 65 किशोर आवासित हैं, जिन्हें शासन के अनुसार निर्धारित सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपर जिला जज ने आवासित किशोरों से उनके मुकदमों की प्रगति की जानकारी ली। अपर जिला जज दानिश हसनैन ने अधीक्षक संतोष कुमार दूबे को संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने व किशोरों की काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। सीसीटीवी कैमरे चलते पाये गये। स्टेशन रोड स्थित वन स्टाप सेंटर पर कुल 06 पीड़िताओं को रखा गया है। वन स्टाप सेंटर की प्रभारी चेतना सिंह ने बताया कि सभी पीड़िताओं को समय से भोजन व आवास सहित सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन पीड़िताओं को चिकित्सा सुविधा और काउंसलिंग की आवश्यकता है उन्हें वो सुविधाएं भी समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं। अपर जिला जज ने प्रभारी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता वाली पीड़िताओं के प्रार्थना पत्र को तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय भेजने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस काउंसिल बृजलाल तिवारी, राजकीय संप्रेक्षण गृह के केयरटेकर रमाशंकर कनौजिया, कंचन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# ई–रिक्शा लोडर से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद




विश्ववार्ता संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने हेतु जारी सख़्त निर्देशों के अनुपालन में उतरौला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार, 21 सितंबर 2025 को कोतवाली उतरौला पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान एक ई-रिक्शा लोडर से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक त्रियुगी प्रसाद शर्मा की टीम जिसमें उपनिरीक्षक अनिल यादव, हेड कांस्टेबल विनोद यादव, कांस्टेबल अखिलेश कुमार और कांस्टेबल दान श्रीवास्तव शामिल थे—त्योहारों के मद्देनज़र क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की तलाशी कर रही थी।

ग्राम मधपुर नहर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक ई-रिक्शा लोडर को रोका। तलाशी में आठ गत्तों में भरे विभिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद हुए। मौके पर पकड़ा गया अभियुक्त अरुण कुमार, पुत्र भीखीलाल, निवासी हुसैनाबाद थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर का रहने वाला है।

बरामदगी के आधार पर कोतवाली उतरौला में मुकदमा अपराध संख्या 149/2025 धारा 288 भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) एवं 9(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत दर्ज किया गया। पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियानों को लगातार चलाया जाएगा। पटाखों की अवैध बिक्री एवं परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना या अवांछनीय घटना को रोका जा सके।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है और कहा है कि ऐसे प्रयासों से त्योहारों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

## राजकीय संप्रेक्षण गृह व वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

**गोंडा।** अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने सोमवार को अयोध्या रोड स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह व स्टेशन रोड स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक संतोष कुमार दूबे ने बताया कि वर्तमान में कुल 65 किशोर आवासित हैं। अपर जिला जज ने आवासित किशोरों से उनके मुकदमों की प्रगति की जानकारी ली। अपर जिला जज दानिश हसनैन ने अधीक्षक संतोष कुमार दूबे को संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने व किशोरों की काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। सीसीटीवी कैमरे चलते पाये गये। स्टेशन रोड स्थित वन स्टाप सेंटर पर कुल 06 पीड़िताओं को रखा गया है। वन स्टाप सेंटर की प्रभारी चेतना सिंह ने बताया कि सभी पीड़िताओं को समय से भोजन व आवास सहित सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## कम्पोजिट विद्यालय सराय खास में छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए एक सराहनीय पहल



विश्ववार्ता संवाददाता

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** कम्पोजिट विद्यालय सराय खास में छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए एक सराहनीय पहल की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश मिश्र एवं विद्यालय के शिक्षकों ने आपसी सहयोग से धन एकत्र कर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टाई और बेल्ट वितरित किए।

इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 300 छात्र-छात्राओं को टाई और बेल्ट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य भानु प्रकाश मिश्र ने कहा कि "बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन और स्वच्छता की आदत डालना आवश्यक है। यूनिफॉर्म से उनमें समानता और एकरूपता की भावना पैदा होती है।"

इस अवसर पर शिक्षक अमित त्रिपाठी, मुकेश कुमार वर्मा, सुशील त्रिपाठी, मुकेश पांडे, बिंदू मौर्या और खुशबू सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी खुशी जाहिर की और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# होटल दलाल व रिक्शा चालकों के उत्पीड़न का शिकार हो रहे नेपाली यात्री



विश्ववार्ता संवाददाता

**रुपईडीहा, बहराइच।** पड़ोसी नेपाली जिला बांके के होटल व्यवसायी संघ ने थाने पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर नेपाली यात्रियों के उत्पीड़न के बारे शिकायत की। नेपाल के सबसे बड़े राष्ट्रीय, सांस्कृतिक व धार्मिक पर्व दशहरा मनाने नेपाली नागरिक स्वदेश लौट रहे हैं।

इसी के साथ रुपईडीहा में इनका उत्पीड़न शुरू हो गया है। रविवार की सुबह होटल व्यवसायी संघ बांके के अध्यक्ष भीमलाल कंडेल, उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद पोखरेल व कोषाध्यक्ष एकनाथ पांडेय ने रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है कि नेपालगंज के छोटे छोटे होटलों ने अपने दलाल छोड़ रखे हैं। इनमें नेपाली महिलाएं भी हैं। ये लोग प्रातः 6 बजे एसएसबी का बैरियर खुलने का इंतजार नही करते। रुपईडीहा के पूरब व पश्चिम खुली सीमा का लाभ उठाकर सुबह 4, 5 बजे रुपईडीहा आ धमकते हैं। बस वाले उत्तराखंड से नेपाली सवारियां लेकर थाने के अगल बगल खड़ी कर सवारी उतार देते हैं। ऐसे में ई रिक्शा, पैडल रिक्शा चालक नेपाली दलालों से मिलकर मनमाना किराया वसूल कर बांट लेते हैं। इसके बाद नेपाली दलाल इन्हें अपने होटलों में लेजाकर रात में रुकवाते हैं व भारी भरकम वसूली करते हैं। उत्तराखंड की ये बसें कभी एक किलोमीटर दूर राना पेट्रोल पंप व लार्ड बुद्धा पीजी कालेज पर भी खड़ी कर देते हैं।

नेपाली दलाल व ई रिक्शा चालक वहां 1 किलोमीटर के लिए 4 सौ से 1 हजार रुपये प्रति सवारी वसूल लेते हैं। एसएचओ ने कार्यवाही करने का इन्हें आश्वाशन दिया है। यही शिकायत इन लोगों ने एसएसबी 42वी वाहिनी की रुपईडीहा बीओपी पर असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक कुमार व इंस्पेक्टर कुमार ऋतुराज से मिलकर की। इन लोगों ने भी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे से रंगदारी मांगने वाले चार आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



विश्ववार्ता संवाददाता

**गोंडा।** सोमवार को कोतवाली देहात पुलिस ने गोंडा जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के पुत्र चंदन मिश्रा के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी देने रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी चार अभियुक्तों को जनेऊ गांव के मोड़ से गिरफ्तार करने का दावा किया है।

घनश्याम मिश्रा के पुत्र के साथ 12 सितंबर को हुई घटना जिले में सुर्खियों में छाई रही जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा दी गई तहरीर पर 36 घंटे के बाद कोतवाली देहात में मुकदमा पंजीकृत हुआ था सूत्रों की माने तो इस मामले में विपक्षी भी कैसरगंज संसद के करीबी माने जाते हैं मिशन शक्ति का शुभारंभ करने के लिए जनपद में आए प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान के समक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने भरी मीटिंग में बेटे के साथ हुई बदसलूकी का मामला उठाया था मीडिया के लोगों द्वारा भी इस पर सवाल किया गया मंत्री के हस्तक्षेप के बाद खुद पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को सफाई देनी पड़ी थी सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि आरोपियों की तलाश में भारी पुलिस बल के साथ उनके ठिकानो पर छापेमारी की थी पुलिस के द्वारा जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में घटना में शामिल चार आरोपी नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल चारों अभियुक्त की गिरफ्तारी का अंदाज जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बेपटरीहाईवे पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से जाम

**कैसरगंज, बहराइच।** मुख्यालय बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। यहां नेशनल हाईवे पर डग्गामार वाहनों और बैटरी रिक्शा की अव्यवस्थित पार्किंग से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। बस स्टैंड कैसरगंज से कई शहरों के लिए बसें चलती हैं। यहां यात्रियों का आवागमन भी अधिक होता है। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं है। तीन रोडवेज बसों ने पूरे बस मार्ग को अवरुद्ध कर रखा है। इस अव्यवस्था का सबसे बड़ा खामियाजा आपातकालीन सेवाओं को भुगतना पड़ता है। एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवाएं जाम में फंस जाती हैं। यहां चलने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी तक नहीं है। इतने महत्वपूर्ण स्थान पर सुरक्षाकर्मियों की अनुपस्थिति चिंता का विषय है। यदि इस व्यस्त स्थान पर ही सुरक्षा व्यवस्था इतनी लचर है, तो अन्य स्थानों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## अफवाह वाले चोर के चक्कर में छिड़ी जंग

» चोरी की अफवाह फैलाकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में संलिप्त 4 आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोंडा।** रविवार को रात्रि लगभग 11:00 बजे मोहल्ला पटेल नगर, में दो पक्षों के बीच चोर चोर की अफवाह फैलाने से विवाद शुरू हो गया और आपस में ही लाठी डंडा गुम्मा चलने लगा मौके पर दोनों पक्षी की ओर से भारी भीड़ इकट्ठा हो गई बढ़ते विवाद को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना स्थल पर मंजूर आलम उर्फ बुच्चा, नूर मोहम्मद पुत्र मो. इब्राहिम, सज्जाद पुत्र गुलाम अब्बास, सनी पुत्र इस्लाम अली, जाबिर अली,बब्बू, आसिक अली पुत्र इस्लाम, रईश उर्फ गोलू, अनीस पुत्र जमील, अब्दुल कादिर, अब्दुल तालिब उर्फ बब्लू, आफताब पुत्र अब्दुल खालिक, चुनउ उर्फ माजिद अली पुत्र मो० अली सहित लगभग 15-20 अज्ञात व्यक्ति उपस्थित थे। ये सभी लोग हाथ में लाठी-डंडा, चाकू आदि लेकर एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। भीड़ ने आपस में पत्थरबाजी भी की। झगड़े में कई लोग चोटिल हुए थे कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्तियों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया।

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अफवाह फैलाने वाले दोनो पक्षों के विरुद्ध समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए 4 आरोपी अभियुक्तों- मंजूर आलम उर्फ बुच्चा पुत्र मो. इब्राहिम, अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल कालिक, अब्दुल तालिब उर्फ बब्लू पुत्र अब्दुल खालिक चुनऊ उर्फ माजिद अली पुत्र मो. अली को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

## श्री ज्वाला देवी मंदिर उतरौला का प्राचीन आस्था–केंद्र

**उतरौला (बलरामपुर)।** नव रात्रि के पावन अवसर पर पूरा नगर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की भक्ति में रंगा हुआ है। इसी श्रद्धा-सागर का सबसे प्रमुख तीर्थ है नगर के मध्य राजमार्ग से सटे मोहल्ला गांधी नगर में स्थित श्री ज्वाला महारानी देवी मंदिर, जिसे उतरौला राज्य का सबसे प्राचीन और चमत्कारी मंदिर माना जाता है। भक्तों की मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है, इसलिए नवरात्र के दिनों में यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है।

मंदिर की स्थापना का सटीक काल ज्ञात नहीं, लेकिन किंवदंतियां बताती हैं कि यह स्थल मुस्लिम शासन काल से भी पहले का है। कथा के अनुसार, जब राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया तो उनकी पत्नी सती ने यज्ञ-कुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए।

**स्वास्थ्य** | थीम के अनुरूप सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा

# उतरौला में "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार" स्वास्थ्य शिविर संपन्न




विश्ववार्ता संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** प्रदेश सरकार की "सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा" थीम के अनुरूप सोमवार, 22 सितंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार" अभियान के तहत एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन राज्यव्यापी आठवां राष्ट्रीय पोषण माह और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत किया गया, जिसका संदेश स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जुड़ा है।

शिविर का शुभारंभ विधायक राम प्रताप वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा, "स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की नींव है। सरकार की प्राथमिकता है कि हर महिला तक समय पर स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा पहुँचे।"

डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि इस शिविर में महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, पोषण संबंधी सुझाव और आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम डॉ. संजय कुमार, डॉ. विनय कुमार, डॉ. यासिर खान, डॉ. सत्यम सिंह, आशुतोष कुमार उपाध्याय, विजय किशोर तिवारी, अरुण कुमार और पवन कुमार श्रीवास्तव ने रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, स्त्री रोग तथा गर्भावस्था संबंधी जांच की सेवाएं दीं।

गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच, किशोरियों के लिए एनीमिया परीक्षण, स्तन और गर्भाशय से जुड़ी बीमारियों की स्क्रीनिंग, टीकाकरण और पोषण परामर्श जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिक्षा काउंटर पर महिला स्वास्थ्यकर्मियों ने संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम के महत्व पर जानकारी दी।

स्थानीय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं सुबह से ही पंजीकरण काउंटर पर पहुंचीं। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे शिविर न केवल उपचार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

नगरवासियों ने विधायक राम प्रताप वर्मा और स्वास्थ्य विभाग की टीम को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा, ताकि "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार" का संदेश घर-घर तक पहुँच सके।

यह शिविर न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि पोस्टर पर अंकित संदेश"सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष"को साकार करता हुआ महिलाओं को सशक्त समाज का आधार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एक नजर

### शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिनमाता शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन



**चुनार (मिर्जापुर)।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां का जयकारा लगाते हुए माता शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन किए। सुबह चार बजे भोर में ही मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया।क्षेत्र के अलावा वाराणसी,जौनपुर, भदोही,चंदौली,सोनभद्र आदि जिले से आए श्रद्धालुओं ने नारियल,चुनरी,लाचीदाना, पेड़ा,लड्डू, गुड़हल का मालाफुल आदि प्रसाद लेकर कतार में खड़े हो कर मां का जयकारे लगाते हुए गर्भगृह में पहुंच कर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रहा।एसपी,एएसपी ओपी सिंह के निर्देश पर सीओ मंजरी राव, कोतवाल विजय शंकर सिंह,मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज कुमार संतोष ने दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

### साधन सहकारी समिति का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ सिकटा गांव साधन सहकारी समिति का बीती रात चोर ताला तोड़करनगदी समेत लाखों का सामान उठा लेगए। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन मेंजुट गई है। क्षेत्र के महुगढ़ सिकटा गांव मेंसाधन सहकारी समिति है। समिति के सचिव अवकाश पर गए थे। आंकिक दीपचंद्र सुबह लगभग दस बजेसदस्यता अभियान सेसमिति पर लौटे तो चैनल का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। कार्यालय का भीताला टूटा पड़ा था। उसमेंरखेइनवर्टर, बैट्री, कंप्यूटर, एलईडी टीवी, लैपटॉप, ऑपरेटर का बैग, आठ हजार रुपए, बायोमेट्रिकडिवाइस गायब थे।उन्होंनेतत्काल घटना की सूचना विभागीय अधिकारियों और ग्राम प्रधान को दी। हलिया थानेमेंतहरीर देकर कार्रवाई की मांग कीहै। समिति के आंकिक दीपचंद नेबताया कि लगभग तीन लाख रुपए सेअधिक की चोरी हुई है। किसी भी समितियों पर सीसीटीवीकैमरा नहीं लगा है। सीसीटीवी कैमरा लगा होता तो चोरों की पहचान हो सकती थी। इस संबंध मेंहलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमारश्रीवास्तव नेबताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगेकी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही घटना काखुलासा किया जाएगा।

### पति के गुम होने पर पत्नी ने दिया तहरीर



हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौहा गांव निवासी मदीना ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर पति के गुम होने पर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की मेरे पति वकील रविवार की सुबह 7 बजे घर से पैदल निकले की लौटकर वापस नहीं आये है। काफ़ी खोजबीन करने के बाद भी कही पता नहीं चलने पर सूचना दे रही हूँ। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पति के गुम होने पर पत्नी द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है। जांच के बाद गुमशुदगी दर्ज किया जायेगा।

### एंटी रोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान



**फतेहपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति व एंट्री रोमियो टीम थाना कल्यानपुर ने शक्ति दीदी अभियान के तहत चेकिंग की। महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति, एंटीरोमियो, साइबर जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1090 विमेन पावर हेल्प लाईन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102, 108 एम्बुलेंस स्वास्थ, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, सीओजी नं0-9454403343 आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बालिकाओ से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में पूछा गया। किसी ने कोई समस्या नहीं बताई।

### पुत्री के गुम होने पर पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी रिपोर्ट

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी शिव प्रसाद कहार ने रविवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर पुत्री के गुम होने पर गुमसुदगी दर्ज कराई है। पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की पुत्री 25 वर्षीय सविता घर से 20 सितंबर को घर से 9 बजे रात ननिहाल थाना क्षेत्र के अहुगी कला जाने की बात कहकर चली गई जो वापस लौट कर घर नहीं आई जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पुत्री के गुम होने पर पिता की तहरीर पर गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### दहेज हत्या के मामले में पति और सास को आजीवन कारावास की सजा

**हरदोई।** अतिरिक्त जिला न्यायधीश प्रथम ने आठ साल पुराने दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या करने वाले पति और सास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों मां-बेटा पर 20-20 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया 30 मार्च 2017 को वादी ने कोतवाली देहात पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि मो0 वसीम पुत्र वन्ने मियां व अनीसा बानो पत्नी वन्ने मियां निवासी गण नानकगंज झाला कोतवाली देहात द्वारा अतिरिक्त दहेज की माँग को लेकर वादी की बेटी को प्रताड़ित किया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर धारा 498ए/304बी भादवि .व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अदालत में मुकदमा चलने के दौरान दोनों मां-बेटे को दोषी पाया गया। सोमवार को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश प्रथम ने सुनवाई करते हुए उपरोक्त मो0 वसीम और अनीसा बानो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों मां-बेटा पर 20-20 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

### एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस कार्यालय की शाखाओं का किया निरीक्षण

**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सोमवार को पुलिस कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष का निरीक्षण कर शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। सोमवार को फरियादियों की शिकायतें सुनने के बाद नवागत एसपी अशोक कुमार मीणा ने प्रधान लिपिक, आईजीआरएस, जन शिकायत प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय, सोशल मीडिया सेल, एएसपी पेशी कार्यालय, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली कक्ष, डीसीआरबी, विशेष जांच प्रकोष्ठ, रिट सेल, गोपनीय कार्यालय, सीसीटीएनएस व सीओ ट्रैफिक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों से वार्ता कर कार्य करने के तौर-तरीके जाने। समय से कार्यालय आकर कार्य करने और रिकॉर्ड को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। अभिलेखों के रखरखाव को भी चेक किया। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर करने के लिए आरआई को निर्देश दिए। डीसीआरबी प्रभारी को इनामिया अपराधियों की सूची उपलब्ध कराते हुए उन पर शीघ्र कार्रवाई कराने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर समाधान का आश्वासन भी दिया। इस दौरान शाखा प्रभारी व विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# श्रीबाल रामलीला का एसडीएम ने किया शुभारंभ

## 14 दिवसीय मंचित होने वाली रामलीला का भव्य उद्घाटन रविवार रात को धूमधाम से संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहाबाद/हरदोई।** चौक स्थित रामलीला मैदान में श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर के तत्वावधान में 53 वें वर्ष की 14 दिवसीय मंचित होने वाली रामलीला का भव्य उद्घाटन रविवार रात को धूमधाम से संपन्न हुआ। ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ कमेटी के पदेन संरक्षक एसडीएम अंकित तिवारी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि एसडीएम अंकित तिवारी,मेला कमेटी के संस्थापक राजेश बाबू,संरक्षक विनोद प्रकाश गुप्ता,डॉ० मुरारी लाल गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता,सोनपाल यादव, सत्य प्रकाश गुप्ता, नलिन गुप्ता (डब्लू), अतुल गुप्ता, विनय रस्तोगी, अभय सिंह, मेलाध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता, महामंत्री वासू वर्मा, निरीक्षक राजीव गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रथम पूज्य देव गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया।

मंच का संचालन मेला व्यवस्थापक अम्बरीश द्विवेदी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी वाक्पटुता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेहमान कलाकारों ने सभी आगंतुकों का स्वागत,स्वागत गान से किया। मुख्य अतिथि अंकित तिवारी को मेला कमेटी की ओर से ₹जय श्री राम₹ नाम का पटका और धार्मिक तस्वीरों को भेंट कर सम्मानित किया गया।

श्री तिवारी ने अपने संबोधन से पहले कमेटी का हृदय से आभार जताया और कहा कि यह त्योहारों के आने का शुभ समय है,और आज से आपकी रामलीला का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने दर्शकों से आह्वान किया कि वे आराध्य प्रभु राम के जीवन पर आधारित रामलीला का आनंद लें, और एक नागरिक के तौर पर भगवान श्री राम के जो हमारे जीवन के आदर्श हैं,उनसे सभी लोग सीख लें, और कहा कि आदर्श और मर्यादा को अपने जीवन में उतारने का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट के तौर पर सभी से अनुरोध किया कि वे जिम्मेदारी और सावधानी से अपने को सुरक्षित रखते हुए सारे त्योहार मनाएं, और एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हुए खूब आनंद करें।

मेलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि सहित मेला कमेटी के सभी पदाधिकारियों और नगर सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए महिलाओं,बच्चों तथा गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया।

उद्घाटन के बाद,गोवर्धन (मथुरा) की सुप्रसिद्ध टीम के कलाकारों द्वारा श्रवण लीला का भावपूर्ण और लयबद्ध तरीक से मंचन प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मेला संस्थापक,मेला सरंक्षक मंडल,मेला महामंत्री आदि सहित विशिष्ट उपाध्यक्ष शिवनन्दन वर्मा,सुमत अग्रवाल, एड० राम जी तिवारी, एड० अमित गुप्ता,अतुल मिश्रा, देवेन्द्र गुप्ता (गुड्डू),मंच व्यवस्थापक रमेश चन्द सैनी, कमलेश शुक्ला (महात्मा),भोले त्रिवेदी,रामचन्द्र गुप्ता गुड्डू,राजीव गुप्ता (एसीसी), सत्यवीर शुक्ला, डॉ० मनीष शर्मा, मनीष रस्तोगी, देवेश अवस्थी, राहुल श्रीवास्तव, कौशल सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में रामलीला प्रेमी उपस्थित रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**फतेहपुर।** अमौली मार्ग में बिलौना मोड़ के पास सोमवार को तेज रफ्तार बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। जबकि तीन लोग घायल हुए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। परिजनों को सूचना मिली कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दिया।

जाफरगंज थाने के समसपुर निवासी महेश साहू पुत्र कमलेश साहू (35) व अभिषेक (30) बाइक से जोनिहां आ रहे थे। तभी बिलौना मोड़ के पास दिलावलपुर गांव के रहने वाले बाइक सवार अंकित व उसके साथ एक अन्य साथी की आमने सामने बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कोहराम मच गया। गंभीर घायल हुए महेश साहू ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल अभिषेक, अंकित व एक अन्य को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज आगे की जांच शुरू कर दिया।

### नवदुर्गा पूजन पंडाल में नौ दिवसीय उत्सव का शुभारंभ

**शाहाबाद हरदोई।** श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल में मां ज्वाला की ज्योति हिमाचल प्रदेश से आमंत्रित कर नगर में लाई गई। जिस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।मां ज्वाला जी की ज्योति का रविवार सुबह करीब 8 बजे कस्बे के मोहल्ला अल्लाहपुर में समिति के सदस्यों व सैकड़ो की संख्या में भक्तजनों ने स्वागत किया।ज्योति की विशाल शोभायात्रा शाम को करीब 6 बजे गाजे बाजे व ढोल नगाड़ों के साथ कस्बे की सरदारगंज पुलिस चौकी से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा में मां ज्वाला जी की ज्योति, कलश ,श्री गणेश जी ,श्री हनुमान जी ,मां दुर्गा जी तथा काल भैरव के स्वरूपों को की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नवदुर्गा पूजन महोत्सव पंडाल में मां ज्वाला जी की ज्योति को पूर्ण विधि विधान से पुरोहितों द्वारा पूजन अर्चन कर पंडाल में स्थापित किया।

## विद्यालय का ताला तोड़कर राशन बर्तन गैस सिलेंडर चोरी

विश्ववार्ता संवाददाता



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहरौरा डीह गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय अहरौरा डीह के रसोईघर व कमरे का ताला तोड़कर चोर रविवार की रात्रि गैस सिलेंडर, सहित बर्तन एव चावल गेहूं उठा ले गए। सोमवार को सुबह जब विद्यालय के अध्यापक पहुंचे तो विद्यालय के कमरों का ताला टूटा देखकर अवाक रह गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने जांच पड़ताल किया।

प्राथमिक विद्यालय अहरौरा डीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की सोमवार की सुबह जब वह विद्यालय पहुंची तो देखा की विद्यालय के मुख्य गेट तीन कमरों व किचन रूम का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर पता चला की गैस सिलेंडर की दो टंकी, चूल्हा, कुकर, आधा दर्जन प्लास्टिक की कुर्सी सहित चार बोरी चावल दो बोरी गेहूं गायब है।प्रीति सिंह ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पी आर वी पुलिस व चौकी प्रभारी आशीश कुमार सिंह घटना स्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। विद्यालय की अध्यापिका प्रीति सिंह ने बताया की ताला तोड़कर वही फेंका गया था और गैस सिलेंडर, बर्तन कूकर सहित राशन गायब है।

## गड़बड़ा शीतला धाम में पचास हजार भक्तों ने मां के चरणों में नवाया शीष

विश्ववार्ता संवाददाता



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को भोर से ही भक्त सेवटी नदी में स्नान के बाद पुरूष व महिलाए अलग अलग कतार बद्ध हो गए।

हाथ में नारियल,चुनरी, फूल माला लिए मां के गर्भ गृह तक माता के जैकारा लगाते हुए पहुंच कर विधि विधान से दर्शन पूजन किया है स्थानीय जनपद के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के सीधी,सतना तथा पड़ोसी जिले के प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही के भक्तों ने निजी साधन से पहुच माँ के चरणों में शीश झुकाया। चेचक से निजात पाने के लिये कुछ लोग मां शीतला के नाब दान का जल भी बोतल में भरकर ले गए वही घर पर कलश स्थापना के लिये कुछ भक्त जल व फूल ले गये। मंदिर के पीछे लिखे गड़बड़ा चालीसा को लोगों ने पढ़कर मनोकामनाएं पुर्ण किया। सुरक्षा व्यवस्था में एक प्लाटून पीएसी के साथ थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व मेला प्रभारी श्यामलाल, हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष ब्रह्मदिन पाण्डेय व संत नगर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस कर्मियों द्वारा दो तरफ बैरियर लगाकर साधनों को मेला परिक्षेत्र से पूर्व पार्किंग कराया है।

जिसके कारण मेले में आने जाने वाले लोगों को दिक्कत नहीं हुई। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ल,सुभाष चंद्र शुक्ल व ज्ञान चंद्र शुक्ल ने बताया कि भोर से ही पचास हजार भक्तों ने दर्शन पूजन किया है। दर्शनार्थियों के सुविधा के लिये 20 वालेंटियर्स व सीसी टीवी कैमरा से निगरानी किया जा रहा है।

## ज्वाला जी की ज्योति की शोभा यात्रा के साथ हुई स्थापना

» नवदुर्गा पूजन पंडाल में नौ दिवसीय उत्सव का हुआ शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहाबाद हरदोई।** श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल में मां ज्वाला की ज्योति हिमाचल प्रदेश से आमंत्रित कर नगर में लाई गई।जिस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।मां ज्वाला जी की ज्योति का रविवार सुबह करीब 8 बजे कस्बे के मोहल्ला अल्लाहपुर में समिति के सदस्यों व सैकड़ो की संख्या में भक्तजनों ने स्वागत किया।

ज्योति की विशाल शोभायात्रा शाम को करीब 6 बजे गाजे बाजे व ढोल नगाड़ों के साथ कस्बे की सरदारगंज पुलिस चौकी से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा में मां ज्वाला जी की ज्योति,कलश ,श्री गणेश जी ,श्री हनुमान जी ,मां दुर्गा जी तथा काल भैरव के स्वरूपों को की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई ।शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नवदुर्गा पूजन महोत्सव पंडाल में मां ज्वाला जी की ज्योति को पूर्ण विधि विधान से पुरोहितों द्वारा पूजन अर्चन कर पंडाल में स्थापित किया। इस शोभायात्रा में समिति के पदाधिकारी सदस्यों सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।ज्योति स्थापना के साथ दुर्गा पूजा व दुर्गा महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया।शोभायात्रा में संजय मिश्रा, पंकज मिश्रा मानु राजीव बाजपेयी रचित गुप्ता वैभव मिश्रा मंगल मिश्रा बसंत गुप्ता मानव रमाकांत मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## बंद फैक्ट्री में मिले जले शव का खुलासा, हत्यारे पति से मुठभेड़

» पति के पैर में लगी गोली, साथी को भी दबोचा

» अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या कर जलाया था शव

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** सात दिन पूर्व औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीपुर स्थित बंद पड़ी चमड़े की फैक्ट्री में महिला के मिले जले हुए शव का पुलिस ने खुलासा कर दिया। हत्यारे पति व उसके साथी से पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गई। जिसमें पति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पति ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या करके शव को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से जला दिया था।

बिंदकी पुलिस उपाधीक्षक प्रगति यादव ने बताया कि 15 सितंबर को औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीपुर स्थित बंद पड़ी चमड़ा फैक्ट्री से एक महिला का जला हुआ शव बरामद हुआ था। जिसके संबंध में औंग थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था। अज्ञात मृतका के शव की शिनाख्त के निरंतर प्रयास किए गए। जिसमें कामयाबी मिली और उसकी पहचान रेशमा पत्नी दीपू पासवान निवासी गंगागंज थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई।

पति दीपू पासवान ने अपने साथी सनी यादव पुत्र राजेन्द्र निवासी सुभौली थाना महाराजपुर के सहयोग से पत्नी रेशमा की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के आशय से पेट्रोल डालकर जला दिया था। साथ ही पुलिस को गुमराह करने के लिए थाना महाराजपुर में मृतका के संबंध में गुमशुदगी 15 सितंबर को दर्ज करा दी थी। मृतका के मायके पक्ष द्वारा चस्पा किए गए पंपलेट व शव के पास से बरामद वस्तुओं से शिनाख्त की गई। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए।

एसओजी, एंटेलीजेंस विंग व औंग थाने की संयुक्त टीम रानीपुर पुल के समीप चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि घटना में संलिप्त अभियुक्त खानपुर होकर बड़ाहार की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने सतर्क होकर बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया।

पुलिस को देखते हुए बाइक सवार कच्चे रास्ते पर मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे और अनियंत्रित होकर गिर गए। स्वयं को घिरता देख एक व्यक्ति ने पुलिस टीम पर लक्ष्य कर फायर किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की फायरिंग में मृतका के पति दीपू पासी पुत्र स्व0 अमर सिंह निवासी ग्राम गंगागंज थाना महाराजपुर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने भाग रहे सनी यादव पुत्र राजेन्द्र निवासी सुभौली थाना महाराजपुर को भी दबोच लिया। दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक बाइक, दो मोबाइल भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में औंग थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक रामानुज यादव, अभिषेक शुक्ला, विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, अनिल कुमार यादव, एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुशवाहा, विपिन मिश्रा, कांस्टेबल अतुल त्रिपाठी, इंटेलीजेंस विंग प्रभारी विनोद मिश्रा, हेड कांस्टेबल मनोज मौर्या के अलावा सहयोगी आरक्षी शामिल रहे।

## रेडक्रास के सहयोग से मेडिकल कालेज में लगा रक्तदान शिविर

» सीएमओ व रेडक्रास चेयरमैन ने रक्तदानियों को किया सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कालेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ प्राचार्य डॉ आरके मौर्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि, उप प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष बालोद बैंक डॉ वरदवर्धन, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन उपस्थित रहें। डॉ अनुराग ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को बैज अलंकृत, माल्यार्पण, शाल व तुलसी का पौधा भेंटकर सम्मानित किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि ने फीता काटकर किया। कुल 22 रक्तदान हुए व 30 लोगों ने अगली बार रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। सीएमओ व रेडक्रॉस चेयरमैन ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र, इलायची रूपी मोतियों की माला, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रक्तदानियों में अरविंद कुमार, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ प्रियंका पिप्पल, डॉ काव्या अग्रवाल, डॉ ईशा अग्रवाल, डॉ फैजी मुर्तज़ा, डॉ चित्रा कुशवाहा, डॉ विनायक, डॉ स्नेहा वर्मा, डॉ नितिन कुमार, डॉ शिवेंद्र कुमार मौर्य, डॉ इकजोत सिंह, डॉ गौरव पटेल, डॉ प्रांशु राय, डॉ ऋतिक छावड़ा, डॉ कुशाग्र कुमार, डॉ रोहित शर्मा, डॉ रेणुका शर्मा, डॉ अनूप यादव, डॉ कृष्ण कुमार कड़ेला, डॉ अमित चौधरी, डॉ मोनिका कुमारी ने मानवता के हितार्थ रक्तदान किया। मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों का उत्साहवर्धन किया व डॉ अनुराग को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ नरेश विशाल, जेआर डॉ अनुज सिंह, डॉ अनुराग मिश्रा, रक्तकेंद्र से अशोक शुक्ल टेक्निकल सुपर वाइजर, कौशल श्रीवास्तव, दीपाली वर्मा परामर्शदाता, विनोद कुमार लैब सहायक, सुलभ श्रीवास्तव लैब सहायक, प्रयागराज मंडल से जन संपर्क अधिकारी डॉ पंकज यादव, संदीप मिश्रा लैब टेक्नीशियन, ज्ञानेंद्र सिंह, मेडिकल कॉलेज लैब से लैब टेक्नीशियन नीरज मिश्रा उपस्थित रहें।

## जनसुनवाई मे सुनी 111 शिकायते

विश्ववार्ता संवाददाता




**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 111 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जन सुनवाई के दौरान एक वृद्ध महिला राजरानी ग्राम पचदेवरा ब्लाक भरखनी जिसका आयुष्मान नही बना था जिलाधिकारी ने मौके पर ही उसका आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। आज व्यक्ति का राशन कार्ड बनाया गया, 02 बच्चों को बाल सेवायोजना से जोड़ा गया तथा 02 लोगों को दिव्यांग पेशन योजना से जोड़ा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। भूमि सम्बन्धी मामलों में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भाष्कर, व सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मिशन** पालिका व नगर पंचायतों में स्थापित करें महिला हेल्प डेस्क : डीएम, संबंधित विभाग रोस्टर बनाकर मिशन शक्ति के कार्यक्रम आयोजित कराएं

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान हेतु चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान

विश्ववार्ता संवाददाता



**फतेहपुर।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5.0 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति का अभियान 20 सितम्बर से 30 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसे आगे भी विस्तारित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान से संबंधित विभाग के अधिकारी मिशन शक्ति के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने-अपने विभागों से की जाने वाली गतिविधियों का ग्राम पंचायत स्तर व वार्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक रोस्टर बनाए एवं एक नोडल अधिकारी भी नामित करे। उन्होंने कहा कि विभाग अपनी-अपनी कार्य योजना जल्द से जल्द प्रस्तुत करें ताकि समेकित रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि ग्राम व न्याय पंचायत में नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, ग्राम प्रधान व सभासद, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, आशा वर्कर अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी से समन्वय बनाकर महिलाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों व कार्यक्रमों के माध्यम से उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाय। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा जो गतिविधियां व कार्यक्रम निर्धारित किए गए है उसको संवेदनशीलता के आयोजित कराते हुए इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाय। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव हेतु प्रेरक महिलाओं व बालिकाओं को चिन्हित कर उनको सम्मानित किया जाये एवं मीडिया के साथ संवाद भी कराया जाये ताकि अन्य महिलाएं व बालिकाएं उनसे सीख कर अपने जीवन स्तर को सशक्त बना सके। एआरटीओ को निर्देशित किया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम तहत महिलाओं को चिन्हित कर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया जाय। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालयों में मिशन शक्ति से संबंधित सभी गतिविधियां व कार्यक्रम कराए जायें। साथ ही मिशन शक्ति से संबंधित लघु फिल्म भी दिखाई जाय।

उन्होंने अपर जिलाधिकारी न्यायिक से कहा कि नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में मिशन शक्ति से संबंधित सभी गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित कराते हुए एक महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अभिषेक बोले-मैंने बल्ले से जवाब दिया

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच हो और इमोशन सातवें आसमान पर न पहुंचे ऐसा कम ही होता है। रविवार को इनके बीच दुबई में खेला गया एशिया कप का मैच भी कोई अपवाद नहीं था। पिछले मुकाबले में एकतरफा अंदाज में हारी पाकिस्तानी टीम इस बार ज्यादा अग्रेसिव बनने की कोशिश में थी। हालांकि यह दांव उल्टा पड़ा और भारत ने एक बार फिर 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। वहीं, मैच के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच राइवलरी पर बात की। उन्होंने कहा, अब कहां की राइवलरी, सूर्या ने कहा- कोई टीम 10-12 मैच जीते और दूसरी 1-2 तो इसे राइवलरी नहीं कह सकते।

### क्विंटन डी कॉक वनडे रिटायरमेंट से लौटे

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बैटर क्विंटन डी कॉक ने संन्यास से वापसी करने का फैसला किया है। 32 साल के डी कॉक ने 2023 वर्ल्ड कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। उस समय वह 30 साल के ही थे और इस फैसले ने सभी को चौंका दिया था। उन्होंने 2021 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट, वनडे और टी-20 सीरीज के लिए स्क्वॉड का ऐलान किया। डी कॉक को पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीकी टीम में जगह मिली है। वहीं, टेस्ट कप्तान टेम्बा वबुमा को चोटिल होने की वजह से टेस्ट स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह एडेन मार्करम कप्तानी करेंगे।

### घरेलू चुनौती से निपट पहला वर्ल्ड कप जीतने को तैयार है भारतीय महिला टीम,




भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा ने कहा कि घरेलू मैदान पर महिला वनडे विश्व कप खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन उनकी टीम यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए कमर कस चुकी है। टूर्नामेंट के सह-मेजबान भारत और श्रीलंका 30 सितंबर को गुवाहाटी में प्रतियोगिता के शुरुआती मैच में आमने-सामने होंगे। भारतीय महिला टीम ने अभी तक विश्व कप नहीं जीता है। राणा ने कहा कि हम घरेलू मैदान पर खेलने वाले वाले हैं। यह दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होने वाला है। यह एक खास एहसास है। यह हरमन दीदी के लिए और भी खास है, क्योंकि वह इतने सालों से क्रिकेट खेल रही हैं। हमारा लक्ष्य इस विश्व कप को जीतना है। वहीं अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने कहा कि यह मुख्य कोच अमोल मजूमदार के लिए भी एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होगा। दीप्ति ने कहा कि जब भी हम कोई द्विपक्षीय सीरीज खेलते हैं तो विश्व कप ट्रॉफी हमारे दिमाग में आती रहती है और यह अमोल मजूमदार सर का पहला विश्व कप है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण और खास है।

# भारत की पाकिस्तान पर लगातार सातवीं जीत

## अभिषेक और गिल ने 59 गेंदों पर 105 रन जोड़े, सात गेंद बाकी रहते जीता मैच




एजेंसी

**दुबई।** भारतीय फील्डर्स ने 20 ओवर में 5 कैच टपका दिए। भारत के प्रीमियम फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दे दिए। भारत के स्पिनर्स का जादू भी नहीं चला। कुलदीप, वरुण और अक्षर ने मिलकर सिर्फ 1 विकेट लिया।

एशिया कप सुपर-4 राउंड में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पारी में पाकिस्तान के लिए जो कुछ भी सही हो सकता था हुआ। इसके बावजूद नतीजा क्या रहा। भारत ने 6 विकेट से आसान जीत हासिल की। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया की पाकिस्तान के ऊपर लगातार सातवीं जीत है। बॉलिंग और फील्डिंग में कुछ हद तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत ने शानदार जीत की

**भारत ने टॉस जीता, सूर्या ने फिर सलमान से हाथ नहीं मिलाया**

दुबई की पिच पर टारगेट चेज करना फायदेमंद रहता है। इस मैच से पहले पिछले 5 साल में यहां टॉप-12 टीमों के बीच 19 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए थे। इसमें 17 में टारगेट चेज करी टीम जीती थी। इस बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और टारगेट चेज करने का ही फैसला किया।

सूर्या ने टॉस के बाद एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पाकिस्तान के साथ ग्रुप स्टेज मुकाबले में भी उन्होंने यही किया था। इससे नाराज पाकिस्तानी टीम मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने पर अड़ गई थी। ICC ने न सिर्फ उनकी डिमांड खारिज की, बल्कि इस मैच के लिए भी एंडी पाइक्रॉफ्ट को ही मैच रेफरी बनाया गया।

**पावरप्ले में पाकिस्तान ने की दम दिखाने की कोशिश**

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में भी पहले बल्लेबाजी की थी। तब पाकिस्तानी टीम पावरप्ले के पहले 6 ओवर में 2 विकेट खोकर सिर्फ 42 रन बना पाई थी। इस बार पाकिस्तान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 55 रन बनाए। सईम अयूब की जगह ओपनिंग करने आए फखर जमान 15 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान ने नंबर 3 पर खेलने आए सईम के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर डाली।

**मिडिल ओवर में धीमी पड़ी पाकिस्तान की पारी**

पावरप्ले में अच्छी शुरुआत के बाद पाकिस्तान की पारी मिडिल ओवर्स में धीमी पड़ गई। पहले 6 ओवर में करीब 9 की रन रेट से बैटिंग करने वाली टीम अगले 10 ओवर में सिर्फ 64 रन बना सकी। तीन विकेट भी गंवाए। 16 ओवर की समाप्ति तक पाकिस्तान का स्कोर 119/4 था।

**फहीम की बैटिंग ने दिया संघर्ष करने लायक स्कोर**

पाकिस्तान ने डेथ ओवर्स यानी आखिरी 24 गेंदों पर 52 रन बनाए और टीम 20 ओवर में 171 रन तक पहुंचने में कामयाब रही। इसमें फहीम अशरफ का योगदान अहम रहा। फहीम ने सिर्फ 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। कप्तान सलमान अली आगा ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए।

इस मैच में भारत के प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बिल्कुल लय में नहीं दिखे। उन्होंने अपने 4 ओवर में 45 रन खर्च कर दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वरुण ने 4 ओवर में रन तो 25 ही दिए, लेकिन विकेट का खाता वे भी नहीं खोल पाए। कुलदीप ने 1 विकेट जरूर लिया, लेकिन उन्होंने 31 रन खर्च कर दिए।

# इंग्लैंड ने आयरलैंड को हराकर 2-0 से सीरीज जीती

## आखिरी टी-20 में 6 विकेट से हराया, जॉर्डन कॉक्स ने 55 रन बनाए



एजेंसी

**डबलिन।** डबलिन के मलाहाइड में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में इंग्लैंड ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने करियर की पहली बड़ी पारी खेलते हुए 35 गेंदों पर 55 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 154 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 4 विकेट के नुकसान पर 155 रनों का टारगेट हासिल कर मैच को 6 विकेट से जीत लिया।

**10 महीने बाद जॉर्डन की टीम में वापसी हुई**

23 साल के जॉर्डन कॉक्स के लिए यह मैच खास रहा। पिछले 10 महीनों से वे इंग्लैंड टीम में वापसी का इंतजार कर रहे थे। पिछले साल उन्हें सभी फॉर्मेट की टीमों में चुना गया था, लेकिन शुरुआती पांच पारियों में वे सिर्फ 37 रन ही बना पाए और शॉर्ट गेंदों के खिलाफ कमजोर नजर आए। नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू से ठीक पहले नेट प्रैक्टिस के दौरान उनका अंगूठा टूट गया था, जिससे उनका डेब्यू टल गया। इस चोट के बाद उन्होंने खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए मनोवैज्ञानिक की मदद ली।

इस सीजन कॉक्स ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। काउंटी चैम्पियनशिप में उन्होंने तीन शतक और टी-20 ब्लास्ट में एक शतक जड़ा। उन्हें आयरलैंड दौरे के लिए अंतिम समय पर टीम में शामिल किया गया। इस मैच में उन्हें मौका मिला क्योंकि सैम करन अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के कारण उपलब्ध नहीं थे। आयरलैंड की ओर से रॉस अडायर ने 33 रनों की पारी खेली बारिश के कारण मैच की शुरुआत करीब एक घंटे देरी से हुई। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने आयरलैंड का पहला विकेट 30 रन के स्कोर पर गिरा। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सिर्फ 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

# आज से पनीर, साबुन, शैंपू के साथ कार AC सस्ते :GST की नई दरें लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आज यानी 22 सितंबर से घी, पनीर खरीदने से लेकर कार और AC खरीदना भी सस्ता हो गया है। सरकार ने 3 सितंबर को GST में कटौती का ऐलान किया था, जो आज से लागू हो गई है। अब केवल दो स्लैब में GST लगेगा- 5% और 18%। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। GST काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था।

ग्राफिक्स में देखें रोजाना इस्तेमाल का कौनसा सामान कितना सस्ता हुआ। कुछ कंपनियों ने नए रेट जारी नहीं किए हैं। इसलिए उनकी अनुमानित MRP दी गई हैं। इसमें कंपनियों और सेलर्स द्वारा दिया जाने वाला डिस्काउंट शामिल नहीं है। ऐसे में मार्केट में मिलने वाले सामानों की कीमत और ज्यादा कम हो सकती है।

GST-2.0 इफेक्ट

डेयरी प्रोडक्ट

| प्रोडक्ट | पहले | अब | अंतर |
|---|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

होटल के कमरों की बुकिंग, ब्यूटी और सेहत से जुड़ी सर्विसेज पर GST 18% से कम करके 5% कर दिया गया है। वहीं 100 रुपए तक की सिनेमा टिकटों पर 5% टैक्स लगेगा, जो पहले 12% था। 100 रुपए से ज्यादा की टिकटों पर 18% GST लगेगा।

होटल के कमरों, जिनका किराया 1000 रुपए से कम है वो अब भी टैक्स फ्री रहेंगे।

1000 से 7500 के होटल रूम पर GST 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। प्रीमियम होटल्स, जिनका किराया 7500 रुपए से ज्यादा है उनपर 18% GST लगेगा।

शौक और विलासिता की चीजों के लिए 40% का नया स्लैब बना दिया गया है। इसमें पान मसाला, तम्बाकू जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। इनके अलावा कुछ कार और बाइक्स भी 40% टैक्स के दायरे में आएंगी। हालांकि ये गाड़ियां महंगी नहीं होंगी। पहले इनपर 28% GST के साथ 17% तक सेस लगता था।

# सोना 2380 बढ़कर 1.12 लाख के ऑल टाइम हाई पर :चांदी 1.32 लाख किलो के

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम आज, यानी 22 सितंबर को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,380 रुपए बढ़कर 1,12,155 पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,09,775 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 4,869 रुपए बढ़कर 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,28,000 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 36,000 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,12,155 रुपए हो गया है।

चांदी का भाव भी इस दौरान 46,852 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,32,869 रुपए प्रति किलो हो गई है।



सोने की कीमतों में तेजी के 5 कारण

वैश्विक अनिश्चितताः ट्रम्प के टैरिफ प्लान और व्यापार युद्ध के डर से निवेशक सोने को सुरक्षित मानकर खरीद रहे हैं। केंद्रीय बैंकों की खरीदः चीन और रूस जैसे देश बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं, जिससे मांग बढ़ी है। युद्ध और तनावः रूस-यूक्रेन के युद्ध खत्म न होने से अस्थिरता से लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं।

# छोटी कारें आज से 4 .49 लाख तक सस्ती

## ऑल्टो के दाम 1.07 लाख और टाटा टियागो के 75 हजार तक घटे




एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगर आप इस फेस्टिव सीजन में नई कार खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो ये आपके लिए अच्छा मौका है। क्योंकि, गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स की नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इसके तहत अब छोटी कारों पर लगने वाला टैक्स 29% (28%GST + 1% सेस) से घटकर 18% हो गया है। ऐसे में मारुति स्विफ्ट, वैगनार, ऑल्टो, टाटा टियागो और हुंडई i10, किआ सिरोस जैसी फैमिली कारें अब 10-15% यानी 70 हजार से 4.49 लाख रुपए तक सस्ती हो गई हैं। तो आइए ग्राफिक्स में जानते हैं कौन सी कर कितने रुपए तक सस्ती हुई।

**टाटा की कारें ₹1.55 लाख तक सस्ती**

| मॉडल्स | कीमत में कटौती | नई कीमत |
|---|---|---|
| नेक्सॉन | ₹1,55,000 तक | ₹7.32 लाख |
| सफारी | ₹1,45,000 तक | ₹14.66 लाख |
| हैरियर | ₹1,40,000 तक | ₹14.19 लाख |
| अल्ट्रोज | ₹1,10,000 तक | ₹6.30 लाख |
| पंच | ₹85,000 तक | ₹5.67 लाख |
| टिगोर | ₹80,000 तक | ₹5.49 लाख |
| टियागो | ₹75,000 तक | ₹4.57 लाख |
| कर्व | ₹65,000 तक | ₹9.66 लाख |

नोट: सभी नई कीमतें शुरुआती एक्स शोरूम हैं

**मारुति की कारें ₹1.30 लाख तक सस्ती**

एरिना डीलरशिप से बिकने वाली गाड़ियां

| मॉडल्स | कीमत में कटौती | नई कीमत |
|---|---|---|
| एस-प्रेसो | ₹1,29,600 तक | ₹3.50 लाख |
| ब्रेजा | ₹1,12,700 तक | ₹8.26 लाख |
| ऑल्टो K10 | ₹1,07,600 तक | ₹3.70 लाख |
| सेलेरियो | ₹94,100 तक | ₹4.70 लाख |
| डिजायर | ₹87,700 तक | ₹6.26 लाख |
| स्विफ्ट | ₹84,600 तक | ₹5.79 लाख |
| वैगन-आर | ₹79,600 तक | ₹4.99 लाख |
| ईको | ₹68,000 तक | ₹5.18 लाख |
| अर्टिगा | ₹46,400 तक | ₹8.80 लाख |

नेक्सा डीलरशिप से बिकने वाली गाड़ियां


| मॉडल्स | कीमत में कटौती | नई कीमत |
|---|---|---|
| फ्रोंक्स | ₹1,12,600 तक | ₹6.85 लाख |
| ग्रैंड विटारा | ₹1,07,000 तक | ₹10.77 लाख |
| बलेनो | ₹86,100 तक | ₹5.99 लाख |
| इग्निस | ₹71,300 तक | ₹5.35 लाख |
| इनविक्टो | ₹61,700 तक | ₹24.97 लाख |
| XL6 | ₹52,000 तक | ₹11.52 लाख |
| जिम्नी | ₹51,900 तक | ₹12.34 लाख |

नोट: सभी नई कीमतें शुरुआती एक्स शोरूम हैं

# ठग सुकेश केस में जैकलीन फर्नांडिस को राहत नहीं

## SC ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में याचिका रद्द करने से किया इनकार, कहा- आरोप बरकरार रहेंगे





ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने सुकेश से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा दर्ज किया गया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने जैकलीन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर जरूरत हो तो वह आगे चलकर सही समय पर दोबारा कोर्ट आ सकती हैं। जैकलीन की तरफ से सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष का मामला यही है कि उन्हें चंद्रशेखर से तोहफे लेते समय ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए थी। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अभी तक कुछ साबित नहीं हुआ है, लेकिन ट्रायल से पहले इन आरोपों को खारिज नहीं किया जा सकता। आरोप जैसे हैं वैसे ही माना जाएगा। उन्होंने कहा, अगर एक दोस्त दूसरे को कुछ देता है और बाद में पता चलता है कि देने वाला किसी अपराध में शामिल है, तो मामला मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला ऐसे तोहफे पाने का नहीं है जो अनजाने में मिले हों। जैकलीन फर्नांडिस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख तब किया, जब दिल्ली हाई कोर्ट ने 3 जुलाई को उनकी इसी तरह की याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि उन्होंने कोई अपराध किया है या नहीं, इसका फैसला सिर्फ ट्रायल के दौरान ही हो सकता है। बता दें, जैकलीन उस समय विवादों में घिर गई, जब ठग सुकेश के साथ उनकी कुछ रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर बीते कई सालों से जेल में बंद है।

**जैकलीन पर क्या हैं आरोप?**

- महंगी ज्वैलरी- चार पर्शियन बिल्लियां
- 57 लाख रुपए का एक घोड़ा
- बहरीन में रह रहे जैकलीन के पेरेंट्स को 1.89 करोड़ की दो गाड़ियां (पोर्श और मसेराटी)
- जैकलीन के भाई को SUV
- जैकलीन की बहन को सवा करोड़ की BMW कार



# धनश्री वर्मा की निजी जिंदगी का उड़ा मजाक


## फूट-फूटकर रोईं, शो छोड़ने पर अड़ीं, अहाना कुमरा ने युजवेंद्र से तलाक पर किया था कमेंट

पॉपुलर इन्फ्लूएंसर धनश्री वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फॉल का हिस्सा बनकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में शो के को-कंटेस्टेंट्स ने धनश्री वर्मा की निजी जिंदगी पर कमेंट्स किए थे, जिसका खुलासा होते ही वो बुरी तरह टूट गईं और फूट-फूटकर रो पड़ीं। इस दौरान धनश्री ने शो छोड़ने की भी धमकी दी है, जिसके बाद भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने उन्हें सहारा दिया। शो के एक एपिसोड की क्लिप सामने आई है, जिसमें देखा जा रहा है कि शो के कंटेस्टेंट्स, अहाना कुमरा को धनश्री की पर्सनल लाइफ और उनके तलाक पर बात करने पर कॉल आउट करते हैं। ये सुनकर धनश्री भड़क गईं। उन्होंने रोते हुए कहा- मैं ये नहीं कर सकती। ये क्या है। ये क्या नॉनसेंस है। क्या आप लोग नीचे यही बातें करते हैं। आगे धनश्री कहती हैं, जिंदगी में कमबैक करने में बहुत कुछ सहना पड़ता है। मैं ये नहीं कर सकती। मुझे यहां नहीं रहना है। मैंने कभी अपनी पर्सनल लाइफ पर बात नहीं की है, मैंने जिंदगी देखी है। ये कहते ही धनश्री शो छोड़ने पर अड़ जाती हैं। इस दौरान कीकू शारदा, पवन सिंह और शो के होस्ट अश्नीर ग्रोवर उन्हें संभालते नजर आए। विवाद होने के बाद एक्ट्रेस अहाना कुमरा तंज के साथ माफी मांगते हुए कहती हैं कि वो खुद माफी मांगती है, क्योंकि दूसरे घरवालों ने उन्हें विलेन बना दिया है। बता दें कि शो में एक्ट्रेस अहाना कुमरा ने कहा था कि धनश्री बार-बार हर किसी से अपने तलाक पर बात करती हैं। इस हफ्ते भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह इस शो से बाहर हो चुके हैं। ये उनका पहला रियलिटी शो था। उन्होंने कहा कि वो इस शो में कभी थे ही नहीं। वो शो से जा रहे हैं, क्योंकि बाहर जाकर उन्हें लोगों की सेवा करना है। शो में पवन सिंह और धनश्री वर्मा की केमिस्ट्री खूब पसंद की जा रही थी।




# नवरात्रि पर रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' का पोस्टर जारी

आज से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो गई है। पहले ही दिन यशराज फिल्म्स ने रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले महायुद्ध की झलक देखने को मिलती है। यशराज फिल्म्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर 'मर्दानी 3' का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में एक हाथ बंदूक थामे हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि चेहरा नजर नहीं आता, लेकिन हाथ में बंधी घड़ी और कलावे को देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि यह रानी मुखर्जी का ही हाथ है। पोस्टर के साथ 'ऐगिरी नंदिनी' मंत्र की शक्तिशाली ध्वनि जोड़ी गई है, जो मां दुर्गा की उस शक्ति का प्रतीक है जब उन्होंने महिषासुर का वध किया था। मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, नवरात्रि के शुभ दिन पर यहां बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया जाता है। रानी मुखर्जी अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण मामले की जांच करने के लिए मर्दानी 3 में शीर्ष पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय में नजर आएंगी। हालांकि, इस बार फिल्म में कौन विलेन होगा इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।




# 'भट्ट साहब ने मुझे एक लाइफलाइन दी है'

## अनु मलिक ने बताया कि कैसे महेश भट्ट ने उन्हें म्यूजिक में वापसी का मौका दिया



फिल्ममेकर महेश भट्ट और म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक की अपकमिंग फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी' 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म का डायरेक्शन सुहृता दास ने किया है। वहीं, कहानी महेश भट्ट और श्वेता बोथरा ने लिखी और म्यूजिक अनु मलिक ने दिया। फिल्म में मेल और फीमेल वर्जन के साथ 10 से ज्यादा गाने हैं। इन गानों में पापोन, राघव चैतन्य, आनंदी जोशी, विशाल मिश्रा और अनमोल मलिक जैसी सिंगरों की आवाज शामिल है। हाल ही में फिल्ममेकर महेश भट्ट और म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक से दैनिक भास्कर ने फिल्म के गानों और उनके अनुभव को लेकर खास बातचीत की।

**सवाल:** महेश जी और अनु जी, सालों बाद एक साथ काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?

**जवाब:** महेश भट्ट: जब आदमी फ्लॉप होता है, जब पिक्चर नहीं चलती, तो इंडस्ट्री उसे कौड़ी की तरह ट्रीट करती है। मगर अनु में कुछ खास चमक थी, उसके चेहरे में जो आज भी नजर आती है। हमारा रिश्ता काफी गहरा है। इंडस्ट्री में कहते हैं कि कलाकार की जिंदगी में तीन मौसम होते हैं- 'बड़ा पोटेंशियल', 'पहुंच गया मंजिल तक', और 'फिनिश्ड'। बहुत कम लोगों के लिए चौथा मौसम आता है- 'ही इज बैक' और अनु बिल्कुल इसी तरह लौटे हैं। यह कोई कमबैक नहीं, यह हिट बैक है।

अनु मलिक: मुझे लगता है कि भट्ट साहब के साथ मेरा रिश्ता किसी पिछले जन्म का है, चाहे कोई माने या न माने। इस फिल्म के गानों के लिए उनके कॉल से ही मेरे अंदर एक अलग उत्साह और दिल की धड़कनें बढ़ गईं। मैंने महसूस किया कि यह वही मौका है, जब दुनिया ने मुझे छोड़ दिया था, लेकिन भट्ट साहब ने मुझे एक लाइफलाइन दी। कहानी सुनने के बाद जब मैंने पहला गाना रिकॉर्ड किया, भट्ट साहब मेरे सामने खड़े हुए और बोले, 'ट्रैक ऑन करो।' मैंने अपनी आंखें बंद की। जब उन्होंने गाना सुना, तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने मुझे गले लगाकर कहा- ऐसे ही काम करना।

## एक नजर


### वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**कादीपुर-सुलतानपुर।** अवधी साहित्य जगत के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर और अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' को अंतरराष्ट्रीय श्रीसिंहराय अवधी साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें श्रीसिंहराय अवधी साहित्य विकास संस्थान, हलियापुर के तृतीय वार्षिकोत्सव पर रविवार को आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक कुंवर इन्द्रजीत सिंह अर्चक व कार्यक्रमाध्यक्ष इन्द्रेश भदौरिया ने कवि 'जटायु' को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में नेपाल के चार और भारत के पांच कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' अब तक अनेक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं। उनके इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान की खबर से साहित्यकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. आद्या प्रसाद सिंह 'प्रदीप', डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु', डॉ. करुणेश प्रकाश भट्ट, ब्रजेश कुमार पाण्डेय 'इन्दु', संकठा प्रसाद सिंह 'देव', पवन कुमार सिंह और ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' समेत कई साहित्यकारों ने बधाई दी और कहा कि कवि 'जटायु' का यह सम्मान पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाला है।



### कुड़वार-धनपतगंज मार्ग की बदहाल स्थिति

**कुड़वार-सुलतानपुर।** कुड़वार से नौगवांतीर पुल तक के पांच किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग की खराब स्थिति से स्थानीय लोग परेशान हैं। सड़क किनारे उगी कंटीली झाड़ियां और कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त पटरियों के कारण चलना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और आम जनमानस रोज़ाना सफर करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। नौगवांतीर गांव निवासी विजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर सड़क की दुरुस्ती और सुरक्षा को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में कहा गया कि कुड़वार बाजार से नौगवांतीर पुल तक जगह-जगह पटरियां कट गई हैं और दोनों तरफ झाड़ियां उग आई हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि सड़क की मरम्मत और झाड़ियों की कटाई के लिए तुरंत आदेश जारी किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जाएगा। उनका यह भी कहना है कि सड़क की यह स्थिति सुरक्षा के लिहाज से गंभीर समस्या बन चुकी है।



### मकान का लेंटर ढहा, कई मजदूर मलबे में दबे, रेस्क्यू जारी

**सुलतानपुर।** सोमवार की देर शाम लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के धरियामऊ गांव में दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। निर्माणाधीन मकान का लेंटर अचानक भरभराकर गिर पड़ा। तेज धमाके जैसी आवाज हुई, जिससे पूरा इलाका दहशत में आ गया। हादसे के वक्त वहां काम कर रहे कई मजदूर मलबे के नीचे दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े और सूचना पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक संदीप राय की अगुवाई में पुलिस टीम ने तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को लंभुआ सीएचसी भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जैसे ही खबर फैली, अपर पुलिस अधीक्षक और अपर जिला अधिकारी प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन देर रात तक जारी रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गांव के राम तीरथ धुरिया के मकान की छत ढाली जा रही थी, तभी जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते पूरी छत ढह गई। मजदूर मलबे में दबकर चीखने लगे। पूरा गांव सन्न रह गया। इस हादसे से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### चिकित्सक हत्याकांड के विवेचक पर वारंट

**सुलतानपुर।** चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड के विवेचक श्रीराम पाण्डेय पर एडीजे संतोष कुमार ने गैर जमानती वारंट जारी कर गवाही में फिर तलब किया है। बचाव पक्ष के वकील अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि आदेश के बावजूद कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर विवेचक श्रीराम पाण्डेय पर कोर्ट ने ये कार्रवाई की है। शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड में नरायनपुर निवासी आरोपी अजय नारायण सिंह और उसका ड्राइवर दीपक सिंह आरोपी हैं। 26 सितंबर को साक्ष्य के लिए फिर सुनवाई नियत की गई है।

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की जेल

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ साल पूर्व नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी को एफटीसी कोर्ट के जज राकेश ने तीन साल की जेल और पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सरकारी वकील अजय कुमार सिंह ने बताया कि दोषी रामलखन पर कोर्ट ने पांच हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। छेड़छाड़ के आरोप में पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। साक्ष्यों के आधार पर मुंशीगंज थाना क्षेत्र के मड़ेरिका निवासी अभियुक्त रामलखन को न्यायालय ने दोषी मानकर सोमवार को सजा सुनाई। हालांकि सजा तीन साल से कम होने के कारण उसे अपील की अवधि के लिए जमानत दे दी गई है।

### मतांतरण कराने वाले आरोपी को पुलिस में भेजा जेल

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** बगियागांव बाजार में मतांतरण का खेल चलता रहा और पुलिस को भनक भी नही लगी। हिन्दू संगठनों के हस्तक्षेप के बाद मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। जयसिंहपुर पुलिस को अहिबरनपुर गांव के सुरेंद्र यादव ने तहरीर देकर बताया था कि उन्हें और उनके कुछ साथियों को गोपनीय सूचना मिली कि रविवार दोपहर करीब दो बजे बरौंसा रोड पर बगियागाँव बाजार में दुकानदार तुलसीराम दुकान में कुछ गरीब महिलाओं और पुरुषों को अंधविश्वास में लेकर तरह-तरह के लालच और बीमारी ठीक करने की आड़ में मतांतरण करा रहा है। जब वह लोग पहुंचे तो तुलसीराम ईशाई धर्म का प्रार्थना प्रवचन करा रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ महिलाओं की ओर से बताया गया कि आरोपी बीमारी आदि ठीक करने के नाम पर प्रलोभन देकर मतांतरण करा रहा था। दुकान से बाइबिल की कुछ किताबे भी मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने लाई। शाम को मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने की कार्रवाई हुई है।



### पूर्व प्रधान के हत्यारोपियों की हिरासत बढ़ी

**सुलतानपुर।** कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज शादीपुर में पूर्व प्रधान के दो हत्यारोपियों की हिरासत 29 सितम्बर तक बढ़ गई है। पीड़ित पक्ष के वकील रवि शुक्ल ने बताया कि हत्या के पांच साल बाद जेल भेजे गए आरोपी बिलाल अहमद और हासिम की जमानत याचिका पर सोमवार को पुलिस ने रिपोर्ट नहीं भेजी जिस कारण सुनवाई 29 सितम्बर तक टल गई। 17 जून 2020 को पूर्व प्रधान मोइनुद्दीन की हुई हत्या में आरोपी रोहित तिवारी, एखलाक अहमद और मो. शकील अभी तक हाजिर नहीं हुए जिन पर न्यायाधीश संतोष कुमार ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

### दोहरे हत्याकांड में अभियोजन का गवाह तलब

**सुलतानपुर।** प्रधानी के चुनाव विवाद में ढाई साल पहले संग्रह अमीन और उसके भतीजे के चर्चित हत्याकांड में अभियोजन का गवाह सोमवार को कोर्ट नहीं पहुंचा जिस कारण गवाही नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट ने साक्षी को 29 सितम्बर को फिर तलब किया है। मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा विचाराधीन है।

# शारदीय नवरात्र पर भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

## पंडालों में गूंजे जयकारे, मां दुर्गा के दरबार में उमड़ी भीड़, रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाए पंडाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**चांदा-सुलतानपुर।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर कस्बा भक्ति और आस्था के रंग में रंग गया है। आधा दर्जन से अधिक स्थलों पर भव्य दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं। रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाते पंडाल और देवी गीतों की मधुर गूंज से पूरा वातावरण अलौकिक हो उठा है।

नवरात्र के प्रथम दिन भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना शुरू की। दर्शन और पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग माता रानी की कृपा पाने के लिए सुबह से ही पंडालों में पहुँच रहे हैं। नव दुर्गा पूजा समिति, कादीपुर रोड के अध्यक्ष अजय दुबे ने बताया कि पूजन पूरे नवरात्र तक अनवरत चलेगा। मां दुर्गा पूजा समिति, पेट्रोल पम्प के अध्यक्ष पवन दुबे ने कहा कि प्रतिदिन आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। बाल दुर्गा पूजा समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, अध्यक्ष रंजीत मोदनवाल ने बताया कि प्रसाद वितरण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।



जय अम्बे दुर्गा पूजा समिति, पट्टी रोड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिश्र ने कहा कि भक्तिभाव से पूजन-आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। मां विंध्यवासिनी पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष निषाद ने भंडारा और प्रसाद वितरण की जानकारी दी।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं और आकर्षक पंडालों में सुबह-शाम आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा कस्बा भक्तिरस में डूबा हुआ है। श्रद्धालु माता रानी की कृपा पाने के लिए उमड़ रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नवरात्र की खुशियाँ साझा की।

# सुलतानपुर का नाम बदलकर कुशभवनपुर किए जाने की उठी मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिले का नाम बदलकर पुनः कुशभवनपुर किए जाने की मांग तेज हो गई है। सोमवार को कटका क्लब सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ मिश्र 'विनम्र' के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा।



» कटका क्लब ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया कि सुल्तानपुर प्राचीन काल में भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की नगरी कुशभवनपुर के नाम से विख्यात था। धार्मिक व ऐतिहासिक प्रमाण इसकी प्राचीनता को सिद्ध करते हैं। अयोध्या से लगभग 60 किलोमीटर दूर बसे इस नगर का नाम मुगलकाल में बदलकर सुल्तानपुर कर दिया गया, जबकि यह जनमानस की आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है। संगठन ने मांग की कि जिले की ऐतिहासिक व धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसका नाम बदलकर पुनः कुशभवनपुर रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई हो, ताकि आस्था का सम्मान हो सके। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# होमबेस्ड एजुकेशन के स्पेशल एजुकेटरो को दिया एमडी किट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत करौंदिया में होमबेस्ड एजुकेशन के दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल एजुकेटरो को एमडी किट वितरित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता के निर्देश पर समेकित शिक्षा के डीसी श्याम सुंदर यादव ने प्राथमिक विद्यालय करौंदिया में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटरो को किट प्रदान कर निर्देश दिए गए कि वे अपने विकास क्षेत्र के चयनित होमबेस्ड एजुकेशन के दिव्यांग बच्चों को प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में किट का वितरण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के शिक्षा और विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें आवश्यक शैक्षिक संसाधन समय पर उपलब्ध हो सकें।



किट वितरण कार्यक्रम में दिनेश कुमार वर्मा, सरयू प्रसाद पाठक, कृष्ण कुमार गुप्ता, मनीष दुबे, राज नारायण प्रजापति और सुभाष यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# शहर विधायक ने किया अनुसूचित जाति छात्रावास अनुरक्षण कार्य का शुभारम्भ

## 73 .71 हजार रुपए की लागत से सुधार, सुरक्षित और बेहतर वातावरण होगा सुनिश्चित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** शहर विधायक और पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने राजकीय अनुसूचित जाति छात्र-छात्रावास के 73.71 हजार रुपए की लागत से अनुरक्षण कार्य का औपचारिक शुभारम्भ किया। यह कदम छात्रावास में रहने वाले छात्रों के लिए बेहतर और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। शुभारम्भ कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह, भाजपा नेत्री पूजा कसौधन, सिडको के अभियंता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम बहादुर पांडेय मौजूद रहे।



विधायक विनोद सिंह ने कहा, हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा और छात्रावास की सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। इस छात्रावास का अनुरक्षण सुनिश्चित करेगा कि छात्रों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले। स्थानीय अधिकारियों से अनुरोध है कि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह छात्रावास अनुसूचित जाति के छात्रों को शिक्षा और आवास की सुविधा प्रदान करता है। अनुरक्षण कार्य में भवन की मरम्मत, बुनियादी सुविधाओं का सुधार और सुरक्षा उपायों को शामिल किया गया है।

# केआर इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से हुआ पौधरोपण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** मोतिगरपुर के ढेमा स्थित केआर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में सोमवार को गैड़ा दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी मो. जायर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पाकड़, कंजी, नीम समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को संतुलित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु उपलब्ध कराने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने सभी से जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प लेने की अपील की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों व छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधों की देखभाल करने का वचन दिया। वृक्षारोपण के माध्यम से उपस्थित लोगों ने स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया।



### चाकू से गला काटकर की थी पति की हत्या, प्रेमी संग गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के जैतापुर गांव में 16 सितंबर को एक सनसनीखेज घटना सामने आई। दो बच्चों की मां रामवती ने अपने कथित प्रेमी सोनू नट निवासी टिकावर के साथ मिलकर अपने पति, श्रमिक विनोद की चाकू से गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

धम्मौर कोतवाल अंजू मिश्रा ने बताया कि लंबे समय से रामवती और सोनू के बीच अवैध संबंध थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। कहतें हैं कि मृतक विनोद का परिवार और गांव वाले इस क्रूर हत्या की वारदात से स्तब्ध हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और मामले में जुड़े सभी पहलुओं की छानबीन कर रही है।

# ऐतिहासिक पांडेयबाबा मेले की तैयारी को लेकर हुई प्रशासनिक बैठक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** पांडेयबाबा धाम के बगल रैन बसेरा में सोमवार को एतिहासिक पांडेयबाबा मेले को लेकर उपजिलाधिकारियों व सदर विधायक ने प्रमुख विभागों के साथ बैठक की। बैठक में सुरक्षा, बिजली, शौचालय, पानी, सड़क सहित निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया।

पांडेयबाबा मेले को लेकर सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी व जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह से मेले में व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। लोगों की मांग पर मोबाइल शौचालय, पानी का टैंकर, मेले में रात के लिए निर्बाध बिजली व्यवस्था चालू रखने के लिए कहा तो वहीं एसडीएम कादीपुर ने कहा दो मोबाइल शौचालय, पेयजल के लिए दो टैंकर पानी व सुरक्षा निगरानी के लिए धाम परिसर में सीसी कैमरा लगाया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी विभाग के मौजूद जेई संदीप मौर्य से टूटी सड़कों की मरम्मत का निर्देश दिया। मेले के दौरान तीन दिन तक पुजारियों को धाम पर चढ़ने से मना किया गया है। सीओ जयसिंहपुर आशुतोष कुमार ने कहा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए उच्चाधिकारियों से अतिरिक्त फोर्स की मांग की गई है। पूर्व की भांति जूनियर हाईस्कूल बढ़ौनाडीह को अस्थाई पुलिस चौकी और खोया पाया केन्द्र बनाया जाएगा।

बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी सुलतानपुर अभिषेक शुक्ला, प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा, बीडीओ मोतिगरपुर श्याम नारायण चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह, एक्सईएन संजय यादव, उपनिरीक्षक बुद्धि लाल, राधेश्याम, प्रेम सागर वर्मा, नीलकमल, पंकज वर्मा, एसडीओ बिजली विभाग अमरजीत वर्मा, जेई रामशरण त्यागी, प्रभारी एडीओ पंचायत नितेश सिंह, सचिव सचिन कुमार, केडी सिंह, राजकुमार यादव, अजय वर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

### रात के अंधेरे में कमरे पर कब्जा करने का आरोप

**लंभुआ-सुलतानपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में भूमि विवाद का एक मामला जिला स्तरीय व्यापारी सुरक्षा फोरम में उठाया गया। रविवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित फोरम की बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक (शहर) ने की थी। दरअसल, बीते दिनों भूमि विवाद के दौरान रात के अंधेरे में कमरे का ताला तोड़कर कब्जा करने का मामला सामने आया था। पुलिस ने इसे पारिवारिक प्रकरण बता कर पल्ला झाड़ लिया था। गांधीनगर निवासी अजय कुमार विश्वकर्मा के मुताबिक कमरे में रखा सामान फेंक कर जितेंद्र ने कमरे पर कब्जा कर लिया। मां ने इसकी वीडियो बनाने का प्रयास किया तो उन्हें मोबाइल छीनकर कोतवाली भेज दिया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रकरण को रविवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम में उठाया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को प्रकरण की जांच के निर्देश दिए हैं।

# पत्नी की डिलिवरी के लिए जा रहे युवक को स्कॉर्पियो ने कुचला, मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर कामतागंज स्थित पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। भदैया के मुसहर बस्ती निवासी सोनू (30 वर्ष, पुत्र देशराज) अपनी पत्नी की डिलिवरी के लिए अस्पताल जा रहे थे, तभी पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए मुड़ते समय पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू पेट्रोल टंकी के पास ही क्षणिक मौत के घाट उतर गए। उनके अचानक मौत की खबर सुनकर इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। देहात कोतवाल अखंडदेव ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश के लिए पुलिस टीम तैनात कर दी गई है और मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



हादसे के समय अस्पताल जाते हुए सोनू अपनी पत्नी और आने वाले बच्चे की खुशियों के लिए उत्सुक थे, लेकिन यह हादसा उनके परिवार और पूरे गांव के लिए भारी दर्द लेकर आया। स्थानीय लोग और राहगीर घटना स्थल पर जमा होकर मृतक के प्रति शोक व्यक्त कर रहे थे।

**नाराजगी** पूर्व विधायक भगेलू राम को छोड़ कोई नहीं पहुंचा पार्टी कार्यालय, नेताओं की गैरहाजिरी पर जताई नाराज़गी

# अखिलेश के भरोसे को झटका, बग्गा के अभिनंदन से गायब रहे दिग्गज सपाई

» कार्यकर्ताओं ने जमकर किया स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिले को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सरदार तेजेंद्र सिंह बग्गा को प्रदेश सचिव का पद देकर सम्मानित किया। लेकिन जिले में उनके अभिनंदन समारोह में कद्दावर नेताओं की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बन गई।

प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद पहली बार जिले में पहुंचे तेजेंद्र सिंह बग्गा का पार्टी कार्यालय सहित विभिन्न स्थलों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर बधाई दी और 2027 में अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया।

लेकिन इस पूरे कार्यक्रम में सबसे ज्यादा खटकने वाली बात यह रही कि जिले के बड़े सपाई नेता समारोह से दूरी बनाए रहे। पूर्व विधायक भगेलू राम को छोड़ कोई वरिष्ठ नेता पार्टी कार्यालय पर नहीं दिखा। लंबे अरसे बाद जिले को इतना बड़ा पद मिलने पर जहां कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि तमाम दिग्गज नेता बग्गा के अभिनंदन में शिरकत करेंगे, वहीं उनकी गैरहाजिरी से नाराज़गी भी साफ झलकी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि ऐसे मौकों पर संगठन की ताक़त दिखनी चाहिए, वरना जनता में गलत संदेश जाता है।



फिर भी, पार्टी कार्यालय पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्साह दिखाया और अपने नेता पर भरोसा जताया। नव नियुक्त प्रदेश सचिव ने भरोसा दिलाया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, जिला महासचिव सलाहुद्दीन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व विधायक भगेलू राम, प्रदेश सचिव समाजवादी अधिवक्ता सभा अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट, देवतादीन निषाद, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिकोनिया पार्क में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और प्रदेश सचिव का स्वागत किया गया।

## एक नजर

### रिटायर्ड बैंकर डिजिटल अरेस्ट, 23 करोड़ की ठगी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के गुलमोहर पार्क इलाके में साइबर ठगों ने 78 वर्षीय रिटायर्ड बैंकर को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठगों ने उनके खाते से एक महीने में 23 करोड़ रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि 4 अगस्त को पीड़ित को एक व्यक्ति का कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया और आरोप लगाया कि वह ड्रग तस्करी के मामले में शामिल है। इसके बाद ठगों ने ईडी और सीबीआई के अधिकारियों के रूप में उससे संपर्क किया। ठगों ने बुजुर्ग से कहा कि उसका आधार कार्ड नशीली दवाओं की तस्करी, टेरर फंडिंग और पुलवामा हमले में इस्तेमाल हुआ है। डर के कारण पीड़ित ने उनकी बातों पर भरोसा कर लिया। इसके बाद संपर्क ना करने पर बुजुर्ग को धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके अलग-अलग खातों में 12.11 करोड़ रुपए फ्रीज कर दिए हैं। जांच जारी है।

### दादी को पोता चाहिए, इसलिए पोती को मार डाला

**सिवनी।** नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील के ग्राम बेरखेड़ी में शुक्रवार (19 सितंबर) को हुई 4 महीने की बच्ची की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बच्ची की हत्या उसकी दादी मीनाबाई अशवारे ने की थी। पुलिस ने आरोपी दादी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 27 मई को जन्मी इस बच्ची को लेकर दादी मीनाबाई खुश नहीं थी, क्योंकि उसे पोते की चाहत थी। घटना वाले दिन बच्ची कृतिका आंगन में झूले पर सो रही थी। मां मीरा घर के पीछे बर्तन धो रही थी। इसी दौरान मौका पाकर मीनाबाई ने बच्ची के मुंह में गमछा ठूंस दिया, जिससे उसकी सांसें थम गईं। बच्ची के मरने के बाद मीनाबाई ने शव को पोटली में बांधकर सूखे कुएं में फेंक दिया और बचने के लिए अपने बाड़े की सफाई करने लगी।

### इंजीनियरिंग स्टूडेंट ने हॉस्टल में किया सुसाइड

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारापल्ली में इंजीनियरिंग के फर्स्ट ईयर स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आदिलाबाद के रहने वाले छात्र ने सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें बताया कि पार्टी का बिल देने को लेकर दोस्तों के साथ विवाद हुआ था। स्टूडेंट ने बतया कि उसके दोस्त उसे एक बार में ले गए और उसे शराब पीने और 10 हजार रुपए का बिल चुकाने के लिए मजबूर किया। साथ ही उन लड़कों ने उसका अपमान किया और उसकी पिटाई की। छात्र के पिता की शिकायत पर आरोपियों पर सुसाइड लिए उकसाने, जबरन वसूली और जाति सूचक शब्द बोलने के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दिल्ली सीएम पर हमले के आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सीएम पर हमले के मामले में गिरफ्तार राजेश खिमजी और उसके दोस्त तहसीन सैयद की न्यायिक हिरासत 6 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई के दौरान ये आदेश दिया। राजेश खिमजी ने 20 अगस्त को सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम पर जन सुनवाई के दौरान हमला करने की कोशिश की थी। जांच के दौरान पुलिस ने राजेश के दोस्त तहसीन सैयद को भी गिरफ्तार किया था। अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को होगी।

### नगालैंड में एनएससीएन-के पर बैन 5 साल और बढ़ा

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने सोमवार को नगालैंड में अलग राज्य की अलग मांग करने वाले नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड और इसे जुड़े गुटों पर लगे बैन को 5 साल और बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध 28 सितंबर से प्रभावी होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार एनएससीएन-के से उल्फा (आई) प्रीपाक और पीएलए जैसे अन्य प्रतिबंधित समूह भी इससे जुड़े हैं। इस संगठन पर अपहरण, रंगदारी, फिरौती, विदेशी ताकतों से हथियार और देशी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। सितंबर 2020 से अप्रैल 2025 के बीच इसके खिलाफ 71 मामले दर्ज किए गए, 85 आतंकी गिरफ्तार हुए, 69 ने आत्मसमर्पण किया और 13 मारे गए। नगालैंड, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश की सरकारों ने भी इसे गैरकानूनी घोषित करने की सिफारिश की है। एनएससीएन-के का मुख्य उद्देश्य भारत-म्यांमार क्षेत्र के नगा बाहुल्य इलाकों को मिलाकर एक स्वतंत्र नगालैंड बनाना है, जो भारत से अलग हो।

### उमर खालिद-शरजील इमाम की याचिका पर नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगे की साजिश मामले में बंद उमर खालिद, शरजील इमाम और तीन अन्य की जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और अगली सुनवाई 7 अक्टूबर तय की। इससे पहले 2 सितंबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। हाईकोर्ट ने कहा था कि यह सामान्य प्रदर्शन नहीं बल्कि "पूर्व-नियोजित साजिश" थी। इस मामले में कई एक्टिविस्ट जेल में हैं। दूसरी ओर, मुंबई में मानवाधिकार समूहों ने निष्पक्ष ट्रायल की मांग करते हुए कहा कि पांच साल से बिना सुनवाई जेल में रखना गलत है।

### सांसद की पत्नी डिजिटल अरेस्ट, गंवाए 14 लाख

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चिक्काबल्लापुरा सांसद और पूर्व मंत्री डॉ के सुधाकर की पत्नी डॉ प्रीति सुधाकर डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो गईं। 26 अगस्त को 44 वर्षीय प्रीति को व्हाट्सऐप पर एक वीडियो कॉल आई, जिसमें ठगों ने खुद को मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बताया। धोखेबाजों ने उनके बैंक खाते को अवैध अंतरराष्ट्रीय लेन-देन से जुड़ा होने का दावा किया और इससे छूटने के लिए पैसे मांगे गए। गिरफ्तारी के डर से प्रीति ने अपने एचडीएफसी बैंक खाते से एक अज्ञात यस बैंक खाते में 14 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद शाम में उन्होंने वेस्ट डिवीज़न साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत की। पुलिस ने तुरंत धोखेबाज़ों के खाते को फ्रीज़ करा दिया। 3 सितंबर को 47वीं एसीजेएम कोर्ट ने यस बैंक को फ्रीज़ की गई रकम वापस करने का आदेश दिया। एक हफ्ते के अंदर पूरी रकम उनके खाते में वापस आ गई। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### पोरबंदर के पास मालवाहक जहाज में लगी आग

पोरबंदन। गुजरात के पोरबंदर के ऑल वेदर पोर्ट के पास सोमवार सुबह एक मालवाहक जहाज में भीषण आग लग गई। जहाज 950 टन चावल और 78 टन चीनी लेकर सोमालिया के लिए रवाना होने वाला था। आग लगते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया, जिसके बाद 14 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया।

### मैसूर दशहरा का उद्घाटन करने पहुंची बानू मुश्ताक

**मैसूर।** बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका बानू मुश्ताक ने मैसूर दशहरा का उद्घाटन किया। उन्हें मैसूर जिला प्रशासन ने सीएम सिद्धारमैया की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। इस दौरान बानू ने चांदी के रथ पर बैठी देवी चामुंडेश्वरी को पुष्पांजलि अर्पित करके दशहरा 2025 का उद्घाटन किया।

### अरुणाचल के अपर सियांग में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग में सोमवार सुबह 3.01 बजे 3.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर दर्ज की गई। हालांकि, भूकंप में किसी तरह की जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

### पुणे एयरपोर्ट रिवॉल्वर और कारतूस बरामद

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 63 साल के पैसेंजर के बैग से रिवॉल्वर और पांच कारतूस बरामद किए। घटना 19 सितंबर को हुई थी, जिस की जानकारी 21 सितंबर की शाम सामने आई। पुलिस के मुताबिक चंद्रकांत प्रभाकर बागल पुणे-वाराणसी फ्लाइट में सवार होने वाले था, जब लेवल 2B पर बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान हथियार और कारतूस पाए गए। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के नियमों के अनुसार इस तरह के हथियार और कारतूस की जानकारी देना अनिवार्य है। पुलिस ने बताया कि यात्री के पास महाराष्ट्र में हथियार रखने का लाइसेंस था, लेकिन वह राज्य के बाहर यात्रा कर रहे था। बागल के खिलाफ विमांतल पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है।

# जीएसटी सुधार पीएम का दीपावली का उपहार



गोरखपुर में सोमवार को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म के सम्बन्ध में व्यापारियों से जनसम्पर्क करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

## दाम घटने से बढ़ेगी लोगों की क्रय शक्ति, उल्लास से मनाएंगे पर्व : योगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से देशवासियों को दीपावली का उपहार बताते हुए जीएसटी की घटी दरों को रोजगार बढ़ाने में सहायक बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी कम होने से आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ेगी। क्रय शक्ति बढ़ने से मांग बढ़ेगी। मांग से खपत, खपत से उत्पादन बढ़ेगा और उत्पादन बढ़ने से नया रोजगार सृजन भी होगा।

सोमवार को जीएसटी रिफॉर्म पर जन जागरण पदयात्रा और व्यापारियों से संवाद करने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी की घटी दरें पूरे देश में लागू कर दी गई हैं। जीएसटी में यह अब तक सबसे बड़ा रिफॉर्म है। कई वस्तुओं और सेवाओं में कर की दरों को पांच प्रतिशत या शून्य पर ला दिया गया है। जीवनरक्षक दवाओं को करमुक्त कर दिया गया है जबकि अन्य दवाओं पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि किसानों के लिए जीएसटी पांच प्रतिशत या शून्य कर दी गई है। शिक्षण सामग्री पर कर की दर को बारह से शून्य कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी एक है लेकिन इसके लाभ अनेक हैं। जीएसटी रिफॉर्म अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। क्रय शक्ति बढ़ने से आम ग्राहक उल्लास और उमंग से पर्व-त्योहार मनाएगा। बाजार में मजबूती आने से खपत और उत्पादन बढ़ने का सकारात्मक असर रोजगार पर पड़ेगा। उन्होंने व्यापक जनहित में जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पत्नी की इनकम के सबूत नहीं तो पति को गुजारा भत्ता देना होगा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा हाईकोर्ट ने सोमवार को पत्नी और बेटी को 10 हजार रुपए मेंटेनेंस देने के फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने कहा कि पति ये साबित नहीं कर पाया कि पत्नी के पास परमानेंट इनकम है।

जस्टिस गौरीशंकर सतपथी की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि पति ने ऐसा कोई दस्तावेज या सबूत नहीं दिया जिससे पता चले कि पत्नी कितने मामलों में वकालत कर रही है और कितना कमा रही है। कोर्ट ने कहा कि यदि पत्नी की इनकम के सबूत नहीं हैं, तो यह मानना गलत है कि सभी पढ़ी-लिखी पत्नियां पति के पैसों पर जीना चाहती हैं। उन्हें बेकार वर्ग कहना भी गलत है। हाईकोर्ट ने कहा- सिर्फ शिक्षित होना यह साबित नहीं करता कि महिला जानबूझकर काम नहीं कर रही या पति पर बोझ बनकर रहना चाहती है। जब तक ठोस सबूत न हों तब तक ऐसी सोच रखना गलत है।

### पन्नू का राइटहैंड कनाडा में गिरफ्तार

**ओटावा।** भारत विरोधी खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू का खास पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। खबर है कि कनाडा पुलिस ने उसके सबसे बड़े सहयोगियों में से एक इंदरजीत सिंह गोसाल को गिरफ्तार किया है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हुआ है कि यह गिरफ्तारी किस मामले में हुई है। इससे पहले नवंबर 2024 में भी हिंदू मंदिर में हुई हिंसा से जुड़े केस में गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन बाद में रिहा कर दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोसाल को सिख्स फॉर जस्टिस के फाउंडर गुरपतवंत सिंह पन्नू का राइट हैंड माना जाता है। खबर है कि हरदीप सिंह निज्जर के बाद गोसाल ही कनाडा में एसएफजे के बड़े मोहरे के रूप में काम कर रहा था। निज्जर की जून 2023 में कनाडा के सरी में हत्या कर दी गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगुवाई वाली सरकार ने इस कांड के तार भारत से जोड़ने की कोशिश की थी।

खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि यह गिरफ्तारी नई दिल्ली की तरफ से दी गई कूटनीतिक और खुफिया दबाव के चलते हुई है, जिसकी अगुवाई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल कर रहे थे।

## आतंकी पन्नू की धमकी- दिवाली पर अयोध्या में अंधेरा करूंगा

### पंजाब में रहना है तो दिवाली नहीं मनाएं

**एजेंसी**



**अमृतसर।** खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने धमकी दी कि पंजाब में वही रहेगा, जो दिवाली नहीं मनाएगा और केवल बंदी छोड़ दिवस पर दीपमाला करेगा। इस साल दिवाली पर जब अयोध्या में लाखों दीए जलाए जाएंगे, तो वह वहां अंधेरा करवाएगा।

संगठन के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी करके कहा कि 19 अक्टूबर तक प्रवासी पंजाब छोड़ दें, वरना उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। पन्नू ने अपनी वीडियो में बटाला रेलवे स्टेशन के शॉट्स शेयर किए हैं और दावा किया है कि वहां खालिस्तानी नारे लिखे गए। उसने कहा कि ये नारे स्टेशन के बोर्ड और इलेक्ट्रिसिटी बॉक्स पर लिखे गए हैं। पन्नू ने साथ ही अचलेश्वर धाम मंदिर का भी जिक्र किया।


वीडियो जारी कर पन्नू ने कहा कि पंजाब हिंदुस्तान का हिस्सा नहीं है और 19 अक्टूबर तक सभी प्रवासी और 'हिंदू आतंकवादी' राज्य छोड़ दें। पन्नू ने दावा किया कि दिवाली के दिन अयोध्या में अंधेरा होगा और उसी तरह पंजाब में भी हिंदू आतंकवाद फैलाने वाले लोग नहीं रहेंगे। उसने कहा कि 19 अक्टूबर तक बटाला रेलवे स्टेशन पर छापे लगेंगे और नारे लिखे गए हैं।

पन्नू का दावा है कि डीजीपी गौरव यादव को हिंदू आतंकवादियों का साथ देने के लिए चेतावनी दी और मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार को "तिला-तिला" करने की धमकी दी। पंजाब में सिर्फ वही लोग रहेंगे जो बंदी छोड़ दिवस मनाते हुए दीपमाला करेंगे और उन्होंने राज्य को आजादी दिलाने की बात भी की। अपने संदेश में पन्नू ने कहा कि खासकर वे पंजाबी राज्य छोड़ें, जो हिंदुत्व आतंक फैलाने का काम कर रहे हैं। उसने साफ चेतावनी दी कि अल्टीमेटम न मानने पर गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं।

## नवरात्र में होगा एनडीए में सीटों का बंटवारा

### बोले चिराग पासवान- सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे

**संजय सिंह**



**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन और एनडीए अपनी-अपनी रणनीतियां बनाने में जुटे हैं। महागठबंधन में शामिल दलों के बीच अब तक सीट शेयरिंग को लेकर बात पक्की नहीं हुई है। लेकिन एनडीए में सीट शेयरिंग कब होगी इसके बारे में लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने काफी कुछ स्पष्ट कर दिया है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए में नवरात्र के दौरान सीटों का बंटवारा हो जाएगा। वे सोमवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे में सम्मान के साथ समझौता नहीं होगा।

एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि मैं यह मानता हूं कि अब सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू होगा। शुभ दिनों की शुरुआत है। आज से नवरात्र की शुरुआत है तो मुझे लगता है कि शुभ दिनों में बात होगी और सब अच्छा ही रहेगा। हमारी स्थिति सम्मानजनक ही रहेगी। सम्मान के साथ समझौता कर कौन किस गठबंधन में रहता है।

चिराग पासवान ने 24 सितंबर को पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक को लेकर कहा, 'मुझे पता लगा कि सीडब्ल्यूसी को बिहार, पटना की याद आई। आखिरी बार सीडब्ल्यूसी की बैठक बिहार में कब हुई थी? यह बात मेरी ज्यादा जानकारी में नहीं है। वैसे भी यह कांग्रेस का विषय है। यह कहीं ना कहीं उसी दबाव की राजनीति है जिस दबाव की राजनीति के तहत बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कहते हैं कि हम 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी, तेजस्वी के साथ पूरी बिहार की यात्रा कर लेते हैं लेकिन एक बार भी तेजस्वी के नाम की सहमति कांग्रेस की तरफ से नहीं आई। अब सीडब्ल्यूसी यानि कांग्रेस के जितने बड़े नेता जो कि निर्णय लेते हैं वो सब यहां आएंगे। कहीं ना कहीं दबाव से ज्यादा वर्चस्व की लड़ाई है और कौन भारी है यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिस तरीके से पिछली बार पूरा ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ा गया था कि इतनी सीटें दी गई थीं और इतनी पर ही जीतें तो कहीं ना कहीं यह उसका जवाब है। कांग्रेस में इतनी हिम्मत ही नहीं है। इतनी पुरानी पार्टी है आप एक बार बिहार में अकेले लड़ कर तो देखिए। इसके बावजूद अकेले लड़ने की हिम्मत ना तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस में है और ना ही बिहार की सबसे पुरानी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में है। अकेले चुनाव तो ये लोग लड़ते हैं। ये चिराग पासवान पर निशाना साधते हैं। मैंने कम से कम साल 2020 में अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत तो दिखाई। इनमें से किसी में हिम्मत है तो अकेले चुनाव लड़ कर दिखाएं।

## भारत का सैटेलाइट्स के लिए बॉडीगार्ड सैटेलाइट

### अंतरिक्ष में संदिग्ध गतिविधि भी पता चल सकेगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष में बढ़ते खतरे और दुश्मन देशों की सैटेलाइट गतिविधियों को देखते हुए भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना बना रही है। मोदी सरकार अब ऐसे खास "बॉडीगार्ड सैटेलाइट" बनाने की तैयारी कर रही है, जो अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट की सुरक्षा करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत जवाब देंगे।

ब्लूमबर्ग के सूत्रों के अनुसार, इस तैयारी को तेजी तब मिली जब 2024 के बीच एक पड़ोसी देश का सैटेलाइट इसरो के सैटेलाइट के सिर्फ 1 किलोमीटर पास से गुजरा था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह सैटेलाइट 500-600 किलोमीटर की ऊंचाई पर था और मैपिंग और जमीन की निगरानी जैसे सैन्य काम कर रहा था। हालांकि, दोनों सैटेलाइट्स टक्कर तो नहीं हुई, लेकिन यह घटना जानकारों के अनुसार दूसरे देश की ताकत दिखाने की कोशिश हो सकती है।

सरकार अब स्टार्टअप्स के साथ मिलकर एलआईडीएआर सैटेलाइट और ग्राउंड-बेस्ड रडार जैसे सिस्टम पर काम कर रही है, जिससे खतरों को समय रहते पहचान कर सैटेलाइट को सुरक्षित पोजिशन पर भेजा जा सके।

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने जून में सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार में चेतावनी दी थी कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तेजी से अंतरिक्ष क्षमता बढ़ा रही है और यह भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे। सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी. ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी।

यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी।

7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं।

### भारत आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकता : भागवत

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने अमेरिका के भारत पर बढ़ाए टैरिफ और एच-1बी वीजा फीस पर कहा, 'भारत को इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए जो भी जरूरी हो करना चाहिए, लेकिन हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते।'

उन्होंने कहा- भारत और अन्य देशों के सामने आज जो समस्याएं हैं, वे पिछले 2 हजार सालों से अपनाई गई उस व्यवस्था का नतीजा हैं, जो विकास और सुख की खंडित दृष्टि पर आधारित रही है। इसलिए हमें अपनी राह खुद तय करनी होगी।

उन्होंने कहा कि हम इन हालात से निकलने का रास्ता ढूंढ लेंगे, लेकिन भविष्य में कभी न कभी हमें फिर ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि इस खंडित दृष्टि में हमेशा 'मैं और बाकी दुनिया' या 'हम और वे' की सोच रहती है।

उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए विकास और प्रगति के सनातन दृष्टिकोण का पालन करते हुए अपना रास्ता खुद बनाना शुरू करना होगा। भागवत ने यह बात रविवार को दिल्ली में एक बुक लॉन्च कार्यक्रम में कहीं।

## एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर क्राइम नहीं इसके नतीजे खतरनाक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि व्यभिचार यानि एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर अपने-आप में कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह एक वैवाहिक वजह है जिसे तलाक या वैवाहिक विवाद के मामलों में आधार बनाया जा सकता है।

जस्टिस पुरुषेन्द्र कौरव ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी अपने साथी के प्रेमी पर मुकदमा कर सकता है, और अपनी शादी तोड़ने, आपसी प्रेम को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग भी कर सकता है। यह इसलिए कि इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। याचिका में पत्नी ने पति की प्रेमिका से भावनात्मक नुकसान और साथी की हानि के लिए मुआवजा मांगा है। हालांकि पति और उसकी प्रेमिका को नोटिस जारी किया गया है, ताकि इस बात पर फैसला हो सके कि शादी टूटने की वजह महिला है या नहीं।

यह मामला एक पत्नी की पति की प्रेमिका के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। महिला ने 2012 में शादी की। 2018 में उसके जुड़वां बच्चे हुए, लेकिन समस्या तब शुरू हुई जब 2021 में दूसरी महिला उसके पति के व्यवसाय में शामिल हो गई। उसने आरोप लगाया कि दूसरी महिला उसके पति के साथ यात्राओं पर जाती थी। दोनों बेहद करीब आ गए। परिवार के दखल के बावजूद यह सब जारी रहा। महिला का पति सार्वजनिक स्थलों पर प्रेमिका के साथ दिखाई दिया, बाद में तलाक के लिए अर्जी लगा दी। इसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ हाईकोर्ट में केस किया।

हालांकि पति और उसकी प्रेमिका ने दावा किया कि शादी से जुडे. मामलों की सुनवाई फैमिली कोर्ट में की जानी चाहिए, हाईकोर्ट में नहीं। सुनवाई के दौरान बेंच ने जोसेफ शाइन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। जिसमें कोर्ट ने व्यभिचार को अपराध से मुक्त कर दिया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के लिए लाइसेंस घोषित नहीं किया था।

**आकलन** यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली में रोटी और घर की दीवार में ईंट जोड़ने वाला है फैसला

# नेक्स्ट जेन जीएसटी: बाजार होगा हेल्दी, भारत होगा समृद्ध

**प्रणय विक्रम सिंह**

नवरात्रि का पर्व केवल देवी-पूजन का समय नहीं है। यह अवसर है जब हम शक्ति से समृद्धि की ओर बढ़ते हैं। इस बार देशवासियों को एक और प्रसन्नता मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पावन मौके पर नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार और जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की। यह केवल कोई कर सुधार नहीं, बल्कि आम आदमी की थाली में रोटी और घर की दीवार में ईंट जोड़ने वाला फैसला है। इन सुधारों से लोगों की जेब में सीधी बचत होगी। आयकर छूट और जीएसटी में कमी, दोनों मिलकर ढाई लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राहत देंगे।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 15 अगस्त को लाल किले से उन्होंने इस सुधार का संकेत दिया था और सिर्फ अठारह दिन में जीएसटी काउंसिल ने इसे लागू कर दिखाया। आजादी के बाद इतनी जल्दी और इतना बड़ा कदम उठना साधारण बात नहीं। देश का व्यापारी और उपभोक्ता सालों तक करों की भूलभुलैया में फंसा रहा। कहीं ऑक्टोई, कहीं एंट्री टैक्स, कहीं सेल्स टैक्स, एक ही माल को पहुंचाने में कई-कई जगह कर चुकाने पड़ते थे। बेंगलुरु से हैदराबाद माल भेजना यूरोप होते हुए भेजने से भी कठिन था। 2017 में 'एक राष्ट्र-एक कर' का सपना पूरा हुआ। लेकिन अब 2025 का यह सुधार उस सपने को और सरल बना रहा है।



पहले पांच स्लैब थे, अब केवल दो रहेंगे 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। रोजमर्रा की वस्तुएं या तो कर-मुक्त हो गई हैं या पांच प्रतिशत पर आ गई हैं। सीमेंट और लोहा जो पहले अट्ठाईस प्रतिशत पर थे, अब अठारह पर हैं। ट्रैक्टर और उसके पुर्जे पांच प्रतिशत पर आ गए हैं। बच्चों की किताबें और बीमा पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। सीधे-सीधे मतलब यह है कि घर बनाना सस्ता होगा, खेती करना सस्ता होगा, पढ़ाई और इलाज आसान होंगे।

इससे केवल बचत ही नहीं होगी, भरोसा भी बढ़ेगा। दुकानदार अब बोर्ड लगाकर बता रहे हैं ₹पहले इतनी कीमत, अब इतनी।₹ उपभोक्ता मुस्कराता है और व्यापारी निश्चिंत होता है कि कर का जाल आसान हो गया। यह सुधार दोनों के बीच नई आस्था पैदा कर रहा है। इस आस्था से बाजार अब स्वस्थ होगा। लोग ज्यादा खरीदेंगे, रोजगार बढ़ेगा, दुकानों पर रौनक लौटेगी और त्योहारों का उत्साह दोगुना होगा। इससे केवल जेब नहीं भरेंगे, बल्कि मन भी तृप्त होंगे।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अब हर भारतीय गर्व से कहे ₹मैं स्वदेशी खरीदता हूँ, मैं स्वदेशी बेचता हूं।₹ स्वदेशी का यह मंत्र आज की ज़रूरत है। जब हर घर स्वदेशी का प्रतीक बनेगा और हर बाज़ार भारत का ब्रांड बनेगा, तब आत्मनिर्भर भारत का सपना सच होगा। सबसे बड़ा लाभ छोटे-छोटे उद्योगों को मिलेगा। कम कर और आसान नियमों से उनका बोझ घटेगा, बिक्री बढ़ेगी और लाखों-करोड़ों लोगों को रोज़गार मिलेगा। यही उद्योग हमारी रीढ़ हैं। यही गांवों को संबल देंगे और यही भारत की पहचान फिर से दुनिया में चमकाएंगे।

यह सुधार केवल आंकड़ों का खेल नहीं है। यह उस किसान की उम्मीद है जो सस्ता ट्रैक्टर चाहता है। यह उस मजदूर की राहत है जो ईंट-सीमेंट खरीदकर छत ढालना चाहता है। यह उस मां की सुरक्षा है जो बीमा से निश्चिंत होना चाहती है। और यह उस छात्र की ताकत है जिसे अब किताबें कर-मुक्त मिलेंगी। नवरात्रि से लेकर दीपावली तक यह कदम देशवासियों के लिए उपहारों की श्रृंखला है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com